CMYK


खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम :20°C

नई दिल्ली, बुधवार 3 जून 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 55 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 16 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




महबूबा ने की जम्मू-कश्मीर पर संवाद के लिए साझा प्रतिनिधिमंडल भेजने की अपील पेज 2



आरसीबी की जीत के बाद वृंदावन पहुंचे विराट-अनुष्का खेल टाइम्स



टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था सम्पादकीय



लेबनान पर इजरायली हमले से ट्रम्प नाराज, नेतन्याहू को फटकार लगाई पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों ने ली पद की शपथ

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में नियुक्त किए गए पांच नए न्यायाधीशों ने मंगलवार को पद की शपथ ले ली। इसके साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने उच्चतम न्यायालय के ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति श्रीचंद्रशेखर, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति अरुण पल्ली के साथ-साथ वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहना को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा पिछले महीने की गई सिफारिशों के बाद केंद्र सरकार ने सोमवार को नियुक्तियों की अधिसूचना जारी की थी।

### कर्नाटक में मंत्री पदों को दौड़ हुई तेज, 40 MLA पहुंचे दिल्ली

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कर्नाटक मंत्रिमंडल में महज उपलब्ध दस मंत्री पदों की होड़ में शामिल कांग्रेस के चालीस विधायकों ने नई दिल्ली को राज्य की राजनीति का मुख्य केंद्र बना दिया है। इस कारण बुधवार को मनोनीत मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले लॉबिंग और उच्च स्तरीय विचार-विमर्श का दौर तेज हो गया है। कांग्रेस आलाकमान की ओर से मंत्रिमंडल के गठन को अंतिम रूप दिया जाना हालांकि अभी बाकी है। ऐसे में 40 से अधिक विधायक नई सरकार में शामिल होने का दावा ठोंकने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में डेरा डाले हुए हैं। दावेदारों की इस भारी भीड़ ने मंत्रिमंडल गठन की कवायद को पेचीदा बना दिया है।

### NHRC ने 53 गर्भवती महिलाओं की मौत का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश के सिंधी जिले में चिकित्सा सुविधाओं और जागरूकता के अभाव के कारण एक वर्ष के भीतर 53 गर्भवती महिलाओं की मौत होने की खबर का स्वत: संज्ञान लिया है। एनएचआरसी ने मंगलवार को बताया कि आयोग ने मामले को मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन से जुड़ा बताते हुए मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच सिंधी जिले में प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद कुल 53 महिलाओं की मौत हुई।

### प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर योजना के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर (पीएमआरसी) योजना 2026 के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पीएमआरसी केंद्र सरकार की एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य दुनिया भर में कार्यरत भारतीय मूल के उत्कृष्ट शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को भारत के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों से जोड़ना है।



नई दिल्ली: आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर सऊदी अरब से लौटने वाली पहली उड़ान से आए एक हज यात्री का अभिवादन करते केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजु।

## वेदांता समूह के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ फेमा के उल्लंघन का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों के कथित उल्लंघन के मामले में मंगलवार को अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता समूह के परिसरों पर छापेमारी की।

यह छापेमारी वेदांता द्वारा अपनी मुख्य कंपनी वेदांता रिसोर्सेज को किए गए रॉयल्टी भुगतान की जांच के सिलसिले में समूह के मुंबई और दिल्ली स्थित कार्यालयों पर की जा रही है। इस मामले पर वेदांता के प्रवक्ता ने कहा कि हम अधिकारियों को पूरा सहयोग दे रहे हैं और मांगी गई सभी जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। कंपनी सभी लागू कानूनों और नियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। चूंकि यह मामला अभी नियामक प्रक्रिया के अधीन है, इसलिए हम इस स्तर पर आगे कोई टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब कंपनी अपने कारोबार को चार नई सूचीबद्ध कंपनियों में बांटने (डीमर्जर) की प्रक्रिया में जुटी है। कंपनी को इस बंटवारे की प्रक्रिया के लिए विभिन्न विनियामक मंजूरियां भी मिल चुकी हैं। प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी की रिपोर्टों के बाद वेदांता के शेयरों पर बिकवाली का दबाव देखा गया और वे घाटे में चले गए।

### सलीम डोला के ड्रग तस्करी नेटवर्क की जांच के सिलसिले में चार शहरों में छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने सलीम इस्माइल डोला और उसके सहयोगियों द्वारा कथित रूप से संचालित अंतर्राष्ट्रीय संगठित नशीले पदार्थ तस्करी गिरोह के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत जारी जांच के सिलसिले में मुंबई, सूरत, अंकलेश्वर और राजकोट में 20 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

## ओएसएम विवाद के बाद सरकार का एक्शन

# CBSE चेयरमैन और सचिव का किया तबादला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीबीएसई से जुड़े मामलों में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को चेयरमैन व सीनियर ब्यूरोक्रेट वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्तकिया गया है। इसके साथ ही सीबीएसई द्वारा ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सेवाओं की खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है। सूत्रों के अनुसार यह जांच समिति ओएसएम सेवाओं की खरीद, टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करेगी।

जारी आदेश के अनुसार इस जांच समिति की अध्यक्षता कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान करेंगी। समिति को सीबीएसई द्वारा ओएसएम सिस्टम के लिए सेवाओं की खरीद से जुड़े सभी मामलों की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि समिति की अध्यक्ष एस. राधा चौहान आवश्यकता पड़ने पर अन्य विभागों और कार्यालयों के अधिकारियों की सहायता भी ले सकेंगी। वहीं समिति को सचिवीय सहायता कैपेसिटी बिल्डिंग कमेटी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने जांच समिति को अपनी रिपोर्ट एक महीने के भीतर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को सौंपने के निर्देश दिए हैं।



**ओएसएम खरीद प्रक्रिया की होगी जांच, लोखंडे प्रशांत सीताराम को चेयरमैन और वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्त किया**

### सीबीएसई: री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर बड़ा साइबर हमला

**दो मिनट में आए 15 लाख हिट, अब तक 16 हजार छात्रों ने भरा फॉर्म**

**नई दिल्ली।** सीबीएसई के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर मंगलवार को भारी ट्रैफिक के बीच साइबर अटैक की कोशिश की गई। बोर्ड के अनुसार कुछ दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने पोर्टल की सेवाओं को बाधित करने के लिए लगातार साइबर हमले किए। इसके बावजूद हजारों छात्रों ने सफलतापूर्वक अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी की। सीबीएसई ने जानकारी दी कि फिलहाल री-इवैल्यूएशन पोर्टल एक समय में 8,000 से अधिक रीयल टाइम यूजर्स को सपोर्ट कर रहा है। मंगलवार दोपहर 3 बजे तक 16,000 से ज्यादा छात्र सफलतापूर्वक अपने आवेदन जमा कर चुके थे। बोर्ड के अनुसार हाल ही में पोर्टल पर डिनायल ऑफ सर्विस (डीओएस) अटैक की कोशिश की गई। इस दौरान महज 2 मिनट के भीतर पोर्टल पर करीब 15 लाख हिट दर्ज किए गए।

## सलमान खान ने 'काला हिरण' के निर्माताओं को भेजा कानूनी नोटिस



■ आरोप लगाया: फिल्म से उनके व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने 'काला हिरण' फिल्म के निर्माताओं को एक कानूनी नोटिस भेजा है।

बताया जा रहा है कि यह फिल्म 1998 के काले हिरण (ब्लैक बक) के शिकार के मामले से प्रेरित है। सलमान खान ने आरोप लगाया है कि इस फिल्म से उनके व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ है और उन्होंने फिल्म की रिलीज और इसके प्रचार-प्रसार से जुड़ी सभी गतिविधियों को रोकने की मांग की है। सलमान खान के कानूनी प्रतिनिधियों ने फिल्म के कास्टिंग निदेशक अक्षय पांडे को जारी किए गए नोटिस में यह तर्क दिया गया है कि यह प्रोजेक्ट काले हिरण मामले से जुड़ी चल रही न्यायिक कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है और अभिनेता की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचा सकता है। नोटिस के अनुसार, ब्लैक बक मामला अभी भी राजस्थान उच्च न्यायालय में लंबित है। इस मामले का कोई भी नाटकीय या सनसनीखेज चित्रण सलमान खान के खिलाफ पूर्वाग्रह पैदा कर सकता है और निष्पक्ष सुनवाई के उनके अधिकार को कमजोर कर सकता है। कानूनी टीम ने तर्क दिया है कि फिल्म की सामग्री, विचाराधीन मामले के बारे में जनता की राय को प्रभावित करके, न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर सकती है। नोटिस में कहा गया है कि खान के प्रतिनिधियों को इस फिल्म के बारे में तब पता चला, जब ऐसी खबरें आईं कि फिल्म निर्माता अभिनेताओं से संपर्क कर रहे हैं और प्रचार सामग्री बांट रहे हैं। इस सामग्री में फिल्म की कहानी और किरदारों के रेखाचित्र शामिल थे, जिनमें कथित तौर पर अभिनेता और 'ब्लैक बक मामले' का जिक्र किया गया था। सलमान खान की कानूनी टीम ने यह साफ किया है कि उन्होंने फिल्म के लिए अपने नाम, व्यक्तित्व, शक्ल या उनसे जुड़ी किसी भी घटना के इस्तेमाल की न तो इजाजत दी है और न ही सहमति दी है। वहीं, फिल्म निर्माता अमित जानी ने इस लीगल नोटिस को जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताया है और इस बात से इन्कार किया है कि 'काला हिरण: द बैटल फॉर लीगेसी' सलमान खान पर बनी कोई बायोपिक फिल्म है। श्री जानी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह फिल्म किसी अभिनेता पर केंद्रित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक कहानी है, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध घटनाओं और वन्यजीव संरक्षण के प्रति बिश्नोई समुदाय की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता पर आधारित है। फिल्म निर्माताओं ने अभी तक यह संकेत नहीं दिया है कि नोटिस मिलने के बाद वे इस प्रोजेक्ट में कोई बदलाव करेंगे या नहीं।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जगह बादल फटे

■ राजस्थान-एमपी में आंधी-बारिश से पांच लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के गहन सरथल और माछीपाल इलाके में मंगलवार को बादल फटे हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, हालात का जायजा लेने के लिए प्रशासन की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून 4 जून को केरलम के तट पर पहुंच सकता है। पहले 26 मई को केरलम पहुंचने का अनुमान था। मानसून आमतौर पर एक जून के आसपास केरलम पहुंचता है और अगले डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर करता है। 23 राज्यों में जून की शुरुआत के साथ गर्मी से राहत मिली है।

## सुवेंदु सरकार के खिलाफ ममता का धरना

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** में तृणमूल कांग्रेस इस करारी हार के बाद चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। दोनों दलों के आक्रामक तेवरों के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध-प्रदर्शन का ऐलान किया।

टीएमसी की तरफ से हुए इस हल्लाबोल के बीच भाजपा ने सोनारपुर में हुई मारपीट और हिंसा के मामले में तृणमूल को घेरा है। सीएम ममता ने कहा कि भाजपा ने 294 में से 177 विधानसभा सीटों पर मतगणना में धांधली की। पुलिस ने धरने की अनुमति नहीं दी, फिर भी प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा।



■ टीएमसी प्रमुख बोलीं: भाजपा ने 177 सीटों पर की धांधली, कार्यकर्ताओं को रोक रही पुलिस

## नेपाल से सीमा विवाद में तीसरे पक्ष का रोल बर्दाश्त नहीं: भारत

■ दोनों देशों के बीच करीब 98 प्रतिशत सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका

■ कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी: जायसवाल

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत-नेपाल सीमा से जुड़े नेपाली पीएम बालेन शाह के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच करीब 98 प्रतिशत सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है, लेकिन कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी है।

उन्होंने बताया कि गंडक नदी का रास्ता बदलने की वजह से कुछ इलाकों में सीमा से जुड़े सवाल पैदा हुए हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर सीमा पार कब्जे और नो-मैन्स लैंड पर अतिक्रमण के मामले भी हैं, जिनकी दोनों देश मिलकर मैपिंग कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सीमा से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा और समाधान के लिए भारत और नेपाल के बीच पहले से द्विपक्षीय तंत्र मौजूद हैं। भारत-नेपाल सीमा का मामला दोनों देशों के बीच का विषय है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। दरअसल नेपाली पीएम बालेन शाह ने हाल ही में नेपाल की संसद में कहा था कि सीमा विवाद से जुड़े मुद्दे बातचीत से सुलझाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि इस मामले में ब्रिटेन की भूमिका हो सकती है, क्योंकि 1816 की सुगौली की संधि ब्रिटिश भारत और नेपाल के बीच हुई थी।

### विदेशियों के लिए भारत में रहने के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विदेशी नागरिकों के भारत में रहने के नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स (संशोधन) नियम, 2026 की अधिसूचना जारी करके रजिस्ट्रेशन और अपील से जुड़े नियमों में बदलाव की जानकारी दी। नए नियमों के मुताबिक विदेशी नागरिक अब भारत में उसके रहने के 180 दिन पूरे होने से पहले कभी भी रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। साथ ही ऑनलाइन अपील का ऑप्शन भी कर सकेंगे।

## मैं सुष्मिता के खर्च पर पलने वाला बॉयफ्रेंड था: ललित मोदी

■ आईपीएल के पूर्व बॉस ललित मोदी ने किया खुलासा

■ एक्ट्रेस संग ब्रेकअप की वजह भी बताई



**नई दिल्ली।** 2022 में जब बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन और आईपीएल के पूर्व बॉस ललित मोदी के अफेयर की खबरें आईं, तो दुनिया ने सुष्मिता को न जाने कितने गंदे ताने दिए थे, लेकिन मंगलवार को एंटरटेनमेंट की दुनिया से एक ऐसी खबर आई है जिसने हर किसी को चौंका दिया है।

खुद ललित मोदी ने इस राज पर से ऐसा पर्दा उठाया है कि ट्रोलर्स के मुंह पर ताला लग गया है। ललित मोदी ने साफ कह दिया है कि भाई साहब, सुष्मिता मेरे पैसों पर नहीं पल रही थीं, बल्कि कहानी तो एकदम उल्टी थी। ललित मोदी ने ये भी खुलासा किया कि वे एक्ट्रेस के खर्चे पर पलने वाले बायफ्रेंड थे। दरअसल ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ हाल ही में हुई बातचीत में ललित मोदी ने सुष्मिता को अपनी लाइफ के सबसे जरूरी लोगों में से एक बताया और खुलासा किया कि उनके ब्रेकअप में दूरी ने अहम भूमिका निभाई थी। लंदन में रहने वाले इस कारोबारी के अनुसार, दोनों के बीच कोई ड्रामैटिक ब्रेकअप नहीं हुआ था। बल्कि, धीरे-धीरे दोनों की जिंदगी अलग-अलग डायरेक्शन में आगे बढ़ गई थी, सुष्मिता भारत में बस गईं और वह लंदन में रहने लगे थे। अपने रिश्ते को याद करते हुए उन्होंने कहा कि सुष्मिता मेरे लिए बहुत खास थीं। उन्होंने मुझे कई मायनों में मैच्योर होने में मदद की और वह बेहद खास थीं, उस समय वह मेरी लाइफ का एक अहम हिस्सा थीं और आगे भी होतीं, बस दूरियां हमारे लिए बहुत ज्यादा थीं। उनका करियर भारत में था, और मेरी लाइफ लंदन में। लेकिन हमारा रिश्ता बहुत ही खास था और उनकी प्यारी यादें मेरे दिल में बसी हैं। वह आज भी मेरी बहुत प्यारी दोस्त हैं। मैं उनके लिए शुभकामनाएं देता हूं। वह एक वंडरफुल महिला हैं और उन्होंने रेने और अलीशा नाम की दो बेटियों के लिए जो कुछ किया है, वह वाकई सराहनीय है। वह एक बहुत ही खास महिला हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके माता-पिता बहुत खास हैं, और एक सिंगल मदर होने के बावजूद उन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जून के बिजली बिल में 10 प्रतिशत सरचार्ज पर रोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। जून महीने के बिजली बिलों पर प्रस्तावित 10 फीसदी फ्यूल सरचार्ज पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। विद्युत नियामक आयोग ने इस मामले में यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कुछ दिन पहले यूपीपीसीएल ने जून के बिजली बिलों में 10 फीसदी फ्यूल सरचार्ज लगाने का ऐलान किया था। हालांकि आयोग का कहना है कि ये सरचार्ज नियमों के अनुरूप नहीं है। इस फैसले से प्रदेश के करीब 3 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और जून के बिलों में अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

### 2027 में भी साथ होगी राहुल और अखिलेश की जोड़ी!

**लखनऊ।** यूपी में 2027 विधानसभा चुनावों के लिए सपा और कांग्रेस के बीच संभावित गठबंधन पर मंथन जारी है। माना जा रहा है कि सपा कांग्रेस को 70-75 सीटें दे सकती है। इसके लिए एक सर्वे कराया जा रहा है, जिसकी निगरानी अखिलेश यादव खुद कर रहे हैं। हालांकि सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों में आंतरिक मतभेद भी सामने आ रहे हैं। डील फाइनल करने से पहले सपा ने अपनी पार्टी में रिटायर्ड आईएएस आलोक रंजन को सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक आलोक रंजन ने अपनी सर्वे रिपोर्ट सपा सुप्रीमो को सौंप भी दी है। इसमें उन्होंने गठबंधन के तहत कांग्रेस को 70 से 75 सीटें देने का सुझाव दिया है। सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए जो फार्मूला तय किया है, उसके लिए सबसे पहले संभावित उम्मीदवारों की जमीनी पकड़ मजबूत होने की बात कही गई है।

# यूपी में पांच दिन फिर बारिश का अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। पिछले दिनों सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश में आंधी पानी और ओले गिरने का सिलसिला कम होगा। प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में आज और आने वाले 5-6 दिनों तक कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश और तेज रफ्तार हवा चल सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम ड्राई रहेगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी दो-तीन दिन बाद कुछ स्थान पर गरज चमक के साथ बारिश और आंधी चलने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर अतुल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आंधी और बारिश की तीव्रता में आने वाले दिनों में कमी आएगी, जिसकी वजह से अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना



■ बारिश में भीग गए नौतपा, फर्रुखाबाद सबसे गर्म जिला रहा, गरज चमक के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी, तापमान में होगी गिरावट

है। बीच-बीच में बादलों की आवाजाही और कुछ इलाकों में हल्की बारिश के कारण 6-7 दिनों तक हीट वेव कंडीशन से प्रदेशवासियों को राहत मिली रहेगी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश संभल जिले में 34.7 मिली मीटर रिकॉर्ड की गई, इसके अलावा मुरादाबाद में 19.2 मिलीमीटर, बुलंदशहर 10.8 मिलीमीटर, इटावा 8. 8 मिलीमीटर, अमरोहा 7.8 मिमी, लखनऊ 7.4 मिमी, कन्नौज 7.4 मिलीमीटर, हरदोई 10.01 मिमी, बलिया 9.6 मिमी रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बादलों की आवाजाही रहेगी, कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। सोमवार को उत्तर प्रदेश का फर्रुखाबाद सबसे गर्म जिला रहा, यहां पर अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस अधिाक है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान हरदोई जिले में 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस कम है।

# खिलाड़ी की हत्या के दोषियों पर हो कार्रवाई

## मायावती-अखिलेश ने सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की चर्चित राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल मर्डर केस को लेकर बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

बसपा चीफ मायावती ने इस मामले को लेकर अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर इसे अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताया.।वहीं यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश ने इस मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ को घेरा। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि यह वारदात समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने इस मामले के सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। मायावती ने लिखा, यूपी के जिला मेरठ की सरधना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिरोड़ी की लगभग 17 वर्षीय बेटी एंव राष्ट्रीय



■ कबड्डी खिलाड़ी की हत्या समाज को झकझोर देने वाली है: बसपा

कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की बदमाशों द्वारा की गई हत्या की खबर अत्यंत दुखद एंव चिंताजनक है। सरकार इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करे, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके तथा भविष्य में ऐसी घटना की पुन. रावृति न हो। वहीं कन्नौज सांसद ने



■ उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ठप, रोज हो रही हैं हत्याएं: सपा

लिखा कि पश्चिमी उप्र में एशियन गेम्स में चयनित पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या, सूर्या चौहान और एक दूध व्यापारी की हत्या, उप्र की कानून व्यवस्था के ठप होने का प्रतीक है। गृह नामक कोई मंत्रालय यूपी में है क्या या अपराधियों के दुस्साहस को देखकर अंडरग्राउंड हो गया है।

# जम्मू-कश्मीर पर संवाद के लिए साझा शिष्ट मंडल भेजा जाए

**श्रीनगर, वार्ता**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर में शांति और नए सिरे से संवाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पक्षों से एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संपर्क साधने का आह्वान किया है।

सुश्री महबूबा ने एक जून को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, भाजपा नेता एवं विपक्ष के नेता सुनील शर्मा, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और कई अन्य राजनीतिक और नागरिक समाज के नेताओं को संबोधित अलग-अलग पत्रों में कहा कि जम्मू-कश्मीर खुद को एक बार फिर इतिहास के उस चौराहे पर खड़ा पा रहा है, जहां निराशा और मोहभंग की व्यापक भावना ने राज्य को जकड़ लिया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर पर निरंतर संवाद फिर से शुरू करने के लिए



मोदी और गृह मंत्री शाह के पास एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल भेजने की वकालत की। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं, शिकायतों और चिंताओं को राष्ट्रीय स्तर पर व्यक्त करने के लिए एक सामूहिक एवं समन्वित आवाज की आवश्यकता है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने कहा कि लेह सर्वोच्च निकाय और कारगिल लोकतांत्रिक गठबंधन द्वारा केंद्र के साथ हाल ही में प्राप्त की गई सफलताएं एक महत्वपूर्ण सबक देती हैं कि केवल संवाद से ही सार्थक परिणाम प्राप्त किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री का ऐलान, फाजिलनगर का नाम पावागढ़ होगा

# यूपी में माफिया-मच्छर दोनों खत्म: सीएम योगी

**लखनऊ, वार्ता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर में समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुए पिछली सरकारों की सत्ता को जंगल राज बताया और कहा कि पहले यहां न बिजली थी और न पानी। हमने मच्छर और माफिया दोनों को खत्म किया। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने यूपी की तस्वीर बदली। इस दौरान उन्होंने फाजिलनगर का नाम भगवान महावीर के नाम पर होगा।

उन्होंने कहा कि पहले यूपी में जंगल पार्टी का आंतक था। कुशीनगर में 9 साल पहले भूख से मौत होती थी। पिछली सरकारों के पाप से गरीब भूख से मर रहा था। आम जनता माफिया से परेशान थी। यूपी के अंदर कोई सुविधा नहीं थी। बाहर पहचान का संकट था। सीएम



■ समाजवादी पार्टी पर बोला जमकर हमला, मच्छर बीमारी लाता है, तो माफिया बेरोजगारी

योगी ने कहा कि फाजिलनगर का नाम बदला जाएगा, इसका का नाम पावागढ़ होगा। हम फाजिल क्यों कहें? सीएम ने कहा कि मच्छर बीमारी लाता था और माफिया बेरोजगारी। बीमारी और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करके आज उत्तर प्रदेश में जब कोई नौकरी निकलती है, तो उसमें हमारे कुशीनगर के नौजवान भी नियुक्ति पत्र प्राप्त करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने यूपी की तस्वीर बदली। उन्होंने कहा कि हर सरकार का अपना एक विजन होता है। 2022 से पहले कोई भी विकास के बारे में नहीं सोचता था। यहां तमकुही राज को महज मजाक का पात्र बनाकर रख दिया गया था। मगर आज मैं यह कह सकता हूं कि तमकुही राज के अंतर्गत स्थानीय विधायक पूरी लगन से काम करते हैं, विभिन्न योजनाएं लेकर आते हैं और सांसद भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाते हैं। विधायक और सांसद मिलकर काम करते हैं, ताकि आपकी मांगों को जमीनी हकीकत में बदला जा सके। इसके अलावा हमने अब फाजिलनगर का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा है। अब इसे फाजिलनगर के नाम से नहीं जाना जाएगा, बल्कि हम इसे भगवान महावीर को श्रद्धांजलि के रूप में 'पावागढ़' के तौर पर एक नई पहचान देने जा रहे हैं।

### हर जरूरतमंद को मिले कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि आवास से लेकर इलाज तक, बिटिया की पघई, विवाह से लेकर निराश्रित, बुजुर्ग के पेंशन तक समाज के हर जरूरतमंद के लिए सरकार की अनेक योजनाएं हैं। सभी पात्र लोगों से आवेदन कराकर इन योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74649.84
निफ्टी 23483.55



सोना 156000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 266000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में भारी उतार चढ़ाव के बाद मुखय सूचकांक बढ़त में रहे

**मुंबई, वार्ता**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को भारी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों को निवेशकों के समर्थन से प्रमुख सूचकांक में तेजी दर्ज की गयी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का संसेक्स 382.50 अंक (0.52 प्रतिशत) चढ़ कर 74,649.84 पर और एनएसई निफ्टी-50 100.95 अंक (0.43 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 23,483.55 पर रहा।

बीएसई का 30 संसेक्स सुबह बड़ी गिरावट के साथ 73,945.20 पर खुला और कारोबार के दौरान ऊपर में 74,862.19 तथा नीचे में 73,815.12 तक गिरने के बाद अंत में 74,649.84 पर बंद हुआ। जबकि कल सेंसेक्स 74,267.34 पर बंद हुआ था। संसेक्स के 30 में से 20 शेयर लाभ में और दस गिरावट में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में आईटी कंपनी टीसीएस 6.53 प्रतिशत, इन्फोसिस 5.66 प्रतिशत, एचसीएल टेक 4.08 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.75 प्रतिशत और अडानी पोर्ट का शेयर 1.75 प्रतिशत लाभ में रहा। टाइटन, ट्रेन्ट, आईटीसी,



इटरनल और एशियन पेंट्स में भी एक प्रतिशत से अधिक तक की बढ़त दर्ज की गई। एसबीआई, इंडिगो, बीईएल और टाटा स्टील भी मुनाफे में बंद हुए। इसके विपरीत एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस जैसे शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। पहले सत्र की गिरावट के बाद बाजार ने सत्र के दूसरे भाग में तेजी से वापसी की। विश्लेषकों के अनुसार यह वापसी मुख्य रूप से शॉर्ट कवरिंग और आईटी शेयरों में मजबूत खरीदारी की दिलचस्पी के कारण हुई। बजाज ब्रोकिंग के अनुसार हालांकि दुनिया के विभिन्न इलाकों में भू.राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों का रुख अभी भी सतर्क बना हुआ है।

# चांदी और सोना की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 760 रुपए बढ़कर 1.56 लाख रुपए हो गया है। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 2,950 रुपए बढ़कर 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.56 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

# नैनीताल की झीलों-तालाबों पर अवैध कब्जों की अब खैर नहीं

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड की सरोवर नगरी नैनीताल और आसपास की झीलों, तालाबों और प्राकृतिक जल स्रोतों को अतिक्रमण और प्रदूषण से बचाने के लिए अब बड़े स्तर पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की प्रधान पीठ नई दिल्ली के सदस्य एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. अफरोज अहमद ने नैनीताल क्लब में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों की गहन समीक्षा की। बैठक में कचरा प्रबंधन, सीवेज निस्तारण, जल प्रदूषण, झीलों और नदियों के संरक्षण, अवैध खनन नियंत्रण तथा पौधारोपण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान डॉ. अफरोज अहमद ने स्पष्ट किया कि जिले में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने



कहा कि भले ही कचरा प्रबंधन की दिशा में कार्य अपेक्षाकृत देर से शुरू हुआ हो, लेकिन अब इसमें तेजी लाई जा रही है। आने वाले समय में नैनीताल जिले को हजीरो वेस्ट मैनेजमेंटह्व मॉडल की ओर ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे पर्यावरणीय चुनौतियों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि झीलों और नदियों की सुरक्षा केवल जल संरक्षण का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण से जुड़ा हुआ है। इसके लिए प्राकृतिक ड्रेनों, जल निकासी मार्गों और जल स्रोतों को संरक्षित रखना बेहद आवश्यक है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हमीरपुर सेतु दुर्घटना के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: डीएम

**हमीरपुर।** हमीरपुर सेतु दुर्घटना की जांच के लिए दो उच्चस्तरीय समितियां गठित कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बेतवा नदी पर निर्माणाधीन सेतु के सेगमेंटल स्पान पी-5 से पी-6 गिरने की घटना को लेकर के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा दो अलग-अलग उच्चस्तरीय जांच समितियों का गठन किया गया है। दोनों समितियों ने घटना की व्यापक जांच शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने बताया कि इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति घटना से संबंधित सभी प्रशासनिक, तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की गहन जांच कर रही है। इसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे)

■ जांच के लिए उच्चस्तरीय समितियां गठित

कर रहे हैं। समिति के सदस्यों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण एवं साक्ष्य संकलन का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त दुर्घटना के संबंध में थाना कुरारा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) एवं धारा 125(ए) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। प्रकरण की विवेचना प्रचलित है, जांच के दौरान मिले तथ्यों, साक्ष्यों और दोनों जांच समितियों की ओर से प्रस्तुत की जाने वाली आख्या के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई तय की जाएगी। घटना के लिए उत्तरदायी पाए जाने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित परिवारों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं से भी आच्छादित किया जा रहा है। दो पात्र परिवारों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। दिवंगत राजेश पाल की पत्नी अनीता एवं पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना दी गई है, वहीं दिवंगत पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा स्वर्गीय राजेश पाल की पत्नी अनीता को निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने बताया कि दिवंगत राजेश पाल की दो पुत्रियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा, जिसके तहत दोनों बालिकाओं को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक प्रतिमाह 2500 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# एसबीआई शाखा प्रबंधक रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, वार्ता**



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने झारखंड के डुमरिया में तैनात एसबीआई के एक शाखा प्रबंधक को रिश्वतखोरी मामले में गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने मंगलवार को यहां बताया कि 31 मई को इस आरोप में मामला दर्ज किया गया कि आरोपी रोहित कुमार सिंह ने शिकायतकर्ता की दिवंगत मां से संबंधित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दो लाख रुपये के दावे का निपटान करने के लिए 60,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी ने कथित रूप से शिकायतकर्ता की मां के बैंक खाते को शिकायतकर्ता के नाम पर स्थानांतरित करने के बाद 35,000 रुपये की निकासी पर लगी रोक को हटाने के लिए अतिरिक्त 17,000 रुपये की भी मांग की थी। शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को शिकायतकर्ता से 77,000 रुपये की रिश्वत मांगते और लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरा. पी के कार्यालय एवं आवासीय परिसर में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार शाखा प्रबंधक को आज धनबाद की सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

# पश्चिम एशिया संकट और तेल कीमतों पर मोदी की खामोशी अनुचित: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने पश्चिम एशिया में तनाव और ईरान-अमेरिका वार्ता का भारत पर पड़ने वाले प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा है कि इसमें भारत का बहुत कुछ दाव पर लगा हुआ है और ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी को उचित नहीं कहा जा सकता है।

पार्टी का कहना है कि यदि वार्ता सफल होती है, तो होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल सकता है और वैश्विक तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, जिसका सीधा लाभ भारत को मिलेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति को समाप्त करने के लिए बात. चीत चल रही है, लेकिन इस बीच इजरायल की लेबनान में जारी सैन्य

■ अमेरिका-ईरान वार्ता का प्रभाव भारत पर पड़ रहा

कार्रवाई के कारण किसी भी समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नीतियों पर नाराजगी जता चुके हैं और दुनिया के कई अन्य देश भी लेबनान में इजरायली अभियान की आलोचना कर रहे हैं।

रमेश ने कहा कि ऐसे समय में जब इजरायल की कार्रवाई संभावित अमेरिका-ईरान समझौते को प्रभावित कर सकती है मोदी ने इस मुद्दे पर पूरी तरह चुप्पी साध रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी कई सवाल खड़े करती है, जबकि इस पूरे घटनाक्रम का असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा और तेल कीमतों पर पड़ सकता है।

### ओडिशा बॉक्साइट खनन अनियमितताओं की जांच करे केंद्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ओडिशा में बॉक्साइट खनन परियोजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र से इस मामले में हस्तक्षेप कर प्रभावितों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पार्टी ने खनन परियोजनाओं से जुड़े वन अधिकार कानून, 2006 के कथित उल्लंघन, वन भूमि के उपयोग तथा ग्राम सभा की स्वीकृतियों में कथित अनियमितताओं के आरोपों को गंभीर बताते हुए उनकी व्यापक और निष्पक्ष जांच की मांग की है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि ओडिशा के कोरापुट जिले में बॉक्साइट खनन के लिए दी गई स्वीकृतियों को लेकर ग्रामीणों का विरोध जारी है।

# हज की अदायगी के बाद हाजियों की वतन वापसी

■ **पहली उड़ान से 371 हाजी दिल्ली पहुंचे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश भर से पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले 175025 हाजियों द्वारा सऊदी अरबिया के पवित्र शहर मक्का में हज की अदायगी के बाद 2 जून से वतन वापसी का सिलसिला शुरू हो गया।

इसी क्रम में उत्तर भारत के सबसे बड़े हज एम्बरकेशन प्वाइंट दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दिल्ली स्टेट हज कमेटी की व्यवस्था में हज पर जाने वाले हाजियों की वापसी शुरू हो गई। सऊदी एयरलाइन की उड़ान संख्या एस.वी-5818 से वतन वापस आने वाले 371 हाजियों का स्वागत के लिए केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू स्वयं दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे और फूल माला पहना कर हाजियों के पहले जत्थे का स्वागत किया। इस अवसर पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां, कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी, उप कार्यकारी अधिकारी मोहसिन अली और हज कमेटी के स्टाफ भी मौजूद थे। हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने बताया कि हाजियों के पहले जत्थे के दिल्ली वापस आने पर मंत्री का स्वयं एयरपोर्ट आकर स्वागत करना उनका, उनके मंत्रालय और प्रधानमंत्री रेंद्र मोदी के नेतृत्व में हज यात्रियों के प्रति केंद्र सरकार के गहरी रूचि को दर्शाता है और इसी रूचि के नतीजे में इस साल भारतीय हाजियों के लिए न केवल भारत में बल्कि सऊदी अरबिया, मक्का मदीना और मीना अराफात में भी अधिक सुविधाओं की व्यवस्था की गयी।

## दिल्ली के कई इलाकों में पानी के लिए जूझ रहे हजारों परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खानपुर, मदनगीर, देवली और संगम विहार समेत कई इलाकों में पानी की कमी ने लोगों का जीवन मुश्किल बना दिया है। जलापूर्ति प्रभावित होने के कारण हजारों परिवार रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पीने के पानी से लेकर खाना बनाने, नहाने, कपड़े धोने और घर की सफाई जैसे सामान्य काम भी चुनौती बन गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पानी की समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन पिछले एक महीने में हालात लगातार बिगड़े हैं। कई परिवारों को पानी के टैंकरों का इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि कुछ लोग बाजार से पानी खरीदकर जरूरतें पूरी कर रहे हैं। इससे घरेलू खर्च भी बढ़ गया है। पानी की कमी का सबसे अधिक असर घरों की रसोई और दैनिक कामकाज पर पड़ रहा है। इलाके की महिलाओं के अनुसार कपड़े धोने का काम कई दिनों तक टालना पड़ रहा है। घरों की नियमित सफाई भी प्रभावित हो रही है। गर्मी के मौसम में जल संकट ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

संगम विहार के कई हिस्सों में लोग पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं। स्थानीय निवासी दानिश ने बताया कि टैंकरों का इंतजार अब रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। टैंकर पहुंचने की सूचना मिलते ही लोग बाल्टी और ड्रम लेकर लाइन में लग जाते हैं। कई बार टैंकर देर से पहुंचते हैं या पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन समाधान नहीं हो रहा।

# बच्चे को लगी गोली, दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** न्यू उस्मानपुर इलाके में सोमवार शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब तीन बदमाशों ने एक कैटरर के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना में वहां से गुजरते हुए ट्यूशन पढ़ने जा रहा एक 12 वर्षीय राहगीर बच्चा गोली लगने से घायल हो गया। गोली उसके पैर में लगी। तत्काल बच्चे को जेपीसी अस्पताल पहुंचाया गया जहां वह उपचाराधीन है।

इधर, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के भीतर दो आरोपियों को हथियार समेत गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान 29 वर्षीय प्रंकुर और 22 वर्षीय हर्ष के रूप में हुई है। इनके पास से देशी राइफल बरामद हुई है। तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। डीसीपी राहुल अलवाल के अनुसार, सोमवार शाम न्यू उस्मानपुर थाने को इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली।

चौथा पुस्ता स्थित मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि तीन लोगों ने 43 वर्षीय धर्मेंद्र के घर के बाहर अंधाधुंध गोलियां चलाई हैं। इस अचानक हुई गोल. ीबारी की चपेट में वहां से गुजर रहा एक 12 साल का मासूम बच्चा आ गया। बच्चे के पैर में गोली लगी और उसे तुरंत जेपीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर दो आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान 29 वर्षीय प्रंकुर और 22 वर्षीय हर्ष के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर इनके पास से एक देसी राइफल भी बरामद की गई है।

## एक सेंधमार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के मंडावली थाने की टीम में घर में हुई चोरी के मामले को सुलझा कर एक सेंधमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी का लैपटॉप, मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। आरोपी पहले दस से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

# गांधी नगर थाने की टीम ने दो सक्रिय ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के गांधी नगर थाने की 'क्रैक टीम' ने दो सक्रिय ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके पास से एक चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपी शाहदरा, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी जिलों में वाहन चोरी, झपटमारी और रॉबरी की कई घटनाओं में शामिल रहे है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर मोटर वाहन चोरी, झपटमारी और रॉबरी के चार मामलों को सुलझा लिया है। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि 8 मई को गांधी नगर थाने में एक बाइक की चोरी के संबंध में एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज की गई थी। इसके बाद एसीपी गांधी नगर की देखरेख में एसएचओ गांधी नगर राजकुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल अमन बंसल, राहुल चौधरी और विवेक कुमार की टीम ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान टीम ने अपराध स्थल और आसपास के इलाकों से एकत्र किए गए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी 'फरदीन' (21) को अरमान/बल्लू (21) के साथ गिरफ्तार कर लिया पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी फरदीन ने बताया कि उसने, अपने सह-आरोपी आहद/लंबू के साथ मिलकर, गांधी नगर थाने के इलाके से एक बाइक चोरी की थी।

उसने आगे बताया कि चोरी की गई बाइक का इस्तेमाल बाद में उसने, आहद / लंबू और अरमान / बल्लू ने पूर्वी, उत्तर-पूर्वी और शाहदरा जिलों के अलग-अलग हिस्सों में छीनने और रॉबरी की कई वारदातों को अंजाम देने के लिए किया था।



**दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दिल्ली स्टेट हज कमेटी की व्यवस्था में हज पर जाने वाले हाजियों की वापसी शुरू।**

## एक नजर

### नाबालिग पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले में सौरभ भारद्वाज पर एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जनकपुरी इलाके स्थित एक पब्लिक स्कूल में यौन उत्पीड़न की शिकार तीन वर्षीय बच्ची की पहचान उजागर करने के मामले में जनकपुरी थाने में आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 72, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 74 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 23(4) के तहत दर्ज की गई है, जो पीड़ित बच्चों की पहचान उजागर करने को प्रतिबंधित करती हैं। यह घटनाक्रम जनकपुरी के एक पब्लिक स्कूल में नर्सरी की तीन वर्षीय छात्रा के यौन उत्पीड़न की जांच के दौरान सामने आया है।

### वंचित युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए किया सहयोग

**नई दिल्ली।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली गार्डन सिटी (आरसीडीजीसी) ने एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ मिलकर मई 2023 में नई दिल्ली के साउथ एक्सटेंशन में एक कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया था। पिछले तीन वर्षों में इस सेंटर में 12वीं पास 199 युवाओं का नामांकन हुआ। इनमें से 126 छात्रों ने सफलतापूर्वक ट्रेनिंग पूरी की, जबकि 13 छात्र अभी भी ट्रेनिंग ले रहे हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (डीयू एसओएल) की छात्रा मौसमी ने घर की आर्थिक चुनौतियों के बीच करियर एज आईटी प्रोफेशनल प्रोग्राम में दाखिला लिया।

ट्रेनिंग, मेंटरशिप और एम्प्लॉयबिलिटी सपोर्ट की मदद से उन्होंने वर्कप्लेस और कम्युनिकेशन स्किल्स विकसित कीं, जिससे उन्हें नौकरी हासिल करने में मदद मिली। रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली गार्डन सिटी के अध्यक्ष रोटेरियन प्रमोद ग्रोवर ने कहा, ष्हमारा मानना है कि समाज के वंचित वर्गों को आर्थिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाकर ही सार्थक और स्थायी बदलाव लाया जा सकता है। एनआईआईटी फाउंडेशन की कंट्री डायरेक्टर डॉ. चारु कपूर ने कहा, यह पहल वंचित युवाओं के लिए कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की हमारी साझा सोच को दर्शाती है।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल ने एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तथ्यों और आंकड़ों सहित तंबाकू सेवन के विनाशकारी प्रभावों को एक भावनात्मक और मानवीय दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर में विशेषज्ञ पैनल चर्चाओं का नेतृत्व अतुल श्रीवास्तव और कनिका सूद शर्मा ने किया, जिसमें तंबाकू-निरोध के लिए शुरुआती हस्तक्षेप, समय पर परामर्श और पेशेवर सहयोग के महत्व पर जोर दिया गया। चिकित्सकीय दृष्टिकोण साझा करते हुए डॉ. शुभम गर्ग, निदेशक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, ने कहा कि तंबाकू से जुड़े कैंसर सबसे अधिक रोके जा सकने वाले कैंसरों में शामिल हैं।

### स्टूडेंट एक्सपीरियंस सेंटर लांच किया

**नई दिल्ली।** ग्लोबल हायर एजुकेशन स्पेशलिस्ट, स्टडीइन ने नेहरू प्लेस, नई दिल्ली में अपने फ्लैगशिप स्टूडेंट एक्सपीरियंस सेंटर के लॉन्च की घोषणा की है, जो कंपनी की भारत में ग्रोथ स्ट्रेटेजी में एक बड़ा मील का पत्थर है और इंटरनेशनल एजुकेशन के मौकों की चाह रखने वाले भारतीय स्टूडेंट्स के प्रति इसके लंबे समय के कमिटमेंट को और मजबूत करता है।

नए फ्लैगशिप सेंटर का उद्घाटन आज स्टडीइन के सीईओ रॉब ग्रिमशॉ ने किया। इरोस कॉर्पोरेट टावर्स के ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद इस सेंटर को दिल्ली एनसीआरके स्टूडेंट्स, पेरेंट्स, यूनिवर्सिटी पार्टनर्स और स्टेकहोल्डर्स के लिए आसान एक्सेस देने के लिए डिजाइन किया गया है। लॉन्च पर बात करते हुए रॉब ग्रिमशॉ ने कहा कि यह इन्वेस्टमेंट सिर्फ एक नई ब्रांच स्पेस से कहीं ज्यादा है।

### 13 जिलों में बंटा 1.84 लाख लीटर पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी और हीट वेव की चुनौती से नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा राजधानी के सभी 13 जिलों में व्यापक राहत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट, कूलिंग जोन और अस्थायी शेड स्थापित कर लोगों को पीने का पानी, ओआरएस, गमछे, कैप और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 6 मई 2026 से संचालित मोबाइल हीट रिलीफ यूनिटों के माध्यम से अब तक 4,70,089 लोगों को राहत पहुंचाई गई है।

# प्रवेश वर्मा व मनोज तिवारी ने किया रोहतास नगर का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रोहतास नगर विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान एवं विभिन्न विकास कार्यों के निरीक्षण हेतु 2 जून को दिल्ली के माननीय लोक निर्माण विभाग एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा तथा सांसद मनोज तिवारी ने क्षेत्र का विस्तृत दौरा किया।

दौरा सुबह 10 बजे केशव चौक अंडरपास से प्रारंभ होकर विश्वकर्मा सेतु के नीचे, लाल बाग झुग्गी बस्ती, लोनी रोड, नत्थू कॉलोनी फ्लाईओवर अंडरपास होते हुए अशोक नगर अंडरपास पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सांसद मनोज तिवारी -ने प्रधानमंत्री के ऊर्जा बचत के आह्वान को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों के साथ "देवी बस" के माध्यम से एक साथ यात्रा की। विश्वकर्मा सेतु के नीचे व्याप्त अतिक्रमण एवं अव्यवस्था को देखकर मंत्री ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 6 महीने के भीतर सेतु के नीचे पार्किंग, बैडमिंटन कोर्ट एवं अन्य नागरिक सुविधाएं विकसित करने के आदेश दिए।

### दो स्नैचर गिरफ्तार, तीन मोबाइल व स्कूटी बरामद

**नई दिल्ली।** न्यू अशोक नगर पुलिस ने दो स्नैचरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान वरुण शर्मा और आदिल के रूप में हुई है। दोनों गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी के निवासी हैं। अपराध में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी के साथ तीन चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। एक आरोपी पहले से ही 12 आपराधिक मामलों में संलिप्त पाया गया है।

# जेईई एडवांस्ड 2026 में शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्री चैतन्या द्वारा संचालित इन्फिनिटी लर्न, भारत का अग्रणी हाइब्रिड लर्निंग प्लेटफॉर्म, ने जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा में एक बार फिर बेहतर परिणाम हासिल किए हैं। इन्फिनिटी लर्न के ऑनलाइन छात्र जय सोमानी ने शानदार ऑल इंडिया रैंक 377 हासिल की। श्री चौतन्या अकादमी वाराणसी के ऑफलाइन छात्र शशांक मौर्य ने ऑल इंडिया रैंक 500 प्राप्त की, जबकि बेंगलुरु के छात्र निशांक व्यास ने ऑल इंडिया रैंक 769 हासिल की। विकास की इस यात्रा पर बताते हुए, सुषमा बोप्पना, सीईओ एंड डायरेक्टर, श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और इन्फिनिटी लर्न की फाउंडर ने कहा,हमें बेहद गर्व है कि इन्फिनिटी लर्न छात्रों की सफलता की कहानियाँ बना रहा है।



**प्रवेश वर्मा एवं मनोज तिवारी रोहतास नगर का दौरा करते हुए।**

# पुस्तक 'फिटनेस व भारत @ 2047' का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईआरएस अधिकारी एवं फिट इंडिया एंबेसडर नरेंद्र कुमार यादव द्वारा लिखित पुस्तक "फिटनेस और भारत @ 2047" का लोकार्पण कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजिजू द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के सह-संयोजक सतीश कुमार, तथा डॉ. सरनजीत सिंह न्यूट्रिशनिस्ट और फिटनेस एक्सपर्ट भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किरण रिजिजू ने कहा, ष्आज के समय में फिटनेस कोई विकल्प नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की आवश्यकता बन चुकी है। यदि हमें भारत को वास्तव में फिट और स्वस्थ राष्ट्र बनाना है, तो हम सभी को अपनी सेहत और जीवनशैली की जिम्मेदारी स्वयं लेनी होगी। प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित "फिटनेस और भारत @ 2047" एक ऐसे भारत की परिकल्पना प्रस्तुत करती है, जहां फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली और निवारक स्वास्थ्य देखभाल विकसित भारत 2047 के प्रमुख आधार स्तंभ बनें। लेखक नरेंद्र कुमार यादव ने कहा, षफिटनेस केवल व्यक्तिगत पसंद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक भारतीय फिटनेस को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना ले, तो विकसित भारत @ 2047 का सपना साकार हो सकता है।




# उस्मानपुर में नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उस्मानपुर इलाके में बीती रात एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने वाले 6 से 7 आरोपी थे, जिन्होंने मृतक अभिषेक को दौड़ा-दौड़ा कर चाकुओं से वार कर मौत के घाट उतारा। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपियों की क्रूरता साफ देखी जा सकती है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सोमवार की रात उस्मानपुर इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब 17 वर्षीय अभिषेक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार, घटना को अंजाम देने वाले 6 से 7 आरोपी थे।

उन्होंने अभिषेक को घेर लिया और उस पर तब तक चाकू से वार करते रहे जब तक कि वह गंभीर रूप से घायल नहीं हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अभिषेक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटनास्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज ने आरोपियों की बर्बरता को उजागर किया है। फुटेज में देखा जा सकता है कि कैसे कई आरोपी अभिषेक को घेर लेते हैं और चाकुओं से हमला कर रहे हैं। अभिषेक बचने की को. शिश करता है, लेकिन आरोपी उसे दौड़ा-दौड़ा कर तब तक मारते रहते हैं जब तक वह गिर नहीं जाता।

पुलिस की शुरुआती जांच में यह मामला पुरानी रंजिश का प्रतीत हो रहा है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 'पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो नाबालिग शामिल हैं। एक आरोपी पहचान निक्की (21 वर्ष) है। उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है और बताया कि मृतक के साथ उनका कोई विवाद चल रहा था। पीड़ित और आरोपी, दोनों एक ही समुदाय से हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

### लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन सुशासन का अनुपम उदाहरण: हर्ष मल्होत्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जन्म जयंती पर दिल्ली भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता ने दिल्ली वालों की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की।दिल्ली भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी लोकमाता होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# एनसीसीएफ ने दिया उपभोक्ताओं को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बढ़ती महंगाई और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड अपने जनाह ब्रांड के अंतर्गत आवश्यक खाद्य एवं उपभोक्ता उत्पादों को किफायती एवं प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध करा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना तथा आवश्यक वस्तुओं की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। जनाह ब्रांड के अंतर्गत दालें, चावल, आटा, मसाले, खाद्य तेल, सूखे मेवे, स्नैक्स तथा अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

एनसीसीएफ द्वारा संचालित मोबाइल वैन तथा रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से उपभोक्ता इन उत्पादों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा दिल्ली-एनसीआर सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों पर उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण उत्पादों की सुलभ पहुँच सुनिश्चित हो सके।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### छोटा हरिद्वार का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

# सफाई, सुरक्षा और सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी तेजी लाएं: जिलाधिकारी

■ **निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गंग नहर स्थित मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने मुरादनगर स्थित गंग नहर (छोटा हरिद्वार) क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद मुरादनगर के अधिकारी को निर्देशित किया कि गंग नहर क्षेत्र में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यक मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सार्वजनिक शौचालय एवं महिला स्नानागार का निर्माण कराने, प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आकर्षक वॉल पेंटिंग और लाइटिंग के माध्यम से क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति पुल अथवा अन्य असुरक्षित स्थानों से गंगा में न कूदे या असुरक्षित गंग नहर के किनारे स्नान न करें, जिससे किसी प्रकार की जनहानि अथवा दुर्घटना की संभावना उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी ने जल पुलिस को भी निर्देशित किया कि क्षेत्र में नियमित रूप से पर्याप्त संख्या में कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात अथवा दुर्घटनाजनित स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गंग नहर स्थित मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर के पुजारी एवं स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं से भी क्षेत्र की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी मोदीनगर, थाना प्रभारी मुरादनगर, अधिशासी अधिकारी नगर पालि. का परिषद मुरादनगर, मंदिर के महंत मुकेश गोस्वामी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रांसफॉर्मर में लगी आग

**नजीबाबाद।** आज सुबह करीब दस बजे भारत टॉकीज के पास एसडीएम आवास के बाहर लगे एक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। इस घटना से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रांसफॉर्मर अचानक जलने लगा, जिससे वहां से गुजर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। आग की लपटें काफी ऊंची उठ रही थीं। घटना की सूचना तत्काल फायर स्टेशन को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा या जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई।

# हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्राम गनोली निवासी ओमकार उर्फ ओमन के अपहरण व हत्या के मामले को लगभग 80 घंटे बीत चुके हैं लेकिन अभी तक पुलिस आरो. पियों के पास तक नहीं पहुंच सकी है। हालांकि पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया है लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है ।इस अपहरण व हत्या से गुस्साए ग्राम गनोली के लोगों ने बंथला चिरौडी मार्ग पर बीते दिन जाम लगा दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते रहे। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी मौके पर पहुंचे उन्होंने कहा कि



लोनी के रामराज्य को जिसने भी चुनौती दी है वह जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे। पुलिस मामले को लेकर छानबीन कर रही है लेकिन अपराधी सातिर किस्म के हैं लोकेशन के आधार पर जहां भी पुलिस दबिश देती हैं आरोपी पहले ही वहां से फरार हो जाते हैं कहां कि माननीय योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा भले ही वह कितना भी बड़ा व राजनीतिक रसूख रखने वाला ही क्यों ना हो। बंथला चिरौली मार्ग पर धरना दे रही अधिकतर महिलाओं ने योगी सरकार से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# नवनियुक्त थाना प्रभारी हरेंद्र मलिक ने सम्भाला कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना मसूरी के नवनियुक्त थाना प्रभारी हरेंद्र मलिक ने कार्यभार ग्रहण करते ही अपराध और अपराधियों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाने का स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि थाना क्षेत्र में स्नैचिंग, गौकशी, चोरी, लूट, अवैध कारोबार, नशा तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के लिए अब कोई स्थान नहीं है। अपराधी या तो अपराध का रास्ता छोड़ दें अथवा क्षेत्र छोड़ दें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कार्यभार संभालने के बाद थाना प्रभारी हरेंद्र मलिक ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की तथा क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा, महिलाओं का सम्मान, व्यापारियों का विश्वास और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए



**थाना क्षेत्र में स्नैचिंग, गोकशी, चोरी लूट, अवैध कारोबार, नशा तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के लिए अब कोई स्थान नहीं है: हरेन्द्र मलिक**

रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी की इस स्पष्ट चेतावनी के बाद अपराधियों में हलचल देखी जा रही है, वहीं आम नागरिकों ने उनके इस कदम का स्वागत किया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि हरेंद्र मलिक एक अनुशासित, कर्मठ और निष्पक्ष अधिकारी के रूप में अपनी अलग पहचान रखते हैं। उनकी कार्यशैली हमेशा परिणाम आधारित रही है तथा वे जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जाने जाते हैं। गाजियाबाद पुलिस आयुक्तालय की मंशा के अनुरूप उन्होंने पुलिस टीम को नियमित गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने, संवे. दनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा जनता की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध मुक्त और भयमुक्त वातावरण स्थापित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, पत्रकारों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा उन्हें बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। पत्रकार शकील, रविन्द्र प्रजापति, शोएब एडवोकेट सहित अनेक लोगों ने थाना पहुंचकर उनका स्वागत किया तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रवासियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि थाना प्रभारी हरेंद्र मलिक के नेतृत्व में थाना मसूरी क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा तथा पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता और अधिक सुदृढ़ होगा। लोगों का मानना है कि उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और सख्त प्रशासनिक दृष्टिकोण से थाना मसूरी नई उपलब्धियों की ओर अग्रसर होगा तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति और कानून का राज और अधिक मजबूत होगा।

## संस्कृत दर्शन पार्क के निर्माण कार्यों का जीडीए वीसी नंद किशोर कलाल ने किया निरीक्षण

**गाजियाबाद।** संस्कृत दर्शन पार्क के निर्माण कार्यों जीडीए वीसी नन्द किशोर कलाल ने अभियंत्रण अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष महोदय ने पार्क में प्रगति पर चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों, थीम आधारित संरचनाओं, लैंडस्केपिंग, पाथवे, प्रकाश व्यवस्था, जल संरचनाओं तथा अन्य विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा संस्कृत दर्शन पार्क जनपद की एक विशिष्ट एवं महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना का निर्माण कार्य अगस्त, 2025 में प्रारंभ किया गया था तथा प्राधिकरण द्वारा इसे जून, 2026 तक पूर्ण कर जनसामान्य को समर्पित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपाध्यक्षने कहा कि संस्कृत दर्शन पार्क गाजियाबाद की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊँचाई प्रदान करेगा तथा यह नई पीढ़ी को भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना के प्रत्येक घटक का निर्माण उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए तथा सौंदर्यीकरण एवं जनसुविधाओं से संबंधित कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जाए।

# पंजाब बेवल कंपनी के कर्मचारियों ने नये उपश्रम आयुक्त का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय मजदूर संघ के सह विभाग प्रमुख बिजेंद्र कुमार के नेतृत्व मे पंजाब बेवल के कर्मचारियों ने नये उप श्रम आयुक्त डॉक्टर दिव्य प्रताप सिंह का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और हर संभव सहयोग करने का भी वादा किया साथ मे कार्यकारिणी के अध्यक्ष श्रीमान साधु शरण प्रसाद व महामंत्री रामायण यादव और कोषाध्यक्ष बसंत यादव अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे।

उपश्रम आयुक्त ने सबका परिचय लिया और कहाँ की गाजियाबाद मे किसी भी श्रमिक को परेशान नहीं होने दिया जायेगा और कहा की श्रमिकों के लिए वे हर समय साथ है कार्यकारिणी की अगुवाई सह विभाग प्रमुख बिजेंद्र कुमार ने की साथ मे प्रभुनाथ श्याम सिंह ओम प्रकश व हिन्द मजदूर सभा से अनिल गिरी उपस्थित रहे।

# मान अपमान से ऊपर उठकर कार्य करे: अनिल आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44 नोएडा में चल रहे आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर के चौथे दिन वैदिक विद्वान आचार्य चंदशेखर शास्त्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सदगुणों को धारण करें।जब निम्न सात सदगुण सत्य,सरल-सकारात्मकता, संतोष, सहयोग, समय,सेवा और श्रद्धा तो जीवन केवल सफल नहीं रहता, बल्कि संतुलित, सुंदर और सार्थक बन जाता है।उन्होंने आगे कहा की मांस अंडे नशे से बचना चाहिए।



दुर्गुण त्याग कर अपने जीवन को आदर्श बनाना चाहिए जिससे अन्य लोग प्रेरणा ले सके। समारोह की अध्यक्षता युवा नेता देवेन्द्र आर्य बंधु ने की उन्होंने युवा शक्ति को आर्य समाज से जुड़ने का आह्वान किया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि मान अपमान से ऊपर उठकर कार्य करे।बहादुर कब किसी का आसरा एहसान लेते हैं वही कर गुजरते हैं जो मन में ठान लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश का बहुसंख्यक वर्ग आज युवा शक्ति है उसे सही दिशा देने की आवश्यकता है।राष्ट्र की समस्याओं का समाधान युवा ही निकालेंगे।

देश की दिशा व दशा युवा ही बदल सकते हैं। राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र भाई ने बताया कि शिविर का मूलभूत उद्देश्य शिवि. रों के माध्यम से बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण करना है।उन्होंने आगे कहा कि गायत्री मंत्र के जप से बुद्धि तीव्र होती है,पाठ जल्दी याद होता है,नींद अच्छी आती है। अपना लक्ष्य बड़ा निर्धारित करें और उसे लगन मेहनत से प्राप्त करें। गायिका प्रवीण आर्या पिंकी एवं कमल आर्य के देश भक्ति के गीतों को सुनकर श्रोता झूम उठे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने मंच का कुशल संचालन किया। महेन्द्र भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा शिविरार्थिओं को बुराइयों को छोड़ने और अच्छाइयों को ग्रहण करने का संकल्प कराया। प्रमुख रूप से रमेश योगाचार्य, यज्ञवीर चौहान, अरुण आर्य, संगठन मंत्री सौरभ गुप्ता एवं आस्था आर्या आदि उपस्थित रहे।

# शिवशक्ति धाम डासना में 21 जून को होंगी हिन्दू महापंचायत: यति नरसिंहनंद गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता और संत महामंडल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अध्यक्ष स्वामी नरायण गिरी महाराज नें चिंता जताई। इस सम्बन्ध श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के अंत. रराष्ट्रीय प्रवक्ता और संत महामंडल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अध्यक्ष स्वामी नरायण गिरी महाराज ने अपने शिष्यों यति नरसिंहनंद गिरी महाराज और छोटे नरसिंहनंद अनिल यादव को अपने पास बुलाकर इसके बारे में अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है।



स्वामी जी ने कहा कि योगी जी हैं तो राक्षसों को दंड भी मिल रहा है। महाराज जी का आदेश पाकर यति नरसिंहनंद गिरी जी नें प्रेस विज्ञप्ति और वीडियो जारी करके कहा है की इन परिस्थितियों में आज ये सोचना बहुत जरूरी हो गया है कि अगर कल किसी कारण से योगी जी को सत्ता से हटा दिया जाए तो सनातन धर्म का क्या होगा।

हम अपनी लड़ाई कैसे लड़ेंगे। ऐसी परिस्थितियों का सामान करने और उनसे लड़ने के लिए मैं अपने गुरुमूर्तियों और शिष्यों की ओर से सारे हिन्दू समाज से अनुरोध करता हूं कि 21 जून रविवार 2026 शिव शक्ति धाम डासना में संतों के मार्गदर्शन में हिन्दुओं की महापंचयात होने वाली है। यति रणसिंहानंद जी महाराज, छोटे नरसिंहानंद अनिल यादव, डॉ. उदिता त्यागी, और महाकाली वाहिनी आदि इस पंचायत को सफल बनाएंगे। यति जी नें कहा कि इस पंचायत को संत समाज बुला रहा है और संत समाज ही इस महापंचायत की अध्यक्षता करेंगे। हिन्दुओं को इनका सहयोग करने और साथ देना चाहिए। यदि ऐसा नहीं करेंगे तो कल मां और महादेव भी आपको इन राक्षसों से बचा नहीं सकेंगे। इसलिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में हिन्दू महापचायत में पहंचे और इसे सफल बनाएं।

## पांचवे बड़े मंगल के अवसर पर किया गया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पांचवे बड़े मंगल के अवसर पर अपनापन साप्ताहिक रसोई सेवा का शुभारंभ अशोक कुमार गोयल व समाजसेवी मातृशक्ति लेखक गुलाटी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण हेतु अशोक कुमार गोयल, पंडित अमरनाथ शर्मा, मंगल सिंह, अंकुर गोयल, नानक चंद, विना. द गोयल, सुदेश रानी, प्रिया सिंह, अमर सिंह, रमेश खजांची व रेखा गुलाटी ने उपस्थित रहकर सेवा की।

### मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ की अध्यक्षता में

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान है, जिसके अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से ब्याज मुक्त ऋण प्रदान कराया जाता है।



वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत शासन से जनपद को प्राप्त लक्ष्य 2000 के क्रम में पोर्टल पर प्राप्त 785 आवेदनों में से 774 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए है, जिसके अंतर्गत बैंकों द्वारा 130 आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान की गई है तथा 106 आवेदकों को ऋण वितरण किया गया है।

योजना की विस्तृत समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद महोदय द्वारा संबंधित बैंक अधिकारियों के साथ की गई। बैठक का संचालन सहायक आयुक्त उद्योग ज्ञानेंद्र कुमार गौतम द्वारा किया गया।

बैंकों को प्रेषित आवेदन पत्रों के सापेक्ष न्यूनतम स्वीकृति एवं ऋण वितरण पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए बैंकों को कड़े निर्देश दिए गए कि वे बैंकों के स्तर पर लंबित आवेदनों को शीघ्र स्वीकृत करते हुए ऋण वितरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

योजना की समीक्षा 15 दिन बाद पुन: की जाएगी। 15 दिन बाद आयोजित समीक्षा बैठक में कार्य न करने वाले बैंकों के विरुद्ध संबंधित बैंक के उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु संस्तुति की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा आगामी बैठकों में सभी संबंधित बैंक के अधिकारियों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा की गई। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवंटित लक्ष्य के अनुसार पीएम सूर्य घर योजना के कनेक्शन कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश उसका नाम Abhiyansh तथा पता विलेज करजनीया पोस्ट बड़गांव सिवान मैरवा बिहार-841406 दर्ज हो गया था। जबकि उसका वास्तविक नाम Abhiyansh Sah तथा वास्तविक पता ग्राम करजनीया पोस्ट बड़गांव कर्लनिया सिवान मैरवा बिहार-841239 है। भविष्य में उसे उसके वास्तविक नाम व पते से जाना व पहचाना जाए।

**शैलेंद्र शाह पुत्र श्री द्वारिका साह**

**खोया पाया**

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक नं.- 0410596 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक नं.-0326830 की अंक तालिकाएं वास्तव में कहीं खो गई है। जिनका प्रयोग अन्य के लिए अवैध होगा मिलने पर सूचित करें।

**आबिद पुत्र श्री मोमीन निवासी मोहल्ला पठानान ईदगाह रोड चामुंडा पुलिस चौकी मुरादनगर गाजियाबाद।**

**संबंध विच्छेद**

मैं सुमन पत्नी कल्लू निवासी- म. नं- 384, बागरापन विकास नगर सुन्दर नगर लोनी देहात लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र आकास को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में अपने कृत्यों का ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

# मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग से संबंधित स्थलों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने परिवहन विभाग से संबंधित विभिन्न स्थलों का व्यापक निरीक्षण कर नागरिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और सेवा गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन, जिला परिवहन कार्यालय, वाहन निरीक्षण इकाई और हेवी मोटर व्हीकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल सरकारी भवनों का निर्माण करना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करना है जो नागरिकों को सम्मानजनक, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करें। परिवहन विभाग से प्रतिदिन हजारों नागरिक जुड़े होते हैं इसलिए यहां की प्रत्येक सुविधा नागरिक-केंद्रित होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सबसे पहले निर्माणाधीन ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन परियोजना का निरीक्षण किया और अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि नए स्टेशन में एक समय में 5 वाहनों की जांच की जा सकेगी और प्रतिवर्ष 80 से 90 हजार व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस जांच की क्षमता विकसित होगी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने परियोजना के डिजाइन, क्षमता, जल निकासी व्यवस्था और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विस्तार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए तथा इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

## चोरी का मामला सुलझाया, शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंडावली थाना पुलिस ने घर में चोरी के एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चोरी किया गया लैपटॉप, मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद की है। अधिकारियों के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से 10 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, 31 मई को मंडावली थाना क्षेत्र की रेलवे कॉलोनी स्थित एक मकान से चोरी की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसके घर से एक लेनोवो लैपटॉप, रेडमी मोबाइल फोन और नकदी चोरी हो गई है। इस संबंध में मंडावली थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 के तहत ई-एफआईआर संख्या 80044706/26 दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तुरंत शुरू की गई। एसीपी मयूर विहार के पर्यवेक्षण और मंडावली थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में हेड कांस्टेबल विश्वनाथ, कांस्टेबल प्रदीप और कांस्टेबल दीपक शामिल थे। जांच के दौरान पुलिस टीम ने इलाके में व्यापक पूछताछ की, स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया और तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। साथ ही, सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध सुरागों की बारीकी से जांच की गई। लगातार प्रयासों, तकनीकी निगरानी और फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया।

# सीबीएसई पोर्टल पर 15 लाख हिट्स का साइबर हमला किया

■ पोर्टल वर्तमान में 8,000 से अधिक समवर्ती यूजर्स को सपोर्ट कर रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर भारी ट्रैफिक के बीच साइबर हमलावरों ने लगातार हमले किए, लेकिन पोर्टल मजबूती से सेवा दे रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, पोर्टल वर्तमान में 8,000 से अधिक समवर्ती (कॉन्करेंट) यूजर्स को सपोर्ट कर रहा है। दोपहर 3 बजे तक 16,000 से ज्यादा छात्र सफलतापूर्वक अपने पुनर्मूल्यांकन आवेदन जमा कर चुके हैं। हजारों छात्रों ने आज पोर्टल का उपयोग किया, लेकिन इसी दौरान दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने सेवाओं को बाधित करने का प्रयास किया।

सबसे ताजा घटना में दो मिनट के अंदर पोर्टल पर 15 लाख हिट्सदर्ज किए गए, जो एक स्पष्ट डिनायल ऑफ सर्विस अटैक था। इसके अलावा, 1 लाख से अधिक अनधिकृत फाइल एक्सेस के प्रयास भी सामने आए। ब्ढैम् की टीम ने इन हमलों का सामना करते हुए पोर्टल को पूरी तरह सुरक्षित और चालू रखा।

छात्रों की फीडबैक के आधार पर प्लेटफॉर्म को और बेहतर बनाया गया है। अब सेशन टाइम लिमिट बढ़ा दी गई है, जिससे छात्रों को अपनी प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक और निर्बाध तरीके से पूरी करने में मदद मिल रही है।

## बारिश संग चल सकती हैं तेज हवाएं

**नई दिल्ली।** तपन भरी गर्मी से दिल्ली-एनसीआर में आज भी राहत रही। मौसम विभाग की मानें तो शहर के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में आई गिरावट बरकरार रहेगी। मंगलवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री दर्ज किया गया। दिन का तापमान 36 .4 डिग्री सेल्सियस रहा । हालांकि दिन में बादलों की आवाजाही रही। रात के समय तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है । नौतपा के अंतिम दिनों में गर्मी फिर से बेहाल करने लगी है। 28 मई से हुई बूंदाबांदी ने गर्मी से कुछ राहत दी थी, लेकिन फिर से तापमान में वृद्धि होने से गर्मी परेशान करने लगी है। एक सप्ताह बाद फिर से दिन और रात के तापमान 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है।

# मदर डेयरी ने लांच किया इको फ्रेंडली मिल्क पाउच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्लास्टिक के पैक में दूध लेने से अधिकतर लोगों को अच्छा महसूस नहीं होता, क्योंकि यह ध्यान में रहता है कि दूध का तो इस्तेमाल हो जाएगा, लेकिन साथ ही प्लास्टिक का पाउच फेंकना पड़ेगा। जो पर्यावरण के साथ मिट्टी को भी प्रदूषित करेगा। लेकिन अब चिंता की बात नहीं है। क्योंकि प्रमुख दूग्ध उत्पाद कंपनी मदर डेयरी ने देश का ऐसा पहला प्लास्टिक के पैक प्रस्तुत किया है जो, मिट्टी में घुलने वाला है। यह फर्स्ट-ऑफ-इट्स-काइंड मिल्क पैकेजिंग है, जो बायो अवेलेबल वैक्स में बदल जाती है, जिसे मिट्टी में मौजूद माइक्रोब्स नैचुरली ब्रेकडाउन करके प्राकृतिक तत्वों में बदल देते हैं। मदर डेयरी इस पैकेजिंग इनोवेशन को अपने प्रसिद्ध गाय दूध वर्ग के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर में विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) से पेश करेगी, जिसमें एक नया पैक डिजाइन भी शामिल होगा। मदर डेयरी, देश की लोकप्रिय दूध और दुग्ध उत्पादों की प्रमुख एवं राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता परिवहन विभाग से संबंधित स्थलों का वनिरीक्षण कर नागरिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और सेवा गुणवत्ता का जायजा लेते हुए।

# मनजिंदर सिंह ने मुंगेशपुर गांव का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उद्योग एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सामाजिक कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण तथा बावाना विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रविंद्र इंद्राज सिंह के साथ मुंगेशपुर गांव का दौरा कर क्षेत्र में प्रदूषण एवं विकास संबंधी विभिन्न कार्यों की समीक्षा की।दौरे के दौरान मंत्री सिरसा ने स्थानीय निवासियों से संवाद किया, उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने तथा पर्यावरणीय स्थिति, नागरिक आधारभूत संरचना एवं क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की। स्थानीय निवासियों ने हरियाणा सीमा से सटे औद्योगिक इकाइयों से बढ़ते वायु प्रदूषण, खराब होती वायु गुणवत्ता तथा उसके जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं।मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि, "दिल्ली सरकार का उद्देश्य विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए आगे बढ़ना है।

इसी सोच के साथ, जनता की सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग से हम एक स्वच्छ और बेहतर दिल्ली के निर्माण हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं।"इस दौरान मंत्रियों ने क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण करते हुए अधिकारियों के साथ पर्यावरणीय परिस्थितियों में सुधार, स्वच्छता बढ़ाने एवं सतत विकास को प्रोत्साहित करने हेतु चल रहे प्रयासों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गंगा टोली मंदिर में आयोजित वार्षिक भंडारे में भाग लिया, जहां बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई तथा महिलाओं के लिए कैंसर जांच एवं नेत्र परीक्षण स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण किया गया। बावाना सेक्टर-5 में मंत्रियों ने स्थानीय निवासियों एवं उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद कर सड़कों, स्वच्छता एवं जल निकासी जैसी आधारभूत एवं नागरिक सुविधाओं की स्थिति का आकलन किया। दौरे का समापन स्थानीय उद्योगपतियों के साथ वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता के साथ हुआ, जिसने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित औद्योगिक विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

## 30 जून तक बंद रहेगा शास्त्री नगर-खुरेजी मार्ग

**नई दिल्ली।** लोक निर्माण विभाग ने एलएम बांध, शास्त्री नगर से कड़कड़ी मोड़/खुरेजी रेड लाइट तक नहर के नाले से गाद निकालने का कार्य मंगलवार से शुरू कर दिया है। यह कार्य एलएम बांध, शास्त्री नगर से कड़कड़ी मोड़/खुरेजी रेड लाइट तक किया जाएगा। इसके चलते गीता कॉलोनी की ओर जाने वाला एक कैरिजवे मंगलवार से बंद कर दिया गया। यह हिस्सा 30 जून तक बंद रहेगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की पूर्वी रेंज के अधिकारियों के अनुसार, यातायात को उपलब्ध सड़क और अस्थायी डायवर्जन व्यवस्था के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

# सिलिंडर फटने से इमारत ढही, 3 लोगों को निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर के ईशू विहार की गली नंबर-एक में मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे जोरदार धमाके के बाद एक इमारत ढह गई। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पूरा मकान मलबे में तब्दील हो गया।

मकान में अवैध तरीके से गैस रिफिलिंग का काम किया जा रहा था। एनडीआरएफ की टीम ने मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए खोजी कुत्तों की भी मदद ली। जानकारी के अनुसार, इस हादसे में 11 व्यक्ति घायल हो गए हैं। इनमें से एक की हाल गंभीर बनी हुई है। हादसे के तुरंत बाद दमकल की टीम के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों और पीसीआर की मदद से चार घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचा दिया गया था। फिलहाल, सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, 250 वर्ग गज के इस भूखंड में गैस सिलिंडर रीफिलिंग के अलावा पेंट और मोबाइल चार्जिंग वायर बनाने का काम भी होता था। लोगों का कहना है कि 5-6 साल से इस इमारत में व्यवसायिक गतिविधियां चल रही थीं। पुलिस और दमकल विभाग के अनुसार, अभी तक तीन लोगों को मलबे से सकुशल निकाल लिया गया है, जबकि एक व्यक्ति अभी भी मलबे में दबा हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना गैस सिलिंडर ब्लास्ट के कारण हुई है। इस हादसे में कुल 11 लोग घायल हुए हैं। वहीं, एक की हालत गंभीर होने के बाद उसे सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और पुलिस के साथ मिलकर रेस्क्यू अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। दमकल विभाग का कहना है कि सुबह 9:37 बजे धमाके के बाद इमारत गिरने और कुछ लोगों के फंसे होने की सूचना मिली थी। सर्च अभियान अभी जारी रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, मंगलवार को सुबह 9 बजे सूचना मिली कि सिलिंडर में धमाका होने के बाद एक मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर राहत कार्य शुरू करने के आदेश दे दिए। इस बीच स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य करना शुरू कर दिया था। सूचना यह भी मिल रही है कि मलबे में से आधा दर्जन सिलिंडर मिले हैं। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि इस इमारत में अवैध रूप से गैस सिलिंडर की रीफिलिंग हो रही थी। बड़े सिलिंडर से छोटे सिलिंडर में गैस भरी जा रही थी। इसी दौरान धमाका हुआ। सभी घायलों को निकाल कर अस्पताल पहुंचा दिया गया है।

# फरार महिला नाम बदलकर कर रही थी नौकरी, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस ने गिरफ्तारी से बचने के लिए नाम बदलकर स्पा सेंटर में काम करने वाली एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान 41 साल की वाणी के रूप में हुई है।

आरोपी के खिलाफ 2020 में द्वारका साउथ इलाके में आईटीपी एक्ट और महामारी रोग अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। जमानत मिलने के वह अदालत की सुनवाई में शामिल नहीं हो रही थी, जिसकी वजह से अदालत ने उसे भगोड़ा करार दिया था। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि जेल बेल सेल भगोड़ा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनपर लगातार निगरानी रखती है।

पुलिस टीम को जानकारी मिली कि आईटीपी एक्ट और महामारी रोग अधिनियम की आरोपी वाणी को द्वारका अदालत ने 13 मार्च को भगोड़ा घोषित किया है।

उसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। टीम ने तकनीकी और स्थानीय स्तर पर आरोपी महिला के बारे में जानकारी हासिल में जुट गई।

## साकेत में बिल्डर के घर पर फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के साकेत में एक बिल्डर के घर के बाहर बाइक पर सवार दो हमलावरों ने फायरिंग की। माना जा रहा है कि बिल्डर ने कथित तौर पर रंगदारी की मांग मानने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद यह घटना हुई।

यह घटना साकेत पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत लाडो सराय में हुई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, हमलावरों ने कथित तौर पर मौके से फरार होने से पहले, स्थानीय बिल्डर महावीर के घर के बाहर सात राउंड फायरिंग की। घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

# सामूहिक कला प्रदर्शनी का आयोजन 8 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पैरेलल्स ऑफ परसेप्शन नामक सामूहिक कला प्रदर्शनी का आयोजन श्रीधरानी आर्ट गैलरी त्रिवेणी कला संगम नई दिल्ली में 8 से 15 जून 2026 तक द क्वार्टज कलेक्टिव के द्वारा किया जा रहा है, क्यूरेटर जॉर्जियाना मैडॉक्स ने बताया कि प्रदर्शनी में 5 महिला कलाकार ,निताशा जैनी, गीतांजलि कश्यप, रितु अग्रवाल, रितु सिंह पांडे, शिखा गुप्ता, भाग ले रही है। इन सभी कलाकारों ने रेखीय अमूर्त कला, ऑप्टिकल इफेक्ट, मिक्स्ड मीडिया मैं कलाकृति बनाई है, निताशा जैनी पुरुषों की आकृतियों पर फोकस करती हैं। गीतांजलि कश्यप नपी-तुली रेखीय अमूर्त



कला और ऑप्टिकल आर्ट से ज्यामिति पर काम करती हैं, रितु अग्रवाल वास्तुकला को मजेदार और सिलाई की हुई सतहों में पेश करती हैं, रितु सिंह पांडे रंगों के नाटकीय बदलावों के जरिए व्यक्त करती हैं। शिखा गुप्ता कोमल अमूर्त कला और सामूहिक कला चिकित्सा का इस्तेमाल करती हैं, यह शो आसानी से समझ में आने वाली रचनाओं को प्राथमिकता देता है, जो दर्शकों को ठहरकर उन्हें निहारने के लिए आमंत्रित करती हैं।

## मुख्यमत्री ने मोटर व्हीकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षुओं से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हेवी मोटर व्हीकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का दौरा किया। उन्होंने ड्राइविंग सिमुलेशन कक्ष, तकनीकी प्रशिक्षण प्रयोग शालाओं, इंजन एवं वाहन प्रणाली प्रशिक्षण कक्षों तथा कक्षाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षकों और प्रशिक्षुओं से संवाद कर प्रशिक्षण प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं और चालकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कुशल, अनुशासित और जिम्मेदार चालक सड़क सुरक्षा की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं।

# साले ने दोस्त संग की जीजा की चाकू गोदकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में बीती रात पारिवारिक विवाद में साले ने अपने दोस्त के साथ मिलकर जीजा की चाकू गोदकर हत्या कर दी।

वारदात के बाद आरोपी मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के मुताबिक बीती रात करीब साढ़े 11 बजे एल ब्लॉक सार्वजनिक शौचालय के पास एक युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शौचालय के बाहर काफी खून पड़ा था। क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पता चला कि युवक को उसके पिता नजदीक के संजय गांधी अस्पताल ले गए हैं। पुलिस अस्पताल पहुंची।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया,जिसके शरीर पर चाकू के कई निशान थे। युवक की पहचान उसके पिता शंभूनाथ झा ने अभिषेक झा (26)के रूप में हुई,जो इलाके में ही रहता था। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। पहले भी अभिषेक पर करवाया गया था हमला- परिवार बेटा शादीशुदा था,मगर पारिवारिक विवाद के कारण उसकी पत्नी करीब एक साल से अपने मायके में ही रह रही थी। परिवार वालों ने बताया कि बेटे पर पहले भी बापू पार्क समेत एक दो जगह पर उसी के साले ने हमला करवाया था। उसको जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। हम भी मामले को सुलटाना चाहते थे। मगर नहीं पता था कि बेटा का साला ही अपने दोस्त के साथ मिलकर मेरे बेटे की हत्या कर देगें। घरों में पारिवारिक मामले होते रहते हैं। मगर ये तो नहीं की विवाद में हत्या ही कर दी जाए।

मेरा बेटा अकेला सार्वजनिक शौचालय के पास था। मैं भी वहीं पर था। बेटे का साला आर्यन अपने एक साथी के साथ आया। उसको बाहर बुलाया और अचानक से कुछ दूरी पर ले जाकर उसपर चाकू से एक के बाद एक कई वार किये। पिता शंभू नाथ झा का कहना है कि बेटे के चिल्लाने की आवाज सुनकर जब मैं उसको बचाने गया। मुझे भी धक्का देकर सडक पर गिरा दिया था। पैर में थोड़ी सी चोट लगी थी।

कुछ सैकेंड में ही आर्यन और उसके दोस्त ने मेरे बेटे के कई बार चाकू मार दिये थे। बेटा खून से लथपथ हालत में वहीं पर गिर गया था। उसको किसी ने पकडने की भी कोशिश नहीं की थी। वह किसी तरह से संजय गांधी अस्पताल बेटे को ले गया था। डॉक्टरों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया था।

## एनएसयूआई ने की उच्च न्यायालय से री-इवैल्यूएशन दोबारा शुरू करने की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में लागू किए गए नए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम में कथित अनियमितताओं को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय पहुंची। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में दायर याचिका में मूल्यांकन प्रक्रिया में सामने आई तकनीकी और प्रशासनिक खामियों पर गंभीर सवाल उठाए गए। दायर याचिका में कहा गया है कि देशभर के छात्रों से प्राप्त शिकायतों में उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग में त्रुटियां, उत्तर पुस्तिकाओं का मिसमैच होना, पोर्टल की तकनीकी खराबियां, मूल्यांकन में गड़बड़ियां, बार-बार पोर्टल फेल होना और फिजिकल वेरिफिकेशन की उचित व्यवस्था का अभाव जैसी समस्याएं शामिल हैं। एनएसयूआई ने कहा कि परीक्षा प्राधिकरण की तकनीकी एवं प्रशासनिक विफलताओं का खामियाजा छात्रों को नहीं भुगतना चाहिए।

# छोटे के चक्कर में गंवाई बड़े भाई ने जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** न्यू उस्मानपुर स्थित भगत सिंह कॉलोनी में सोमवार देर रात एक युवक की चाकू से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त ललित कुमार (26) के रूप में हुई है। परिजनों ने ललित के ही एक दोस्त मोहित पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

इस आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दरअसल मोहित की पत्नी से ललित के भाई की नजदीकियां थीं। मोहित का अपनी पत्नी से तलाक को लेकर विवाद भी चल रहा था। मोहित को लगता था कि सारा विवाद ललित के भाई की वजह से हो रहा है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि इसी वजह से मोहित ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। क्राइम टीम व एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने मंगलवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद ललित का शव परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस परिजनों के आरोप के आधार पर आरोपी दोस्त मोहित की तलाश कर रही है। उसके पकड़े जाने के बाद ही हत्या की वजहों पता चल पाएगा। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल ने बताया कि मंगलवार तड़के भगत सिंह कॉलोनी, न्यू उस्मानपुर में एक युवक की चाकू से वारकर हत्या की सूचना मिली। खबर मिलते ही उनकी टीम मौके पर पहुंची। वहां पर ललित कुमार नामक युवक का शव मिला। उसके शरीर पर चाकू से हमला करने के निशान थे। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि ललित परिवार के साथ जैन स्वीट्स वाली गली, ब्रह्मपुरी में रहता था। इसके परिवार में पिता वेद प्रकाश, मां सुनीता देवी, तीन भाई व एक बहन हैं। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने उसका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले की जांच शुरू कर दी गई।

ललित के भाई हिमांशु ने बताया कि उसका बड़ा भाई साप्ताहिक बाजारों में टेबल किराए पर देने का काम करता था। सोमवार शाम को वह अपने घर पर था। इस बीच किसी का कॉल आया और वह बाहर चला गया। देर रात को चौथे पुश्ते पर रहने वाले ललित के दोस्त मोहित ने शराब के नशे में धुत होकर ललित के मोबाइल से ही हिमांशु को कॉल किया। मोहित ने बताया कि उसने ललित की हत्या कर दी है। उसका शव यहां गली में पड़ा है, आकर ले जाओ। मोहित नशे की हालत में था, इसलिए हिमांशु ने मोहित की बात पर यकीन नहीं किया। इस बीच सुबह के समय किसी ने उसे कॉल कर भाई की लाश भगत सिंह कॉलोनी की गली में पड़े होने की सूचना दी। इसके बाद हिमांशु व परिवार वहां पहुंचा।

हिमांशु का आरोप है कि मोहित ने अपनी पत्नी की वजह से बदला लेने की नियत से वारदात को अंजाम दिया है। अब पुलिस उसकी तलाश कर रही है। सूत्रों का कहना है कि मोहित की पत्नी अपनी पति से अलग रह रही थी। इस बात पर मोहित काफी खफा रहता था। पुलिस सभी तथ्यों की पड़ताल कर रही है।

# दिल्ली का भूजल दोहन स्तर क्रिटिकल श्रेणी में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) और जल शक्ति मंत्रालय की राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में दाखिल रिपोर्ट बताती है कि 2025 में दिल्ली का भूजल दोहन स्तर 92.10 प्रतिशत पहुंच गया है। यह क्रिटिकल श्रेणी में माना जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में सड़कों व जमीन के धसने की बड़ी वजह भूजल का अत्यधिक दोहन है। इससे धरती अंदर से खोखली होती जा रही है। आबादी भी तेजी से बढ़ रही है। इसकी जरूरत को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य हो रहा है। इसका मिलाजुला असर दिल्लीवालों पर बेहद खराब पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के नई दिल्ली, उत्तर-पूर्व, शाहदरा और दक्षिण जिले ओवर-एक्सप्लॉइटेड श्रेणी में हैं। मतलब इन जिलों में जितना पानी धरती के अंदर साल-दर-साल जा रहा है, ळउससे कहीं ज्यादा इसकी निकासी की जा रही है। जबकि पूर्वी और पश्चिम दिल्ली में भूजल दोहन क्रिटिकल श्रेणी यानि 90 फीसदी से है। केवल उत्तर-पश्चिम और नजूल भूमि अपेक्षाकृत सुरक्षित माने गए हैं।

# परिवार को बंधक बनाकर बदमाशों ने उद्योगपति के घर की डकैती

## पॉश इलाके को बदमाशों ने बनाया निशाना, बदमाशों की तलाश में लगी पुलिस की कई टीमे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के पॉश क्षेत्र गढ़ रोड में सोमवार रात हथियारबंद बदमाशों ने एक उद्योगपति के घर धावा बोल. कर परिवार को बंधक बना लिया और लाखों की संपत्ति लूटकर फरार हो गए। करीब तीन-चौथाई घंटे तक चली इस वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने मामले की जांच के लिए कई टीमें गठित कर दी हैं।

बताया गया है कि उद्योगपति नरेंद्र अग्रवाल के आवास पर रात के समय चार बदमाश पहुंचे। पोता सिद्धांत के घर लौटते ही बदमाशों ने मौके का फायदा उठाया और चौकीदार समेत उसे अपने कब्जे में ले लिया। हथियारों के बल पर दोनों को अंदर ले जाया गया, जहां





बदमाशों ने परिवार के अन्य सदस्यों को भी धमकाकर एक जगह बैठा दिया। इसके बाद आरोपितों ने पूरे मकान की तलाशी ली। अलमारियों और लॉकरों में रखे सोने के आभूषण तथा नकदी समेट ली। वारदात के दौरान बदमाश बेहद सतर्क दिखाई दिए। उन्होंने घर की निगरानी व्यवस्था को निष्क्रिय करने के लिए सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और रिकॉर्डिंग सिस्टम भी अपने साथ ले गए। परिवार ने बताया कि बदमाशों ने भागने के लिए कार का उपयोग करने की कोशिश की थी, लेकिन कार स्टार्ट नहीं होने पर वे बाइक लेकर निकल गए। उनके जाने के बाद परिवार ने पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और मोबाइल सर्विलांस की मदद से बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के खुलासे के लिए विशेष टीमें लगाई गई हैं। प्रारंभिक जांच में कुछ अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं, शहर के व्यापारिक वर्ग ने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत किए जाने की मांग की है।

## महिला को नौकरी का लालच देकर किया दुष्कर्म, फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिला को नौकरी दिलाने का लालच देकर दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित चल रहे आरोपी को थाना हापुड़ नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी काफी समय से पुलिस की गिरफ्त से बचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने उसे फीगंज रोड से दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार थाना हापुड़ नगर पुलिस को आरोपी के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फीगंज रोड पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी उमेश कुमार पर एक महिला को नौकरी दिलाने का भरोसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना हापुड़ नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में आरोपी लगातार फरार चल रहा था, जिसकी तलाश के लिए पुलिस द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। गिरफ्तार आरोपी उमेश कुमार पुत्र जबर सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर, थाना थानाभवन, जनपद शामली का रहने वाला है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के साथ-साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया है तथा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 24 घंटे में खुली 16.92 लाख की लूट, ड्राइवर ही निकला मास्टरमाइंड, मुठभेड़ में दो बदमाश दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में कपड़ा व्यापारी से हुई 16.92 लाख रुपये की सनसनीखेज लूट का पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया। जनपदीय स्वाट टीम और बाबूगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुठभेड़ के दौरान एक घायल सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि पहले ही व्यापारी के ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा चुकी थी। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूट की रकम में से 16.50 लाख रुपये नकद, दो अवैध हथियार, कारतूस और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के अनुसार 31 मई की रात कपड़ा व्यापारी के साथ करीब 16.92







लाख रुपये की लूट की वारदात हुई थी। घटना के खुलासे के लिए कई टीमों को लगाया गया था। जांच के दौरान पुलिस का शक व्यापारी के ड्राइवर लक्ष्य रावत पर गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने दो साथियों निहाल अहमद और रिजवान उर्फ मन्नू के साथ मिलकर पूरी साजिश रचने की बात कबूल कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि ड्राइवर ने ही व्यापारिक गतिविधियों और नकदी की जानकारी अपने साथियों को दी थी। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। ड्राइवर की निशानदेही पर पुलिस दोनों आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि दोनों आरोपित अलीपुर अंडरपास के पास मौजूद हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरे को भी मौके से दबोच लिया गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान दिल्ली निवासी निहाल अहमद और रिजवान उर्फ मन्नू के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके कब्जे से लूट की रकम में से 16.50 लाख रुपये नकद बरामद किए। इसके अलावा एक अवैध पिस्टल, एक अवैध तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस तथा घटना में इस्तेमाल की गई वोक्सवैगन कार भी बरामद की गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले का सफल अनावरण कर आरोपितों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही बरामद नकदी को वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर पीड़ित व्यापारी को सुपुर्द करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

## कलक्ट्रेट में गंदगी व रिकॉर्ड की खामियों पर अधिकारियों की लगी क्लास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण कर कार्यालयी व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कई विभागों में साफ-सफाई की कमी और अभिलेखों के अद्यतन न होने जैसी खामियां सामने आने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी गई।

डीएम ने नजारत अनुभाग, अभियोजन कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, सीआरए समेत विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद अधिकारियों से कार्यों की प्रगति और अभिलेखों के रखरखाव की जानकारी ली। उपस्थिति रजिस्टर की जांच के साथ कार्यालयों की स्वच्छता व्यवस्था भी परखी गई। कार्यालयों में अपेक्षित स्तर की



साफ-सफाई न मिलने पर जिला. धिकारी ने नाराजगी जताते हुए नजारत नाजिर को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। वहीं रिकॉर्ड रूम में शासनादेशों का रिकॉर्ड अपडेट न पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई गई और सभी अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा मानकों की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित फायर फाइटिंग उपकरण पूरी तरह कार्यशील स्थिति में रहें और उनकी नियमित जांच कराई जाए। डीएम ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता, अनुशासन और बेहतर कार्यसंस्कृति सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## दो जगह भड़की आग से मचा हड़कंप, दमकल कर्मियों ने समय रहते पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को शहर और उसके आसपास के क्षेत्र में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाओं ने लोगों को चिंता में डाल दिया। एक ओर प्रीत विहार की द्वारिका धाम कॉलोनी में मकान की दूसरी मंजिल पर आग लगने से घरेलू सामान जलकर राख हो गया, वहीं दूसरी ओर रामपुर रोड स्थित डंपिंग ग्राउंड में कबाड़ के ढेर में आग भड़क उठी। दोनों घटनाओं में दमकल विभाग की मुस्तैदी के चलते आग पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

फायर विभाग के अनुसार प्रीत विहार क्षेत्र में स्थित एक मकान की ममटी में रखे इन्वर्टर और बैटरी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास रखे सामान को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। आग एक सेफ के अंदर रखे कपड़ों तक पहुंच गई थी।

पुलिस और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में सेफ खोलकर अंदर रखे जले कपड़ों को बाहर निकाला गया और आग को पूरी तरह बुझाया गया। इस हादसे में बैटरी, इन्वर्टर, वाशिंग मशीन, पंखा, सेफ तथा कपड़े जलकर नष्ट हो गए। हालांकि परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित रहे और कोई हताहत नहीं हुआ। उधर रामपुर रोड पर स्थित डंपिंग ग्राउंड में पड़े कबाड़ में आग लगने से क्षेत्र में धुएं का घना गुबार फैल गया।



आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दमकल वाहन से लगातार पानी की बौछार कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कफी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित कर लिया गया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि दोनों घटनाओं में समय पर कार्रवाई होने से बड़ा नुकसान टल गया। आग बुझाने के बाद लोगों को विद्युत उपकरणों के रखरखाव और अग्नि सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक भी किया गया। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर सर्विस को सूचना दें।

## नवजात की मौत से फूटा परिजनों का गुस्सा, निजी अस्पताल पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के गढ़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में नवजात शिशु की मौत के बाद मंगलवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया। शोक. ाकुल परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर समय रहते उचित निर्णय न लेने का आरोप लगाते हुए जमकर विरा. ेध प्रदर्शन किया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया।

जानकारी के अनुसार, प्रसव के लिए भर्ती कराई गई महिला का ऑपरेशन कर चिकित्सकों ने बच्चे का जन्म कराया था। परिजनों के मुताबिक जन्म के बाद नवजात की तबीयत बिगड़ने लगी और उसे विशेष चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया। परिवार का आरोप है कि हालत गंभीर होने के बावजूद बच्चे



को उच्च चिकित्सा केंद्र भेजने में देरी की गई। परिजनों का कहना है कि अस्पताल की ओर से उन्हें लगातार उपचार जारी रहने और स्थिति नियंत्रण में होने की जानक. ारी दी जाती रही। मंगलवार की सुबह अस्पताल से फोन आने पर परिवार के लोग तत्काल वहां पहुंचे, लेकिन तब तक नवजात दम तोड़ चुका था। मौत की सूचना मिलते ही परिजन भड़क उठे और अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने चिकित्सकीय लापरवाही की जांच कराने तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। काफी देर तक चले विरोध के बाद पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि नवजात की चिकित्सकीय स्थिति अत्यंत गंभीर थी और उसे बचाने के लिए उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग किया गया। प्रबंधन ने किसी भी प्रकार की लापरवाही से इनकार किया है। मामले को लेकर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी जुटाई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि नवजात की मौत किन परिस्थितियों में हुई। फिलहाल घटना के बाद परिवार गहरे सदमे में है और न्याय की मांग कर रहा है।

## उत्तराखंड पुलिस ने चोरी के मामले में गढ़ में दी दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** उत्तराखंड के रुद्रपुर पुलिस ने एक मकान से लाखों की नकदी ओर जेवर चोरी करने वाले बदमाशों की तलाश के लिए गढ़ नगर में दबिश दी है। पुलिस के अनुसार चोरों ने घटना के दौरान जिस साइकिल का प्रयोग किया था वह साइकिल गढ़ नगर से एक दुकान से खरीदी गई थी।

सोमवार को गढ़ कोतवाली पहुंचे रुद्रपुर कोतवाली में तैनात एसआई दीपक बहुगुणा ने बताया कि उनके क्षेत्र के गांव लम्बाखेड़ा निवासी इरफान अली ने 17 मई को एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उसमें उल्लेख किया था कि उनके घर से चोर डेढ़ लाख रुपये की नकदी और आधा किलो चांदी के जेवर समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद चोरों को तलाश किया। पुलिस के अनुसार चोरी की घटना कि घटना को अंजाम देने वाले चोरों ने रुद्रपुर के एक माल में खरीद्दारी की थी। वहीं घटना के दौरान उन्होंने एक साइकिल का प्रयोग किया था। वहीं पुलिस के अनुसार चोरी की घटना में चोरों ने जिस साइकिल का प्रयोग किया गया था, वह साइकिल गढ़ नगर से 15 मई को खरीदी गई थी, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और उस दुकान का नाम और नंबर नजर आया। पुलिस के अनुसार 15 मई को गढ़ नगर की साइकिल की दुकान पर चोरी करने वाले चोर और रुद्रपुर के मॉल में खरीद्दारी करने वाले चोर एक ही है। पुलिस ने अब गढ़ आकर उनकी जानकारी करते हुए नगर के सीसीटीवी कैमरों की जांच की है।

## धौलाना औद्योगिक क्षेत्र की बदहाल अप्रोच रोड पर शासन गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** मसूरी-गुलावठी रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र की अप्रोच रोड की समस्या के समाधान को लेकर सोमवार को लखनऊ में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्यमियों ने खराब सड़क व्यवस्था से उद्योगों को हो रहे नुकसान का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया, जिस पर शासन स्तर से सकारात्मक आश्वासन मिला है। एमजीआर इंडस्ट्रियलिस्ट वेलेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट विभाग के चेयरमैन दीपक कुमार सिंह से मुलाकात कर औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, परिवहन और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की अप्रोच रोड लंबे समय से खराब हालत में है, जिससे उद्योगों के संचालन और माल परिवहन में लगातार बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।

बैठक में बताया गया कि सड़क की जर्जर स्थिति के कारण उद्योगों तक कच्चे माल और तैयार उत्पादों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। इसके अलावा कर्मचारियों और वाहन चालकों को भी रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उद्यमियों ने कहा कि क्षेत्र के विकास और नए निवेश को आकर्षित करने के लिए बेहतर सड़क संपर्क अत्यंत आवश्यक है। चेयरमैन दीपक कुमार सिंह ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा कि मामले की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित विषय पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर अगले 15 से 20 दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाए, ताकि समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें। बैठक के बाद दीपक शर्मा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के अंदरूनी मार्गों का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन मुख्य अप्रोच रोड का निर्माण भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण होने से उद्योगों की कार्यक्षमता बढ़ेगी, परिवहन व्यवस्था सुगम होगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शासन के सहयोग और उद्यमियों के संयुक्त प्रयासों से अप्रोच रोड की लंबे समय से चली आ रही समस्या का जल्द समाधान होगा और औद्योगिक क्षेत्र को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकेंगी।




### एक नजर

## चोरी किए सामान के साथ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव ओरंगाबाद निवासी महिला ने ससुराल पक्ष पर मुकदमा में फैसला न करने पर चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी पल्लवी ने बताया कि उसकी शादी मेरठ निवासी एक युवक से हुई थी। शादी के बाद से ही पति समेत अन्य ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। पीड़िता द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि उसने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि अब उस मामले में फैसला न करने आरोपी पक्ष उस पर निरंतर दवाब बना रहे है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसके पिता को फोन कर तरह तरह की धमकी दे रहे है, जबकि उसके चेहरे पर भी तेजाब डालने की धमकी दी गई है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर महिला पर हमला किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव शेरा कृष्णा वाली मडैंया निवासी विकास ने बताया कि दो दिन पूर्व वह घर पर था। जबकि उसकी चाची सावित्री काम कर रही थी। तभी पड़ोसी युवक वहां आया और उसको गाली गलौज करने लगा। उसकी चाची ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने घर में घुसकर चाची को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण

**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के एक गांव में मामा के घर आई एक युवती ने सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती और फिर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता अपनी व्यथा को लेकर नहटौर थाने पहुंची है। बिजनौर शहर क्षेत्र की रहने वाली एक पीड़िता कुछ समय पूर्व नहटौर क्षेत्र में अपने मामा के घर आई हुई थी। इसी दौरान उसकी इंस्टाग्राम पर एक युवक से बातचीत शुरू हुई। युवक ने युवती को खुद को सेना का जवान बताया। बातचीत का सिलसिला धीरे-धीरे दोस्ती में बदला और फिर प्यार में परिवर्तित हो गया। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उससे शादी करने का वादा किया और इसी झांसे में लेकर उसे सहारनपुर बुलाया। वहां युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

## दुकान से घर लौट रहे किशोर का किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी नवाजिश ने बताया कि वह नाबालिक है। पीड़ित ने बताया कि दो दिन पूर्व वह गांव की दुकान से सामान लेने के बाद घर लौट कर आ रहा था। रास्ते में उसको रोक कर ग्रामीण ने गाली गलौज की। पीड़ित ने उनको ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला की गला दबाकर हत्या का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद मेरठ के किठौर निवासी युवक ने बहन की ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर बहन का गला दबाकर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित रिजवान ने बताया कि उसकी बहन रिजवाना ने का निकाह सिंभावली के गांव मुरादपुर में हुआ था। निकाह के बाद से ही उसकी बहन के ससुराल पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। इसको लेकर कई बार विवाद हुआ। पीड़ित ने बताया कि दो दिन पूर्व उसकी बहन को आरोपी पक्ष ने बेरहमी से मारपीट की साथ ही उसकी बहन का गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। बहन के द्वारा दी गई सूचना के बाद वह मौके पर पहुंच। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दुकान में घुसकर हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगा नगरी निवासी सतेंद्र सिंह ने बताया कि वह कपड़ों की दुकान करते है। उसके पड़ोसी से कुछ दिन पूर्व कहासुनी हो गई थी। उस समय तो आस पास के लोगों ने समझौता कर दिया, लेकिन दो दिन पूर्व आरोपी उसकी दुकान पर आया और दुकान में घुसकर हमला कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## व्यापारी के घर डकैती पर भाजपा नेता का बड़ा बयान, बोले: हापुड़ के व्यापारियों की सुरक्षा से नहीं होगा समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के प्रतिष्ठित कारोबारी नरेंद्र अग्रवाल के आवास पर हुई करोड़ों रुपये की डकैती के बाद राजनीतिक और व्यापारिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। घटना के बाद भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत शारदा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द मामले का खुलासा कर आरो. पियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की।

मंगलवार को नरेंद्र अग्रवाल के आवास पहुंचे विनीत शारदा ने घटना को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अपराधियों के खिलाफ कठोर नीति पर काम कर रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मीडिया से बातचीत में विनीत शारदा ने कहा, नरेंद्र अग्रवाल के परिवार के साथ हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। जिस तरीके से अपराधियों ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया, उससे स्पष्ट है कि उनके मन में कानून का भय समाप्त हो चुका था, लेकिन उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि यह उत्तर प्रदेश अब पहले वाला उत्तर प्रदेश नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और इस मामले में भी कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा, मैंने पुलिस अधिकारियों से बातचीत की है। जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और कई महत्वपूर्ण सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं। मुझे विश्वास है कि जल्द ही अपराधी पुलिस गिरफ्त में होंगे। भाजपा नेता ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि पूरा व्यापारिक समाज उनके साथ खड़ा है और न्याय मिलने तक यह लड़ाई जारी रहेगी।



# 35 लाख के 121 गायब मोबाइल बरामद

**पुलिस ने ऑपरेशन सहयोग के तहत मालिकों को वापस लौटाए**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेंट्रल नोएडा पुलिस ने ऑपरेशन सहयोग के तहत 121 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को वापस सौंप दिए हैं। इन मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 35 लाख रुपये है। ये फोन विभिन्न सार्वजनिक स्थानों से 2020 से लेकर अब तक गुम हुए थे। पुलिस की सर्विलांस सेल और सूरजपुर पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी निगरानी की मदद से इन फोनों को ट्रेस किया। जैसे ही गुम हुए मोबाइल फोन ऑन हुए, उनकी लोकेशन ट्रैक कर उन्हें बरामद कर लिया गया।





एडिशनल डीसीपी स्वतंत्र सिंह ने आज एक कार्यक्रम में सभी 121 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंपे। उन्होंने बताया कि ये फोन बस, ऑटो, मेट्रो और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गुम हुए थे, जिनकी शिकायतें पुलिस में दर्ज कराई गई थीं। कई वर्षों बाद अपने फोन वापस पाकर लोगों ने नोएडा पुलिस के प्रयासों की सराहना की। कुछ मालिकों ने बताया कि उन्हें अपने फोन वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी। एडिशनल डीसीपी स्वतंत्र सिंह ने कहा कि इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा। बरामद किए गए फोनों में एक ऐसा मोबाइल भी शामिल है जो 2020 में गुम हुआ था, जिसे पाकर उसके मालिक ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

# तीन सोसाइटी में बन रहे ईवी चार्जिंग स्टेशन, एक समय में दो वाहन होंगे चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट और ग्रेनो की तीन सोसाइटी के निवासियों को आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्ज करने में परेशानी नहीं होगी। जल्द ही वहां चार्जिंग स्टेशन काम करने लगेंगे। निजी कंपनी के साथ मिलकर एनपीसीएल ने चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू कर दिया है। कंपनी का कहना है कि तीनों स्टेशन पर फास्ट व स्लो चार्जर की सुविधा होगी और एक समय में दो वाहन को चार्ज किया जा सकेगा।

ग्रेनो वेस्ट व ग्रेटर नोएडा में ईवी की संख्या बढ़ रही है, लेकिन वहां पर चार्जिंग के साधन सीमित हैं। इसी को देखते हुए एनपीसीएल ने यह कदम उठाया है। एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज कुमार झा ने बताया कि ग्रेनो वेस्ट की निराना एस्पायर व गौड़ सिटी-2 की 16 एवेन्यू सोसाइटी में चार्जिंग स्टेशन बनाने का काम जारी है। वहीं, ग्रेनो की सुपरटेक जार सोसाइटी में भी जोर-शोर से काम चल रहा है।

**45-50 मिनट में बैटरी होगी फुल चार्ज:** प्रवक्ता ने बताया कि फास्ट चार्जर की क्षमता 60 किलोवाट और स्लो चार्जर की क्षमता 14 किलोवाट होगी। फास्ट चार्जर से 45-50 मिनट और स्लो चार्जर से चार-पांच घंटे में बैटरी फुल चार्ज होगी। फास्ट चार्जर का शुल्क 15.75 रुपये प्रति यूनिट और स्लो चार्जर का शुल्क 12.75 रुपये प्रति यूनिट होगा। इसके अलावा उपभोक्ताओं को जीएसटी भी देना होगा।

निराला एस्पायर सोसाइटी के स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यहां दो बैटरी स्वैपिंग स्टेशन भी बनेंगे। चालकों को बिना इंतजार किए पूर्णतः चार्ज बैटरी मिलेगी।

**पांच और नए स्टेशन बनाने पर काम जारी:** एनपीसीएल के अफसरों का कहना है कि शहर में पांच और ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इन्हें शारदा विश्वविद्यालय, एनआरआई सोसाइटी, गौड़ सिटी-11 एवेन्यू, स्टेलर एमआई लिगेसी और इरोस संपूर्णम सोसाइटी में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। फिलहाल शहर में 12 ईवी चार्जिंग स्टेशन कार्यरत हैं। सबसे बड़ा स्टेशन तिलपता गांव में 130 मीटर रोड की तरफ है। वहां एक साथ चार बसों को चार्ज करने की सुविधा है। वहां पर 120 और 60 किलोवाट की चार्जिंग गन स्थापित है।

# प्रधानमंत्री की अपील के बाद 30 फीसदी बढ़ा साइकिल कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहरवासी अब खुद के स्वास्थ्य को बेहतर रखने और प्रधानमंत्री की अपील के बाद साइकिलिंग को अपना रहे हैं। यही कारण है कि साइकिल कारोबार में 30 फीसदी तक का उछाल देखने को मिला है।

व्यापारियों के अनुसार, शहर में लग्जरी बाइक और कारों का ही नहीं बल्कि यहां के लोग लग्जरी साइकिलों का भी शौक रखते हैं। पांच हजार से लेकर करीब एक लाख तक की साइकिलों का उपयोग करते हैं। सेक्टर-9 स्थित साइकिल स्टोर के मालिक राजेश ने बताया कि उनके पास 5 हजार से लेकर 15 हजार रुपये तक की साइकिलें उपलब्ध हैं। युवा सबसे ज्यादा गियर वाली साइकिलों को लेना पसंद करते हैं। वहीं रोजमर्रा के लिए साइकिलिंग करने वाले लोग लंबे समय तक चलने वाली मजबूत बनावटी टिकाऊ साइकिलों को खरीदना पसंद करते हैं। इसी तरह सेक्टर 52 के साइकिल व्यापारी सुरेश ने बताया कि आजकल लोग अपने बच्चों के लिए भी सबसे ज्यादा साइकिल ही खरीदते हैं, क्योंकि वाहन चलाने की सबसे पहली सीढ़ी साइकिल से ही शुरू होती है, जो धीमी गति, संयमित करने और दोपहिया वाहन चलाने, खुद का भार मैनेज करने में सहायता प्रदान करती है।

**तीन तरह की आती हैं साइकिलें:** साइकिल व्यापारी के अनुसार, मार्केट में तीन तरह की साइकिलें आती हैं, जो आमतौर पर साइकिलिस्ट चलाते हैं। इनमें पहली माउंटेन बाइक, दूसरी रोड बाइक और तीसरी हाईब्रिड बाइक। सबसे महंगी रेंज में रोड बाइकें (साइकिलें) आती हैं, जिनकी कीमत 40 हजार से लेकर एक लाख और उससे ज्यादा भी होती है। इनके टायर आमतौर पर कम चौड़ाई वाले लंबे होते हैं, जिससे यह एक्सप्रेसवे जैसे चमचमाती रोड पर पूरी रफ्तार से साथ दौड़ती है। इसी तरह माउंटेन बाइकें 5-7 हजार से एक लाख तक के बीच में आती हैं। इनके टायर चौड़े होते हैं, यह खासकर ऑफ रोडिंग, खुरदरे स्थान के लिए तैयार की जाती हैं, जहां पर साइकिलिंग करना बेहद मुश्किल होता है। इसके बाद आती हैं हाईब्रिड बाइकें, जिनके टायर दोनों ही तरह की साइकिलों से सबसे अलग होते हैं। इन्हें दोनों ही तरह की रोड पर चलाया जा सकता है, इनकी रेंज भी महंगी होती है।

**60 हजार की साइकिल से चलते हैं राजीव:** सेक्टर-50 निवासी राजीव सिंह की उम्र 60 साल से अधिक है लेकिन साइकि. लिंग से फिट हुए उनके शरीर को देखकर उनकी उम्र का अंदाजा लगाना भी कठिन है। उन्होंने बताया कि उनके साथ हर उम्र के लोग जुड़ रहे हैं। खासकर तब जब पीएम मोदी ने पेट्रोल डीजल बचाने का आग्रह किया है। उनके साथ फिलहाल 50 से ज्यादा ऐसे शहरवासी हैं जो उनके साइकिलिंग के ग्रुप से जुड़े हैं। उनका कहना है कि उनका ग्रुप रोजाना के हर छोटे मोटे यानी करीब पांच किलोमीटर के दायरे वाले काम के लिए साइकिलिंग का ही सहारा लेते हैं। वह खुद 60 हजार की हाईब्रिड श्रेणी वाली साइकिल चलाते हैं।

**10 साल में जुड़े 200 से ज्यादा शहरवासी:** सेक्टर-34 निवासी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्होंने खुद को फिट रखने के लिए दस साल पहले ही साइकिलिंग शुरू कर दी थी।

# 5.43 किमी एलिवेटेड आईआईटी बनाएगा डीपीआर

## 700 करोड़ होंगे खर्च, 6 लेन की होगी, एमपी-2 को जोड़ेगी, जिससे कई सेक्टर को फायदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एमपी-1 रोड पर प्रस्तावित एलिवेटेड की लंबाई करीब डेढ़ किमी बढ़ा दी गई है। अब ये रोड नोएडा के सेक्टर-3 से सेक्टर-60 तक जाएगी। यहां एमपी-2 रोड को कनेक्ट करेगी। इसका डिजाइन आईआईटी बनाएगा। बैठक में प्राधिकरण कंस्लटेंट के लिए आईआईटी को ढाई करोड़ रुपए देगा। इस रोड के बनने से दिल्ली से सीधे नोएडा आईटी सेक्टर और इंडस्ट्रियल सेक्टरों तक जा सकेंगे।

एमपी-1 रोड पर एलिवेटेड सेक्टर-3,10, 12,22 टी प्वाइंट, सेक्टर-57 और आगे सेक्टर-60 तक जाएगी। यहां टेक्निकल पाइंट सेक्टर-12-22 का टी प्वाइंट है। यदि यहां से कर्व दिया गया तो ये 90 डिग्री का होगा। इसलिए आईआईटी अपने डिजाइन में इसे बतौर देखेगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि कर्व पहले से दिया जाएगा। जिससे ट्रैफिक काफी स्मूद होगा।

इस एलिवेटेड को करीब 700 करोड़ में बनाया जाएगा। आईआईटी रूढ़की एक महीने में इसकी फिजिबिलिटी चेक करके इसका डिजाइन और डीपीआर तैयार करेगी। फाइनल बजट डीपीआर के बाद ही तय होगा।इसके बनने से नोएडा के सेक्टर-62 तक जाना आसान होगा। यानी महज 10 मिनट में डीएनडी से सेक्टर-62 तक जाया जा सकेगा। ये एलिवेटेड करीब 5.43 किलोमीटर और छह लेन की होगी। खास बात यह है कि साल 2015-16 में यूपी के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस परियोजना का शिलान्यास किया था लेकिन उसके बाद से इसकी फाइल दब गई।

**पीक आवर में रहता है जाम:** सुबह और शाम व्यस्त समय में रजनीगंधा से सेक्टर-12-22-56 तिराहे तक वाहनों का दबाव रहता है। शाम के वक्त तो वाहन रेंगते नजर आते हैं। आने वाले समय में वाहनों का यहा दबाव और भी बढ़ेगा। इस सड़क से शहर के औद्योगिक सेक्टरों के साथ कई आवासीय सेक्टरों को लोग जाते हैं। वहीं गाजियाबाद खासकर खोड़ा और इंदिरापुरम, दिल्ली जाने वाला ट्रैफिक भी होता है। इस लिहाज से आवागमन के लिए यह सड़क अहम है।

**सपा काल में हो चुका शिलान्यास:** सपा शासनकाल में इस परियोजना का शिलान्यास तक हो चुका है। तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एमपी वन रास्ते पर सेक्टर-10 से सेक्टर-12-22 तिराहे तक एलिवेटेड रोड की परियोजना का शिलान्यास किया था। इसके बाद साल 2017 में भाजपा के सत्ता में आने पर फिर से इसकी प्रक्रिया शुरू हुई लेकिन कुछ समय बाद मामला ठंडे बस्ते में गया। अब इसे दोबारा से बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

## एक नजर

### जान से मारने की धमकी देने का आरोप चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र के इमलिया गांव के युवक ने गांव के चार लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरा. ेप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक गौरव ने बताया कि उनके मोबाइल पर 28 मई की रात अरुण उर्फ गुलजार, निखिल, सचिन और अनिल ने संपर्क किया। आरोप है कि बातचीत के दौरान चारों ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी। गौरव का कहना है कि धमकी मिलने के बाद से वह और उसका परिवार काफी डरा हुआ है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जनगणना: ड्यूटी रिसीव न करने वाले 29 प्रागणकों पर होगी एफआईआर

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जनगणना 2027 के लिए रिसीव न करने और शासकीय कार्य में असहयोग करने पर 29 प्रागणकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए ग्रेटर नोएडा के चार्ज अधिकारी ने डीसीपी नोएडा को पत्र लिखा है। दरअसल, जनगणना 2027 का कार्य चल रहा है। करीब 3000 कर्मचारियों को प्रागणक के रूप में कार्य आवंटित किया गया है, जिनमें से 29 कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने समय बीत जाने के बाद भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। इनसे मोबाइल पर संपर्क कर व्हाट्सएप पर ड्यूटी भेज दी गई है, लेकिन इन लोगों ने ड्यूटी संबंधित दस्तावेज लेने से मना कर दिया। जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्य में सहयोग न करने के चलते चार्ज अधिकारी की तरफ से 29 प्रागणकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए डीसीपी नोएडा को पत्र लिखा है, जिन 29 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है, उनमें सीमा देवी, प्रदीप कुमार, प्रीति शर्मा, आर्य, वंदना सिंह, जीके बाबू, सिंह, शशि, अमिता सिंह, प्रीति सिंह, मनीषा मथुरिया, प्रमोद सिंह, किशोरी, सिंह, तोमर, वंदना, ममता, दुरदाना, नीतू, प्रदीप शर्मा, गुलाब सिंह, ललिता, दुर्गा शुक्ला, धन देवी, कमल सिंह चौधरी, राजेश कुमार और किशोरी सिंह शामिल है। इनके खिलाफ जल्द एफआईआर दर्ज हो जाएगी। चार्ज अधिकारी ने कहा है कि जिन प्रागणकों ने अभी तक जनगणना का कार्य शुरू नहीं किया है, वे शीघ्र ड्यूटी रिसीव कर जनगणना कार्य पूर्ण करें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### सीनियर की जगह जूनियर को बनाया कार्यवाहक डीआईओएस

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जनपद में नए डीआईओएस ने अपना कार्यभार अब तक नहीं संभाला है। इससे पहले ही सीनियर प्रधानाचार्य की जगह एक जूनियर प्रधानाचार्य को डीआईओएस का कार्यवाहक चार्ज दिया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, अब तक डीआईओएस का पदभार संभाल रहे राजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को सहारनपुर एडी का पद संभाल लिया है। उनकी जगह चंद्रशेखर नए डीआईओएस होंगे। लेकिन उनके चार्ज संभालने तक यह जिम्मेदारी राजकीय इंटर कॉलेज चीती की प्रधानाचार्य को दी गई है। हालांकि शिक्षकों का कहना है कि कुमारी मायावती इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य वरिष्ठ हैं। लिहाजा चार्ज उन्हें ही मिलना चाहिए था लेकिन एक जूनियर को कार्यवाहक डीआईओएस बना दिया गया। शिक्षकों का कहना है कि डीआईओएस कार्यालय में तैनात बाबू अपने फायदे के लिए पंसदीदा प्रधानाचार्य को चार्ज दिलवा देते हैं। आरोप है कि जनपद में लंबे समय से नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। हाल ही में इन बाबूओं पर संगठनों ने भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए थे। हालांकि जांच न होने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। बता दें कि डीआईओएस चंद्र शेखर वर्तमान में आगरा में पद संभाल रहे हैं। अब तक उन्होंने नया पदभार नहीं संभाला। जनपद में आठ, नौ और दस जून को पुलिस भर्ती परीक्षा है। छह पालियों में 42048 परीक्षार्थी शामिल होंगे। डीआईओएस न होने से बैठकेंभी प्रभावित हो रहीं हैं।

# रवि काना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**ग्रेटर नोएडा।** स्क्रैप माफिया रवि काना को एक बार फिर अदालत से बड़ा झटका लगा है। जिला अदालत ने आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने आदेश में कहा कि आरोपी ने जमानत की शर्तों का पालन नहीं किया। पुलिस जांच से लगातार बचता रहा और विवेचना में बाधा उत्पन्न की। अब उसे आत्मसमर्पण करना होगा। अदालत ने कहा कि जांच में पूरा सहयोग और पुलिस के समक्ष उपस्थित की शर्त पर उसे फरवरी में अग्रिम जमानत प्रदान की गई थी, लेकिन रिपोर्ट में पाया गया कि आरोपी ने बार-बार जांच अधिकारी के सामने पेश होने से परहेज किया।

# पश्चिम बंगाल से अगवा किशोरी नोएडा में बरामद

**एएचटी और पश्चिम बंगाल पुलिस ने मिलकर किया बरामद, हिरासत में लिया आरोपी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) यूनिट ने मिशन मुक्ति फाउंडेशन और पश्चिम बंगाल पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए दिनाजपुर जिले से अगवा की गई एक 15 साल की किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर पश्चिम बंगाल पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

एसीपी महिला सुरक्षा दीक्षा सिंह ने बताया कि सोमवार को थाना एएचटी और मिशन मुक्ति फाउंडेशन को सूचना मिली कि दक्षिण दिनाजपुर जिले के हरिरामपुर थाना क्षेत्र से अपहृत एक नाबालिग लड़की को नोएडा में रखा गया है।।इस संबंध में पश्चिम बंगाल के हरिरामपुर थाने में मुकदमा दर्ज है। सूचना मिलने के बाद थाना एएचटी, मिशन मुक्ति फाउंडेशन और पश्चिम बंगाल पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।

**सोसाइटी में साफ-सफाई का काम:** जांच के दौरान टीम बिसरख थानाक्षेत्र के गांव इटैडा स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में पहुंची। वहां स्थानीय लोगों को किशोरी की तस्वीर दिखाकर जानकारी जुटाई गई। लोगों ने बताया कि लड़की एक व्यक्ति के साथ इलाके में रह रही है और एक सोसाइटी में सफाई का काम करती है। इसके बाद पुलिस टीम ने संबंधित सोसाइटी में पहुंचकर किशोरी और आरोपी को तलाश लिया। दोनों वहां काम करते हुए मिले।

**किशोरी का रेस्क्यू किया:** टीम ने महिला आयोग के दिशा-निर्देशों और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए किशोरी को सुरक्षित रेस्क्यू किया और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराया और उसे चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) गौतमबुद्धनगर के समक्ष पेश किया। बाद में उसे पश्चिम बंगाल पुलिस के संरक्षण में सौंप दिया गया। वहीं गिरफ्तार आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पश्चिम बंगाल पुलिस अपने साथ ले गई है।

# ग्रेनो, आईआईटीजीएनएल, एमएमएलएच-एमएमटीएच का अध्ययन करने आए छह आईएएस अफसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** भारत सरकार में बतौर सहायक सचिव तैनात 6 आईएएस अफसर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, आईआईटीजीएनएल की स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप, मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब (एमएमएलएच) का अध्ययन करने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे। इन अफसरों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह के साथ बैठक कर टाउनशिप और एमएमएलएच-एमएमटीएच के बारे में जानकारी प्राप्त की।



भारत सरकार में बतौर सहायक सचिव तैनात 6 आईएएस अफसर आयूषी प्रधान, बेंजो पी. जोस, फडतरे अनितेश अशोक, प्रिया रानी, सलोनी छाबड़ा, जुफिशन हक मंगलवार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में जमीन अधिग्रहण से लेकर विकास कार्यों तक के बारे में जानकारी और अपने अनुभव साझा की। सीईओ ने कहा कि किसानों से जमीन लेकर उद्योगों को देने के पीछे मुख्य मकसद रोजगार और निवेश है, ताकि यहां के युवाओं को जीवकोपार्जन का एक जरिया बन सके। उन्होंने इन छह अफसरों को रोजगार सृजन की दिशा में कार्य करने की सीख दी।

एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब के बारे में जानकारी दी। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में अब तक 30 से अधिक बड़ी कंपनियों को जमीन आवंटित किया गया है। इनमें से हायर जैसी बड़ी कंपनियां फंक्शनल हो चुकी हैं। ये कंपनियां अब तक लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश और लगभग 23 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार भी दे रहीं हैं। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने टाउनशिप में ऑटोमेटिक वेस्ट कलेक्शन सिस्टम, 24 घंटे बिजली-पानी और सुरक्षा सिस्टम पर जानकारी दी। मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के अंतर्गत रेल, मेट्रो और बस टर्मिनल विकसित किए जाने के बारे में भी बताया। इन अफसरों के समक्ष इंफ्रास्ट्रक्चर और परियोजनाओं पर प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। इसके बाद मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया। इस दौरान आईआईटीजीएनएल की टीम भी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** बांजरपुर गांव के निकट रविवार शाम सड़क हादसे में ऑटो और गन्ना जूस ठेले की कड़ी टक्कर हो गई। इस घटना में चालक ऑटो के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसको अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार कासना कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव निवासी 38 वर्षीय बुधराम ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। रविवार शाम वह ककोड़ क्षेत्र से ऑटो लेकर अपने गांव लौट रहा था। ऑटो लेकर जब वह दनकौर क्षेत्र के बांजरपुर गांव के पास पहुंचा, तभी सड़क किनारे खड़े गन्ने का जूस निकालने वाले एक अवैध वाहन से टक्कर हो गई।

# मेट्रो ट्रैक पर कूदा व्यक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार को उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब एक व्यक्ति अचानक दिल्ली की ओर जा रही मेट्रो के सामने ट्रैक पर कूद गया। मेट्रो चालक और स्टेशन स्टाफ की सतर्कता के चलते व्यक्ति को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए मेट्रो संचालन प्रभावित रहा और स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

दिल्ली की ओर जा रही मेट्रो गाड़ी संख्या 7449 जैसे ही सेक्टर-16 स्टेशन पर पहुंची, तभी एक व्यक्ति अचानक ट्रैक पर कूद गया। चालक ने स्थिति को भांपते हुए तत्काल आपातकालीन ब्रेक लगाए, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद सुरक्षा कारणों से मेट्रो को खाली कराया गया और यात्रियों को स्टेशन परिसर से बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही थाना फेज-1 पुलिस और मेट्रो सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस और मेट्रो स्टाफ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को सुरक्षित ट्रैक से बाहर निकाला। इसके बाद उसे पूछताछ के लिए अपने साथ ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में व्यक्ति की उम्र करीब 50 से 60 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पूछताछ के दौरान उसकी मान. सिक स्थिति सामान्य नहीं लग रही थी।

# सरकारी स्कूलों का होगा ऑडिट सुरक्षा व्यवस्था परखी जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद के सरकारी और अशासकीय सहायता प्राप्त बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों का सुरक्षा ऑडिट होगा। इसमें विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की जाएगी। साथ ही जोखिमों को तय समय के भीतर खत्म करना होगा। विभाग ने हाल ही में एक कंपनी के साथ एक अनुबंध किया है। विद्यालयों का वैज्ञानिक और तकनीकी मानकों पर मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें भवनों की संरचनात्मक स्थिति की जांच होगी। आग से सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, भूकंप, बाढ़ आदि से निपटने के लिए संबंधित तैयारियां भी देखी जाएंगी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि विशेषज्ञों की टीम विद्यालय भवनों की संरचनात्मक स्थिति अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को बारीकी से परखेगी। साथ ही स्कूलों में स्वच्छता सुविधाएं, प्रवेश व निकास व्यवस्था और छात्र-छात्राओं की समग्र सुरक्षा से जुड़े हर छोटे-बड़े पहलू की गहन जांच की जाएगी। इसके बाद हर स्कूल के लिए संभावित जोखिमों की पहचान कर रिपोर्ट और सुधारात्मक सुझाव विभाग को सौंपेगी। इस कस्टमाइज्ड रिपोर्ट की मदद से भविष्य में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना या दुर्घटना को रो. कने में मदद मिलेगी और एक रक्षित शिक्षण वातावरण का निर्माण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# श्रमिक हिंसा मामले में डीयू छात्र गिरफ्तार

## पुलिस ने बताया आरोपी का साजिश में अहम किरदार, सोशल मीडिया पर मजूदरों को उकसाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** 13 अप्रैल को नोएडा में हुई श्रमिक हिंसा मामले में पुलिस ने दिल्ली विश्वविद्यालय के एलएलबी के छात्र योगेश मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। योगेश दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव भी लड़ चुका है और वह आरडब्ल्यूपीआई (रिवोल्यूशनरी वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया) से भी जुड़ा बताया जा रहा है।



पुलिस का दावा है कि श्रमिक हिंसा के पीछे सुनियोजित साजिश रची गई थी। योगेश मीणा इस पूरे घटनाक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। वह मूलरूप से राजस्थान के जयपुर का रहने वाला है। जांच के दौरान पुलिस को ऐसे कई डिजिटल और तकनीकी साक्ष्य मिले हैं, जिनके आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि योगेश मीणा ने सोशल मीडिया और विभिन्न वाट्सऐप समूहों के माध्यम से ऐसा माहौल तैयार करने की को. शिश की, जिससे श्रमिकों के बीच आक्रोश और भ्रम फैल सके।

**पुलिस ने दावे को पूरी तरह से नकारा:** हिंसा के दौरान और बाद में उसके द्वारा विभिन्न वाट्सऐप ग्रुपों में यह प्रचारित किया गया था कि नोएडा पुलिस के एक अधिकारी का चालक श्रमिकों के संपर्क में है और वह आंदोलन से जुड़े लोगों को उकसा रहा है। पुलिस के अनुसार यह दावा पूरी तरह भ्रामक और साजिश का हिस्सा था। जांच के दौरान पुलिस ने कथित चालक अनिल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

पूछताछ और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को पता चला कि अनिल का किसी पुलिस अधिकारी से कोई संबंध नहीं था और न ही वह किसी अधिकारी का चालक था। अनिल और योगेश मीणा के बीच लगातार संपर्क था। दोनों के बीच हिंसा वाले दिन भी बातचीत हुई थी।

**वाहनों में लगाई गई थी आग:** सोशल मीडिया के जरिए फैलाई गई भ्रामक सूचनाओं ने बड़ी संख्या में श्रमिकों को प्रभावित किया था। इसके बाद विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में हिंसक घटनाएं सामने आईं। पुलिस जांच के अनुसार 13 अप्रैल को हुई हिंसा के दौरान करीब सैकड़ों कंपनियों में तोड़फोड़ की गई। बड़ी संख्या में फैक्ट्रियों, कार्यालयों और औद्योगिक इकाइयों को नुकसान पहुंचाया गया। उपद्रवियों ने कई स्थानों पर आगजनी भी की।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# PWD की तानाशी से परेशान ग्रामीण पहुंचे कलक्ट्रेट

## किसान नेता प्रदीप धामा ने दी आर-पार की लड़ाई की चेतावनी, डीएम से उचित कार्रवाई की मांग








**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना क्षेत्र स्थित बिराल गांव के ग्रामीण पीडब्ल्यूडी द्वारा जारी अतिक्रमण नोटिस के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) उनके 70 साल पुराने घरों को अवैध बताकर हटाने की तैयारी कर रहा है। इस प्रदर्शन को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का भी समर्थन मिला है।

दिल्ली-सहारनपुर हाईवे किनारे स्थित इस जमीन पर लगभग 120 परिवारों के मकान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले 70 वर्षों से यहीं रह रहे हैं। कुछ जमीनें पुश्तैनी हैं, जबकि कुछ पर उन्होंने कानूनी रूप से घर बनाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, सोमवार शाम को पीडब्ल्यूडी के अधिकारी गांव पहुंचे और जमीन की नाप-तौल शुरू कर दी। इसके बाद ग्रामीणों को उनके घरों को अवैध बताते हुए नोटिस जारी किए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे पहले कभी ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी, लेकिन अब अचानक उनके आशियानों को उजाड़ने की को. शिश की जा रही है। ग्रामीणों को डर है कि उनके मकानों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। उनका कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह से गलत है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर उनके तीन पीढ़ियों से बसे घरों को उजाड़ा जाता है, तो वे कहां जाएंगे। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्हें भारतीय किसान यूनियन के एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा सहित अन्य किसान नेताओं का समर्थन मिला। प्रदीप धाम ने चेता. वनी दी कि यदि किसी भी परिवार के खिलाफ कार्रवाई की गई तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर ग्रामीणों को तुरंत राहत देने की मांग की। फिलहाल, ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन जारी है और उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले में हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर महिलाओं सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# दो बाइक सवार युवकों ने एक युवक पर तलवार से हमला किया घायल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पुराने कस्बे में बाइक की टक्कर के बाद हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दो बाइक सवार युवकों ने एक युवक पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक हमलावर हाथ में तलवार लहराता हुआ दिख रहा है।

जानकारी के अनुसार, पुराना कस्बा निवासी खालिक ने कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र सादिक और भतीजा हुजैफ घर के बाहर खेल रहे थे, तभी दो बाइक सवार युवकों ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद बाइक सवारों ने सादिक और हुजैफ के साथ अभद्रता की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कुछ देर बाद, वही दोनों बाइक सवार युवक कथित तौर पर जानलेवा हमला करने के इरादे से खालिक के घर पहुंचे। इस दौरान एक युवक के हाथ में दो तलवारें थीं। गाली-गलौज के बाद उन्होंने परिवार के एक लड़के पर हमला कर दिया, जिससे उसकी गर्दन पर तलवार लगने से वह घायल हो गया। हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। कस्बा चौकी प्रभारी शिव कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

# हत्याकांड के आरोपी को न्यायालय ने सुनाया आजीवन कारावास



आरोपी



अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** किसान की हत्या करने के आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उसे पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। मामला 10 दिसंबर 2022 का है जहां छोटू निवासी बिहार ने किसान सरदार सिंह की धारदार हथियार से हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। महावतपुर बावली गांव में इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। वादी सत्यवीर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था और मामला न्यायालय में विचाराधीन था। सभी गवाहों की गवाही औरत साक्ष के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

आरोपी छोटू सरदार सिंह के यहां पर नौकरी करता था और खेत में लेट आने को लेकर सरदार सिंह ने उसको डांटा था। डांत से नाराज होकर छोटू ने गन्ने काटने की बल्टी लेकर सरदार सिंह के पास पहुंचा और उसे पर हमला करते हुए सरदार सिंह की हत्या कर दी। बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में हुई हत्या से हड़कंप मच गया था। फिलहाल आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उसे पर अर्थ दंड भी लगाया है। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष सिंह तोमर ने बताया कि हत्या के मामले में आरा. पी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है और 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। सभी साक्ष और गवाहों की गवाही के बाद न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया।

# बेटियों की सुरक्षा और सम्मान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिक. ारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में आयोजित पीसीपीएनडीटी (प्री-कन्सेप्शन एंड प्री- नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स एक्ट) बैठक में जिले के सभी 46 पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटरों में एक्टिव ट्रेकर सिस्टम लगाने का निर्णय लिया गया। इसके लागू होने के बाद प्रत्येक अल्ट्रासाउंड मशीन के ऑन- ऑफ होने, संचालन अवधि और उपयोग गतिविधियों की डिजिटल निगरानी की जा सकेगी। इसके साथ ही बागपत, प्रदेश में यह व्यवस्था लागू करने वाला दूसरा जिला बन जाएगा।

जिला प्रशासन की यह पहल बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को जमीनी स्तर पर तकनीकी मजबूती देगी। अब केवल दस्तावेजों और औचक निरीक्षणों पर निर्भर रहने के बजाय मशीनों की वास्तविक गतिविधियों का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा। इससे निगरानी अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनेगी। बैठक में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने स्पष्ट कहा कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से सघन मॉनिटरिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा और सम्मान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जाए। डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को निर्देश दिए कि जिले के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटरों के रिकॉर्ड, फॉर्म-एफ और मशीन संचालन का नियमित सत्यापन कराया जाए। जिन सेंटरों में रिकॉर्ड और मशीन उपयोग में अंतर मिले, वहां तत्काल निरीक्षण कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कई बार दस्तावेजों में सीमित उपयोग दर्शाया जाता है, जबकि मशीनों की वास्तविक गतिविधियां अलग होती हैं। एक्टिव ट्रेकर सिस्टम ऐसी अनियमितताओं की पहचान करने में मदद करेगा। एक्टिव ट्रेकर सिस्टम के माध्यम से मशीन कब चालू हुई, कितनी देर संचालित रही और कितनी बार उपयोग हुई, इसका पूरा डेटा निगरानी तंत्र में उपलब्ध रहेगा। इससे संदिग्ध समय पर मशीन संच. ालन, रिकॉर्ड में गड़बड़ी या बिना प्रविष्टि उपयोग जैसे मामलों की पहचान आसानी से की जा सकेगी। इससे निरीक्षण व्यवस्था और अधिक वैज्ञानिक तथा डेटा आधारित बनेगी। बैठक में डीएम ने बिना पंजीकरण संचालित मशीनों और संदिग्ध गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। एसडीएम स्तर पर संयुक्त निरीक्षण टीमों के गठन, आकस्मिक निरीक्षण बढ़ाने और संदिग्ध मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही जिले के सभी सेंटरों की अपडेट डिजिटल प्रोफाइल तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत भ्रूण का लिंग बताना, लिंग जांच का प्रचार करना, रिकॉर्ड में गड़बड़ी करना या बिना अनुमति मशीन संचालित करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में एफआईआर, पंजीकरण निरस्तीकरण, मशीन सीलिंग, जुर्माना और चिकित्सकीय लाइसेंस रद्द तक की कार्रवाई की जा सकती है। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नियमों के उल्लंघन पर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बागपत प्रशासन की यह पहल ऐसे समय में सामने आई है जब शासन स्तर पर डिजिटल गवर्नेंस, तकनीक आधारित मॉनिटरिंग और जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यह मॉडल प्रभावी रूप से लागू होने से बागपत पीसीपीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन और बेटियों की सुरक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के लिए मॉडल जिला बनकर उभरेगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अनुराग, एसडीएम ज्योति शर्मा, एसडीएम मनीष यादव, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा ,पीसीपीएनडीटी सेल के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम आदि उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को मिलेगी जमीनी मजबूती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने कहा कि पीसीपीएनडीटी एक्ट सामा. जिक संतुलन और महिला सम्मान से जुड़ा विषय है। उन्होंने महिला समूहों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी नेटवर्क और ग्राम पंचायतों के माध्यम से जनजागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए, ताकि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को और मजबूत किया जा सके। यह पहल कई स्तरों पर प्रभावी साबित हो सकती है। भ्रूण लिंग जांच जैसी अवैध गतिविधियों पर तकनीकी निगरानी मजबूत होगी। अल्ट्रासाउंड सेंटरों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। रिकॉर्ड प्रबंधन और फॉर्म-एफ अनुपालन अधिक प्रभावी होगा। निरीक्षण और कार्रवाई की प्रक्रिया अधिक प्रमाण आधारित बनेगी। लिंगानुपात सुधारने के प्रयासों को गति मिलेगी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को जमीनी मजबूती मिलेगी।

# सरकार से की गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के छपरौली रोड़ स्थित श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र पर गुरुकुल के विद्यार्थियों ने आचार्य पंडित श्याम वशिष्ठ के नेतृत्व में यज्ञ हवन किया इस मौके पर यज्ञ हवन में आहुतियां देते हुए सभी विद्यार्थियों में हवन पुजन यज्ञ को संपन्न कराया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच बोलते हुए स्वाध्याय केंद्र के संस्थापक आचार्य संदीप दत्त गौतम ने केंद्र और प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देकर उसे राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाना चाहिए और पूर्ण तरीके से गो हत्या पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। गाय के शरीर में 33 कोठी देवी देवता वास करते हैं। उन्होंने कहा कि गौ माता की हिंदू धर्म में पूजा अर्चना की जाती है और गौ माता करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र भी है। सरकार को इस पर अपना ध्यान आकर्षित करते हुए गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करके उसे राष्ट्र का दर्जा देकर गौ माता की हत्या पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध लगाए और गोवंश की हत्या करने वालों पर गैंगस्टर लगाकर हत्यारों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई जाये। हवन पूजन यज्ञ के उपरांत श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के संस्थापक आचार्य संदीप दत्त गौतम प्रेस वार्ता करते हुए सरकार से गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की।

# पुलिस एनकाउंटर नहीं करती अभिरक्षा में चलाती है गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में एक रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता करते हुए पंडित आरडी शर्मा ने कहा कि मीडिया से रूबरू होते हुए पुलिस प्रशासन के कदम को सराहनीय कदम बताते हुए राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन के अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने कहा कि खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद में बकरा ईद के दिन बकरे की जगह सूर्य प्रताप की कुर्बानी देने वाले असद की पुलिस की गोली से हुई मौत के बारे में सरकार पर सवाल उठा रहे हैं जो बेहद ही शर्मनाक हैं।

उन्होंने कहा 95 फ़ीसदी आरोपी को जब पुलिस पकड़ने जाती है। वे शांति से सरेंडर कर देते हैं लेकिन जघन्य कांड को अंजाम देने वाले इंसान की कुर्बानी देने वाले असद जैसे जिहादी पुलिस को भी नहीं छोड़ते गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर भी फायर करते हैं और यदि अपनी सुरक्षा में पुलिस ने गोली चलाई। उससे उसकी मौत हो गई इसमें किसी का क्या कसूर है। पुलिस में भर्ती हमारे जवान इन जेहादियों की गोली से मरने के लिए भर्ती हुए हैं क्या, उनका कोई मान सम्मान इज्जत स्वाभिमान परिवार नहीं है। एनकाउंटर तो मीडिया की भाषा है। पुलिस कभी एनकाउंटर नहीं करती पुलिस हमेशा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए देश प्रदेश में शांति अमन भाईचारा बनाने के लिए कार्य करती है, लेकिन इस शांति को भंग करने के लिए जो अपराधी कार्य कर रहे हैं उनको किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। पुलिस कभी किसी अपराधी को मारना नहीं चाहती पुलिस चाहती है। उसे जेल भेजें कानून द्वारा उसे सजा हो और पीड़ित को न्याय मिले। यही योगी सरकार चाहती है लेकिन जब अपराधी पुलिस पर ही गोली चलाएगा तो उसे जहन्नुम में जाना ही पड़ेगा।

# मिट्टी में दबाए गए कथित कुर्बानी के अवशेष कुत्तों ने निकाले बाहर, ग्रामीणों में आक्रोश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के पिलाना गांव में तनाव की स्थिति बन गई। बस्ती के बीच मिट्टी में दबाए गए कथित कुर्बानी के अवशेष कुत्तों द्वारा बाहर निकाले जाने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही मौके पर भारी हंगामा हुआ। पुलिस ने लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रण में लिया।

इस दौरान जेसीबी से गड्डा खोदकर पशु अवशेषों को दोबारा दबा दिया गया। हिंदू संगठनों ने पूरे मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हिंदू संगठन के कार्यकर्ता और पदा. धिकारी ने कहा कि अगर इसमें किसी व्यक्ति ने षडयंत्र रचकर इस काम को किया है तो उसे पर कार्रवाई होनी चाहिए। वही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिक. ारी ने कहा कि अगर इस तरह की घटना करके कोई व्यक्ति माहौल खराब करना चाहता है तो उसकी पहचान करके उसे पर भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान गो रक्षा दल के जिलाध्यक्ष अक्की नंबरदार के नेतृत्व में राधे त्यागी, निशांत त्यागी, दीपक त्यागी, अर्जुन त्यागी, अभिषेक त्यागी और आदित्य त्यागी सहित कई कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए घटना स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात है।

# युवाओं की सहभागिता और कौशल आधारित विकास मॉडल को लेकर विशेष चिंतन बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को जमीनी स्तर पर उतारने की दिशा में बागपत अब राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार ने जिला स्तरीय कौशल विकास कार्यक्रम के पायलट प्रोजेक्ट के लिए देश के केवल दो जिलों में उत्तर प्रदेश के बागपत का भी चयन किया है। इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत मिशन में युवाओं की सहभागिता और कौशल आधारित विकास मॉडल को लेकर विशेष चिंतन बैठक आयोजित की गई। इस विशेष मॉडल हेतु बागपत का चयन देश के केवल दो जिलों में होना यह दर्शाता है कि यहां युवा क्षमता, सामाजिक ऊर्जा और विकास की संभावनाओं को गंभीरता से देखा जा रहा है।

बैठक में नीति आयोग से जुड़े वरिष्ठ सलाहकार एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डा.आई.वी. सुब्बाराव ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य जिलों के स्तर पर युवाओं को कौशल, तकनीक और अवसरों से जोड़कर ही यह सपना पूरा किया जा सकेगा। इस दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने संबंधित अधिकारियों को विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डा.सुब्बाराव 1979 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रह चुके हैं और वर्तमान में नीति आयोग से जुड़े वरिष्ठ सलाहकार के रूप में विभिन्न विकास मॉडल पर कार्य कर रहे हैं। वे बागपत में इस पायलट परियोजना की संभावनाओं को समझने और सहयोगात्मक मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से पहुंचे थे। बैठक में उन्होंने जिला प्रशासन, कौशल विकास विभाग, सेवायोजन, शिक्षा, उद्योग, युवा कल्याण, माय भारत और युवाओं से जुड़े विभिन्न विभागों के बीच बेहतर कन्वर्जेंस मॉडल विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती इन्फॉर्मेशन गैप है। बड़ी संख्या में युवाओं को यह जानकारी ही नहीं होती कि उनके लिए कौन-कौन सी योजनाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, डिजिटल अवसर और रोजगार आधारित कोर्स उपलब्ध हैं। कई बार विभाग अलग-अलग स्तर पर काम करते हैं, लेकिन युवाओं तक एकीकृत रूप से जानकारी नहीं पहुंच पाती। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि सभी विभाग मिलकर एक साझा प्लेटफॉर्म और समन्वित कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि यदि सही युवा तक सही समय पर सही अवसर पहुंचे, तो वही युवा विकसित भारत का परिवर्तन वाहक बन सकता है। बैठक में चर्चा हुई कि बागपत में लगभग 4 लाख 70 हजार युवा आबादी हैं और यह युवा शक्ति जिले की सबसे बड़ी ताकत है। यहाँ के युवा सामाजिक क्षेत्र, नवाचार, खेलों, कृषि, कौशल, स्वरोजगार आदि क्षेत्र में योजनाओं का संबल पाकर आगे बढ़ रहे है और देशभर में नाम रोशन कर रहे है। यूपी सरकार से सम्मानित यूथ आइकॉन अमन कुमार के अनुसार बागपत के युवा विकसित भारत लक्ष्य से जुड़कर सरकार की योजनाओं को सफल बनाने के लिए उत्साही एवं तैयार है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी विपिन कुमार, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव ने किया पेयजल टंकी, गोशाला और निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने मंगलवार को बागपत जिले के अंगदपुर गांव में पेयजल टंकी, बिजवाड़ा की गोशाला और बरनावा के पास हिंडन नदी पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के कड़े निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव सबसे पहले अंगदपुर गांव पहुंचे। उन्होंने 294. 24 लाख रुपये की लागत से बनी पेयजल टंकी के अब तक चालू न होने पर अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। जल निगम मेरठ के जूनियर इंजीनियर प्रशांत ने बताया कि पानी में रेत आने के कारण टंकी को चालू नहीं किया जा सका है। उन्होंने 15 दिन के भीतर यह समस्या दूर कर जलापूर्ति शुरू करने का आश्वासन दिया। जेई ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि समस्या बनी रहती है, तो विभाग बोरिंग को दोबारा रिबोर कराकर ग्रामीणों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संदीप, मंचवीर सिंह और अन्य ग्रामीणों ने प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपकर गांव के तालाब की सफाई कराने की मांग की। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार उर्फ रिंकू ने बताया कि गोशाला में कुल 245 गोवंश हैं, जिन पर चारे-पानी का मासिक खर्च लगभग 2 लाख 94 हजार रुपये आता है। पशु चिकित्सा अधिकारी डा.अक्षय बालियान ने दो गोवंश के बीमार होने और उनके इलाज चलने की जानकारी दी। प्रमुख सचिव ने डॉक्टरों को गोवंश की देखरेख में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

अंत में, प्रमुख सचिव ने बरनावा के पास कृष्णा नदी पर राज्य योजना सामान्य के अंतर्गत 1682.70 लाख रुपये की लागत से बन रहे पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणदायी संस्था और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुल के निर्माण कार्य में उच्च स्तरीय मानकों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने चेतावनी दी कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर का राष्ट्रीय स्तर पर किया मूल्यांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र के ललियाना स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मंगलवार को राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया गया। यह मूल्यांकन राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वा. सन मानक (एनक्यूएएस) के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली की टीम द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना है।

यह कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशन में संचालित होता है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को सुरक्षित, भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान केंद्र की व्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं को 15 विभिन्न मानकों के आधार पर परखा गया। निरीक्षण टीम ने संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था, मरीजों की देखभाल, उपचार सेवाएं, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, रोगी संतुष्टि, स्वच्छता व्यवस्था और दवाओं की उपलब्धता सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं की गहन समीक्षा की। टीम ने केंद्र में रखे गए दस्तावेजों, रजिस्टरों और रिकॉर्ड का भी बारीकी से परीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव भी दिए गए। खेकड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. ताहिर ने बताया कि एनक्यूएएस प्रमाणन मिलने से ललिताना आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अधिक बेहतर, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

**सूचना**

मैं, Harsh Yadav, ग्राम गढ़ी कलंजरी, तहसील खेकड़ा, जिला बागपत (उ.प्र.) का निवासी हूँ। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UP1720230002566 में पिता का नाम गलती से राजेंद्र कुमार दर्ज है, जबकि सही नाम राजेंद्र है। कृपया आवश्यक सुधार करने की कृपा करें।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र फारूख व पुत्रवधू मुस्कान उर्फ इमराना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
इकरामुदीन पुत्र नसीबुदीन निवासी पट्टी रतराना कस्बा टीकरी तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नईम व पुत्रवधू जैनम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
सलीम खान पुत्र आफतू उर्फ अफलातून निवासी निकट डाकघर मेरठ-बागपत रोड़ कस्बा अग्रवाल मण्डी टटीरी थाना, तहसील व जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्रो का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्रो आरिफ व उसकी पत्नि राहिन, दानिश व उसकी पत्नि नाजमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
इनाम पुत्र अब्दुल खालिक निवासी मौहल्ला केतीपुरा बागपत थाना व जनपद बागपत।

**सूचना**

हमारे पुत्रो का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्रो रामप्रवेश व पुत्रवधू गीता, सर्वेस व पुत्रवधू शिवानी, अंकुर व पुत्रवधू प्रियंका, कपिल व पुत्रवधू रजनी से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
मूलचन्द पुत्र गंगाचरण व दयावती पत्नि मूलचन्द निवासीगण रावण उर्फ बडा गाव थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

# हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने गई पुलिस से हाथापाई, परिजनों ने छुड़ाकर भगाया





■ लालकुर्ती पुलिस ने मां, पत्नी, बहन व भाई को हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लालकुर्ती थाना क्षेत्र के घोसी मोहल्ला में पुलिस टीम पर हमला कर हिस्ट्रीशीटर को छुड़ाने का मामला सामने आया है। पुलिस वारंटी सट्टा माफिया को पकड़ने पहुंची थी, तभी परिजनों ने अभद्रता और हाथापाई कर आरोपी को मौके से भगा दिया।

घटना के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी के भाई, मां, पत्नी और बहन को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस से मारपीट करने पर आरोपियों के परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। फरार हिस्ट्रीशीटर की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## फटा राष्ट्र ध्वज कर रहा सम्मान का इंतजार, महीनों से नहीं ली किसी ने सुध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** 26 जनवरी हो या 15 अगस्त, तिरंगा फहराकर फोटो खिंचवाने और देशभक्ति की बातें करने वाले नेता बाकी दिनों तिरंगे का सम्मान भूल जाते हैं। ऐसा ही एक मामला जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी से सामने आया है। गांव के मां बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर परिसर में 16 जनवरी 2025 को जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी द्वारा तिरंगा लगवाया गया था लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी झंडा फटा हुआ उसी हालत में लहरा रहा है। स्थानीय नेताओं ने इसे बदलना तो दूर, मौके पर जाना तक गवारा नहीं समझा। ग्रामीण अंकित और अरविंद का कहना है कि काफी समय से झंडे की यही स्थिति है। फटे झंडे को देखकर लगता है कि देशभक्ति अब सिर्फ सोशल मीडिया और फोटो तक सीमित रह गई है। फ्लैग कॉड ऑफ इंडिया 2002 के अनुसार फटा या मैला झंडा फहराना नियमों का उल्लंघन है। ऐसे झंडे को तुरंत सम्मानपूर्वक हटाया जाना चाहिए। अब देखना यह है कि प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि कब तक इस फटे हुए तिरंगे की सुध लेते हैं।



## ऋषभ अकादमी के विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड 2026 में लहराया परचम




मानित भोला (AIR-1470) | हिमानी सैनी (AIR-2762) | भानु सिंह (AIR-3755)

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऋषभ अकादमी, मेरठ कैंट के विद्यार्थियों ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के छात्र मानित भोला ने ऑल इंडिया रैंक 1470, छात्रा हिमानी सैनी ने एआईआर 2762 तथा छात्र भानु सिंह राजपूत ने एआईआर 3755 प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कठिन मेहनत, दृढ़ संकल्प एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश चंद जैन, सचिव डॉ. संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रकाश जैन, प्रधानाचार्य एस. त्यागी तथा उपप्रधानाचार्य पवन कपूर ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लावड़ में स्पीड ब्रेकर हटवाने की मांग

■ व्यापार संघ ने चेयरपर्सन को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** नगर पंचायत द्वारा पूर्व में कस्बे के मैन बाजार में लगे स्पीड ब्रेकर इस समय चर्चा का विषय बने हुए है। बताया जाता है कि नगर पंचायत ने मेन चौराहे से मौहल्ला पैंठ चौड़ा छोटा बाजार तक 5 सौ मीटर की दूरी तक ही 26 स्पीड ब्रेकर लगवाए थे, जिनको लेकर धीरे धीरे विरोध शुरू होता गया। लोगों का कहना है कि इन ब्रेकरों से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर मंगलवार को व्यापार संघ के अध्यक्ष गौरव गुप्ता महामंत्री नायाब रिजवी के नेतृत्व में व्यापारियों के साथ-साथ कस्बे के अन्य लोगों ने भी नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर चेयरपर्सन हज्जन आफताब को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि इन ब्रेकरों से कस्बे के लोगों के साथ साथ आमजनमानस, व्यापारी आदि सभी लोग परेशान हैं। आए दिन यहां दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है इसलिए इन ब्रेकरों को यहां से हटाया जाना चाहिए। इस दौरान व्यापार संघ अध्यक्ष गौरव गुप्ता, महामंत्री नायाब रिजवी के अलावा चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी, चंद्रपाल सैनी, हाजी खुर्शीद रिजवी, मनीष अग्रवाल, सभासद मनोज गोयल आदि लोग मौजूद रहे।



### नियम अनुसार हटवाए जाएंगे स्पीड ब्रेकरः हज्जन आफताब

कस्बे के मैन बाजार को सीसी रोड बनवाया गया था जिसके बाद वहां से वाहन काफी स्पीड से निकल रहे थे जिससे दुर्घटनाएं होने का खतरा बना हुआ था। इसी को देखते हुए वहां स्पीड ब्रेकर लगवाए गए थे लेकिन अब आम जनमानस के साथ साथ व्यापारियों को भी कठिनाइयां हो रही है। इसकी बार बार शिकायतें आ रही है इसलिए अब नियम अनुसार इन ब्रेकरों को हटाया जाएगा यहां जितने ब्रेकरों की उचित जरूरत है केवल वो ही लगे रहेंगे। बाकी यहां से उखड़वाकर अन्य उचित जगह पर लगवाए जाएंगे। इस दौरान चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने कहा कि वह हमेशा कस्बे की जनता के हित में ही कार्य करती आई है। उन्होंने कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान कराना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।

## भैंसा गांव में खाकी की धमक, फुट मार्च के साथ आरोपियों के घर दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** शुक्रवार रात भैंसा गांव में दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष के मामले में पुलिस जबरदस्त एक्शन मोड में आ गई है। मंगलवार को इंस्पेक्टर मवाना ब्रहम कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में भारी पुलिस बल ने गांव में फुट मार्च किया और आरोपियों के यहां दबिश दी, लेकिन सभी फरार मिले। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में सघन चेकिंग अभियान भी चलाया। पुलिस ने बवाल के साजिशकर्ता भाजपा नेता के बारे में भी लोगों से जानकारी हासिल की।

### यह था मामला

चार दिन पूर्व देर रात पुरानी रंजिश को लेकर रांगढ़ और मलिक पक्ष के लोगों में खूनी संघर्ष हो गया था। दोनों पक्षों की ओर से पथराव किया गया और अवैध असलाहों से फायरिंग की गई। मवाना खुर्द चौकी इंचार्ज सतेंद्र कुमार की ओर से गांव के पूर्व प्रधान सहित 21 नामजद व 12-14 अज्ञात के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनमें से

■ शुक्रवार रात दो पक्षों के बीच हुआ था बवाल

एक के पास से फायरिंग में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया था। घटना के बाद से साजिशकर्ता भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे का पदाधिकारी अंडरग्राउंड बताया जा रहा है।

**फुट मार्च के साथ दबिशः** इंस्पेक्टर मवाना ब्रहम कुमार त्रिपाठी अपने साथ थाना मवाना का समस्त पुलिस बल लेकर मंगलवार शाम भैंसा गांव में पहुंचे। उन्होंने पूरे गांव में फुट मार्च किया और रास्ते में पड़ने वाले आरोपियों के घरों में दबिश दी। सभी आरोपी फरार मिले। पुलिस ने गांव के लोगों से बात कर आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य जुटाए और गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग चेक की। संदिग्ध लगने वाले कई युवकों को रोककर पुलिस ने उनसे पूछताछ की। इंस्पेक्टर मवाना ने बताया कि अज्ञात आरोपियों की पहचान के लिए उन्होंने पुलिस की दो टीमें गठित की हैं। किसी भी सूरत में आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## ईनामी तस्कर समेत 10 गिरफ्तार, दो हत्यारों को उम्रकैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ परिक्षेत्र पुलिस ने मंगलवार को अपराध नियंत्रण की दिशा में 8 बड़ी सफलताएं हासिल कीं। जनपद मेरठ, बागपत और हापुड़ में की गई कार्रवाई में इनामी बदमाश, गैंगस्टर, चोर समेत 10 से अधिक अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। साथ ही 2 हत्या के दोषियों को न्यायालय से आजीवन कारावास की सजा दिलाई।

### प्रमुख कार्यवाहियां

**25 हजार का इनामी गौ-तस्कर दबोचाः** मेरठ के थाना भावनपुर पुलिस व स्वाट टीम ग्रामीण ने संयुक्त कार्रवाई में 25,000 रुपये के इनामी गौ-तस्कर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था।

**गैंगस्टर एक्ट में दो वांछित गिरफ्तारः** थाना लिसाड़ी गेट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की।

**चोरी की बाइक के साथ शातिर पकड़ाः** बागपत कोतवाली पुलिस ने चोरी के मुकदमे का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को दबोचा। उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई।

**ऑपरेशन शस्त्र में अवैध असलहा बरामदः** हापुड़ के थाना धौलाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन शस्त्र' के तहत की गई।

**हत्या के प्रयास में तीन गिरफ्तारः** बागपत के कोतवाली बड़ौत पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**ऑपरेशन स्माइल से दो लड़कियां सकुशल बरामदः** थाना बड़ौत पुलिस ने 'ऑपरेशन स्माइल' अभियान के तहत गुमशुदा/अपहृत 2 लड़कियों को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा।

**ऑपरेशन कन्विक्शन से दो हत्यारों को उम्रकैदः** बागपत पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी पर न्यायालय ने दो अलग-अलग हत्या के मामलों में आरोपियों को सजा सुनाई। एक आरा. पी को आजीवन कारावास व 10,000 रुपये अर्थदंड तथा दूसरे को सश्रम आजीवन कारावास व 20,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

परिक्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। 'ऑपरेशन शस्त्र', 'स्माइल' और 'कन्विक्शन' जैसे अभियानों से जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

## 4 जून को विकास भवन सभागार में किया जाएगा नवीन उचित दर विक्रेताओं का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि महानगर मेरठ क्षेत्रान्तर्गत 10 रिक्त उचित दर दुकानों के सापेक्ष नवीन उचित दर विक्रेता की नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्र अनुसार नवीन उचित दर विक्रेताओं का चयन सार्वजनिक रूप से खुली/बैठक में लॉटरी पद्धति के माध्यम से अपर जिलाधिकारी (नगर)/अध्यक्ष के अनुमोदन दिनांक 23 मई 2026 के अनुपालन में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष दिनांक 04 जून 2026 को समय अपरान्ह 12.00 बजे विकास भवन सभागार मेरठ में किया जाएगा।

## अनुष्का पाल हत्याकांडः भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार को दी सांत्वना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को मेरठ के चिरौड़ी गांव में 17 वर्षीय राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की निर्मम हत्या की सूचना पर भाजपा मेरठ के जिला अध्यक्ष हरवीर पाल के साथ पीड़ित परिवार से मिलकर उनको सरकार से ओर प्रशासन से उचित कार्यवाही कराने व परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान कराने हेतु आश्वासन दिया। इस दौरान अखिल भारतीय पाल महासभा के जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश पाल, महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल, जिला महामंत्री

■ उचित कार्रवाई करवाने व आर्थिक सहायता का दिया आश्वासन

समीर चौहान, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाल, जिला मंत्री मुक. ेश शास्त्री, मीडिया प्रभारी कुलद. ीप तोमर, दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान, विक्की शर्मा,अमित त्यागी रेहदरा, योगेश त्यागी, कुलदीप त्यागी, अजय सोम सलावा, मनोज शर्मा चिरौंडी, डॉ. धनेश पाल, प्रदीप पाल अमित चौधरी, नीतू चौधरी, सुमित पाल आदि मौजूद रहे।

# डॉ. किरण सिंह ने कुलदीप त्यागी को भेंट किया ऐतिहासिक अभिनंदन ग्रंथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाज सुधारक, प्रख्यात इतिहासकार, क्रांतिकारी कवि एवं युगदृष्टा डॉ. किरण सिंह ने मंगल पांडे नगर स्थित अपने संग्रहालय स्वरूप आवास पर भारतीय किसान आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सनातन प्रदेश संघर्ष समिति के संयोजक कुलदीप कुमार त्यागी को अपने द्वारा लिखित एवं स्वहस्ताक्षरित ऐतिहासिक अभिनंदन ग्रंथ सप्रेम भेंट किया। डॉ. किरण सिंह का आवास क्रांतिकारियों के चित्रों, वीर गाथाओं, काव्य ग्रंथों तथा विभिन्न शोध पुस्तकों से सुसज्जित है, जो इतिहास एवं राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा का केंद्र माना जाता है। इस अवसर पर कुलदीप कुमार त्यागी ने कहा कि यह ग्रंथ भारत की एकता, अखंडता, प्रगति, सद्भावना, समता तथा भ्रष्टाचार मुक्त आदर्श राष्ट्र के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसा महत्वपूर्ण ग्रंथ प्राप्त कर उसका अध्ययन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। कुलदीप त्यागी ने डॉ. किरण सिंह का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके साहित्यिक एवं ऐतिहासिक योगदान से समाज को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर भी विचार-विमर्श किया।



# अज्ञात युवकों ने क्रिकेट ग्राउंड में की तोड़फोड़, हजारों का नुकसान

■ ग्राउंड संचालक सपा नेता ने चौकी में तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में जमालपुर मार्ग पर स्थित नैशनल क्रिकेट ग्राउंड में बीती रविवार की देर रात अज्ञात युवकों द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया। अज्ञात युवकों ने ग्राउंड की बाउंड्री पर लगे पोल,पत्थर की कुर्सीया, सबमर्सिबल के पाईप, तीन टैंट आदि तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिए वहीं ग्राउंड की पिच को भी खोदकर खुर्दबुर्द कर दिया। सोमवार की सुबह ग्राउंड के संचालक सपा नेता साईम रिजवी ग्राउंड पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए उन्होंने बताया कि ग्राउंड में पिच पर चलाने वाला रोलर भी गायब है। उन्होंने आस पास खेतों में तलाश किया तो एक ईख के खेत में रोलर मिल गया। बताया जाता है कि रोलर काफी वजन का होता है जिस कारण उसे नहीं ले जाया गया और पास के खेत में छोड़ दिया गया। इस प्रकरण में साईम रिजवी ने चौकी पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



## युवक को अगवा कर मारपीट, पेशाब पिलाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना क्षेत्र के गांव सदरपुर निवासी विपिन कुमार ने गांव जमालपुर के दो युवकों पर घर से उठाकर ले जाने, मारपीट करने तथा अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पीड़ित द्वारा थाना बहसूमा में दी गई तहरीर में वह पिछले तीन माह तक जमालपुर निवासी बोबी पुत्र दिग्विजय सिंह और मोनी उर्फ तुषार के यहां नौकरी करता था। उसकी मासिक तनख्वाह 24 हजार रुपये तय हुई थी। विपिन का आरोप है कि वेतन को लेकर विवाद के बाद उसने नौकरी छोड़ दी। इसी दौरान उसके पास नियोक्ताओं के तीन चेक रह गये, जिन्हें उसने कैश कराकर करीब एक लाख रुपये निकाल लिये। आरा. ेप है कि इसकी जानकारी होने पर बुधवार को बोबी और मोनी उसे उसके घर से जबरन उठाकर ले गये और पूरी रात बंधक बनाकर मारपीट की। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसके घर से 40 हजार रुपये नकद, उसकी बहन की सोने की अंगूठी तथा उसकी बेटी की पायल भी ले ली। आरोपियों ने उसके साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए उसे पेशाब तक भी पिला दिया।

# कसेरूखेड़ा कट बंद करने के विरोध में अधिकारियों से मिले क्षेत्रवासी, जनहित में निर्णय लेने की करी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** मवाना रोड पर चल रहे चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के तहत बनाए जा रहे डिवाइडर के कारण विभिन्न कट बंद किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कसेरूखेड़ा संपर्क मार्ग के सामने स्थित कट को बंद करने की तैयारी के विरोध में मंगलवार को क्षेत्रवासियों का प्रतिनिधिमंडल अधिकारियों से मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। पूर्व पार्षद नरेंद्र यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोनकर तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने एमडीए सचिव एवं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर बताया कि कसेरू खेड़ा नगर निगम के वार्ड-20 का हिस्सा है, जहां लगभग 50 हजार की आबादी निवास करती है। इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह कट मुख्य आवागमन मार्ग है। यदि इसे बंद कर दिया गया तो हजारों लोगों को अनावश्यक दूरी तय करनी पड़ेगी और दैनिक जीवन प्रभावित होगा।

प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को बताया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग के लोग रहते हैं, जो सड़क पार कर ई-रिक्शा एवं अन्य साधनों से अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। कट बंद होने की स्थिति में उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा क्षेत्र में स्थित श्मशान घाट, कब्रिस्तान तथा भारतीय सेना का ऑफिसर्स मेस भी इसी मार्ग से जुड़ा हुआ है, जहां विभिन्न स्थानों से लोगों का आवागमन बना रहता है। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों की बात गंभीरता से सुनी और बताया कि यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जिसकी निगरानी स्वयं मंडलायुक्त द्वारा की जा रही है। सड़क पर यातायात को सुगम बनाने और जाम की समस्या को कम करने के उद्देश्य से अधिकांश कट बंद किए जा रहे हैं तथा केवल चार प्रमुख कट ही खुले रखे जाएंगे। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने यह भी तर्क रखा कि नेहरू नगर और डिफेंस कॉलोनी के सामने स्थित कटों पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, फिर भी उन्हें बंद नहीं किया जा रहा। इस पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि उन कटों को बंद करने का प्रस्ताव भी विचाराधीन वहां डाउन टाउन के पास डिवाइडर कट खोले जाने की योजना है। क्षेत्रवासियों ने अधिकारियों से जनभावनाओं और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और अपनी एकजुटता का परिचय दिया।



# ओपनिंग में सूर्यवंशी के साथ कोहली

**■ एक ऐसी सीरीज जिसमें यकीन करना मुश्किल हो, सूर्यवंशी ने दूसरे नम्बर के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज से 44 रन ज्यादा बनाए**




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सबको प्रभावित करने वाले राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में चुना गया है। उनके साथ ओपनिंग में उनका जोघेदार विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की रन मशीन विराट कोहली को बनाया गया है।

टीम ऑफ द टूर्नामेंट वैभव सूर्यवंशी :पारियां 16 (रन 776) स्ट्राइक रेट 237.30 औसत 48-50 (1ग100/ 5ग50 टीम में चुनने के लिए इससे आसान घ्सला शायद ही कोई और हो सकता था। एक ऐसी सीरीज जिसमें यकीन करना मुश्किल हो, वैभव सूर्यवंशी ने दूसरे नम्बर के सबसे बेहतरीन बल्लेबा से 44 रन घ्ड्ादा बनाए, उनका स्ट्राइक रेट 23 पॉइंट बेहतर था और उन्होंने दूसरों के मुकाबले 29 छक्के ज्यादा लगाए। रन और रफ्तार की गिनती तो देख ली, अब घ्रा खेल की क्वालिटी भी देखिए: चैंपियन टीम के खिलाफ 202 रनों का पीछा करते हुए सिर्फ 26 गेंदों पर 78 रन ठोक दिए, सिर्फ 36 गें. दों में शतक जमाया, करो या मरो वाले एक बेहद जरूरी मैच में 221 रनों का पीछा करते हुए 38 गेंदों पर 93 रन बनाए, अपने पहले प्लेऑफ मैच में सिर्फ 29 गेंदों पर 97 रन की तूफानी पारी खेली और फिर क्वालीफायर 2 में जहां एक तरफ लगातार विकेट गिर रहे थे, वहां उन्होंने 47 गेंदों पर 96 रनों की शानदार पारी खेली। उम्र चाहे जो भी हो और मंच चाहे जितना बड़ा, यह वाकई हैरान कर देने वाला प्रदर्शन है। विराट को. हली: पारियां 16 (रन 675) स्ट्राइक रेट 165-84 औसत 56-25 1ग100/5ग50 उम्र और तघ्र्बे के दूसरे छोर पर खड़े विराट कोहली ने एक बार फिर अपना वही पुराना अंदाघ् दिखाया जिसके लिए वे जाने जाते हैं। लगातार चौथे सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाए।

लेकिन इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात यह थी कि उन्होंने अपना एक ऐसा रूप दिखाया जो पहले कभी नहीं देखा गया था: धीमे खेल की जगह उन्होंने तूफानी रफ्तार को चुना, लगभग हर दूसरी गेंद पर बाउंड्री लगाने की कोशिश की और पावरप्ले में विरोधी टीम पर हावी रहे। इस सीजन में जहां पावरप्ले जीतना सबसे अहम था, कोहली ने पहले छह ओवरों में 175 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस दौर में 200 से घ्ड्ादा रन बनाने वाले 16 अन्य बल्लेबाघें में से सिर्घ् पांच ही उनसे बेहतर कर पाए। सीजन का आघ्रिी मैच उन्होंने आईपीएल में अपने सबसे तेज अर्धशतक के साथ घ्त्म किया।

वह आईपीएल में 77 बार 50 या उससे ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं। और हां, वह 37 साल के हैं। इशान किशन (विकेटकीपर) :पारियां 15 ( रन 602) स्ट्राइक रेट 182-42 ( औसत 40-13) 6ग50 द्य कैच/स्टंप 9/1 रजत पाटीदार (कप्तान) : पारियां 15 (रन 501) स्ट्राइक रेट 192.69 (औसत 41-75) 5ग50 हेनरिक क्लासेन पारियां 15 ( रन 624 (स्ट्राइक रेट 160-00 ( औसत 48-00 (6ग50 नीतीश कुमार रेड्डी : मैच 14) रन 302 ( स्ट्राइक रेट 171-59 (विकेट 8 ( इकॉनमी 10-41 क्रुणाल पंड्या : मैच 16 ( रन 226 (स्ट्राइक रेट 145-80) विकेट 14 (इकॉनमी 8-41 सुनील नारायण : मैच 13 (विकेट 15 (इकॉनमी 6-64 ( औसत 22.60 जोफ्रा आर्चर : मैच 16 ( विकेट 25 (इकॉनमी 9.31 (औसत 22-36 भुवनेश्वर कुमार : मैच 16 (विकेट 28 (इकॉनमी 7.95 (औसत 17-89 कगिसो रबाडा : मैच 17 (विकेट 29) इकॉनमी 9-68 ( औसत 21-58 साकिब हुसैन : मैच 11 ( विकेट 15 ( इकॉनमी 9-45 ( औसत 26-46 आरसीबी की जीत के बाद वृंदावन पहुंचे विराट-अनुका, प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद मथुरा।

# श्रीराम बालाजी पुरुष युगल के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** भारत के श्रीराम बालाजी और उनके ब्राजीलियाई जोड़ीदार मार्सेलो डेमोलिनर ने सोमवार को फेंच ओपन के मेन्स डबल्स क्वार्टर-फाइनल में धमाकेदार एंट्री की।

उन्होंने जर्मनी के छठी वरीयता प्राप्त केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी को हराया। इस साल रौलां गैरो में बिना किसी वरीयता के खेल रहे भारतीय टेनिस खिलाड़ी और मार्सेलो डेमोलिनर की जोड़ी ने, राउंड ऑफ 16 के मैच में जर्मनी के दो ग्रैंड स्लैम विजेताओं को हराने में 1 घंटा 25 मिनट का समय लिया। उन्होंने 7-5, 6-4 से यह उलटफेर भरी जीत हासिल की। जर्मनी की अनुभवी टेनिस जोड़ी पर मिली इस जीत के साथ ही, 36 साल के श्रीराम बालाजी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। जर्मनी की यह जोड़ी पिछले महीने मोंटे-कार्लो मास्टर्स जीतकर पेरिस पहुंची थी। सेमी-फाइनल में जगह बनाने के लिए, भारत-ब्राजील की यह जोड़ी अब दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के हेनरी पैटन और फनिलैंड के हैरी हेलियोवारा की जोड़ी से भिड़ेगी। पहले सेट के दूसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद बालाजी और डेमोलिनर पर शुरुआत में ही दबाव आ गया था। हालांकि, उन्होंने अगले ही गेम में विरोधी की सर्विस तोड़कर तुरंत वापसी की। जब सेट 5.5 की बराबरी पर था, तब बालाजी और डेमोलिनर ने 11वें गेम में निर्णायक बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस बचाते हुए पहला सेट 7.5 से जीत लिया।

## खेल विशेष

### अफगानिस्तान टेस्ट के लिए आकिब नबी सहित छह खिलाड़ियों को बुलाया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** आकिब नबी, जो अफगानिस्तान टेस्ट के लिए टीम में जगह नहीं बना पाए थे, उन छह गेंदबाजों में से एक हैं जो नेट बॉलर के तौर पर भारतीय टीम से जुड़े हैं। ए गेंदबाज 6 जून से मुल्लांपुर में होने वाले मैच की तैयारी में टीम की मदद करेंगे। चुने गए नेट बॉलर: आकिब नबी, गुरजपनीत सिंह, प्रिस यादव, सारांश जैन, जीशान अंसारी, शिवांग कुमार। नबी के अलावा, इस लिस्ट में दो और तेज गेंदबाज हैं, युवा और प्रभावशाली प्रिस यादव और तमिलनाडु के गुरजपनीत सिंह। प्रिंस, जिन्होंने आईपीएल में तेजी से अपना नाम बनाया है, इस एकमात्र टेस्ट के बाद होने वाले वनडे मैचों के लिए भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। स्पिन गेंदबाजों में, ऑफ-स्पिनर सारांश जैन के पास काफी अनुभव है। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में, उन्होंने मध्य प्रदेश के लिए 52 मैचों में 181 विकेट लिए हैं। उनके एमपी के साथी खिलाड़ी, जिन्होंने अभी तक घरेलू क्रिकेट में रेड-बॉल (टेस्ट) डेब्यू नहीं किया है।

### श्रीराम फाइनेंस ने पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन के साथ साझेदारी की घोषणा की

**बेंगलुरु, वार्ता।** श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) ने आज पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन (पीएसबी) के साथ प्रेजेंटिग प्रायोजक के रूप में अपनी साझेदारी की घोणा की। इस सहयोग की घोणा श्रीराम फाइनेंस के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन उमेश रेवंकर और भारत के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी तथा पीएसबी के संस्थापक पद्मश्री प्रकाश पादुकोण ने बेंगलुरु स्थित पादुकोण-द्रविड़ सेंटर ऑफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में की। इस साझेदारी के माध्यम से एसएफएल वित्तीय समावेशन और सामुदायिक विकास के जरिए राट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है। अब यह प्रतिबद्धता खेल और देशभर की जमीनी स्तर की प्रतिभाओं तक भी विस्तारित होगी। इस सहयोग के तहत भारत में पीएसबी के सभी मौजूदा और भविय के केंद्र श्रीराम फाइनेंस प्रेजेंट्स पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन नाम से संचालित होंगे। इस पहल का उद्देश्य देशभर में विभिन्न आयु वर्गो और उभरते खिलाड़ियों के लिए जमीनी स्तर पर संरचित बैडमिंटन प्रशिक्षण की पहुंच को और मजबूत करना है। साझेदारी की प्रमुख विशेताएं नेमिग राइट्स: भारत में पीएसबी के सभी मौजूदा और भविय के केंद्र श्रीराम फाइनेंस प्रेजेंट्स पाद. ुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन नाम से संचालित होंगे। अपैरल स्पॉन्सरशिप: पीएसबी अकादमियों में खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के बीच 2,000 से अधिक ब्रांडेड टी-शर्ट वितरित की जाएंगी।

# भारत के विजय शंकर एलपीएल में डेब्यू के लिए तैयार

**■ वहीं, श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो सीजन 6 के ड्राफ्ट में कुल मिलाकर नम्बर 1 पिक के तौर पर उभरे**




**कोलंबो, वार्ता।** भारत के ऑलराउंडर विजय शंकर लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2026 में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बनने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उन्हें कैंडी रॉयल्स ने साइन किया है। वहीं, श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो सीजन 6 के ड्राफ्ट में कुल मिलाकर नम्बर 1 पिक के तौर पर उभरे, जब फ्रेंचाइजी ने इस टूर्नामेंट के बहुप्रतीक्षित छठे सीजन के लिए अपनी टीमें पूरी कर लीं।

17 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाली इस प्रतियोगिता से पहले हुए ड्राफ्ट में, सभी पांचों फेंचाइजी ने जाने-माने इंटरनेशनल सितारों, उभरते हुए विदेशी टैलेंट और श्रीलंका के प्रमुख क्रिकेटरों के मिश्रण से अपनी टीमों को मजबूत किया। इससे लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी सीजन में से एक के लिए मंच तैयार हो गया है। एलपीएल 2026 ड्राफ्ट में पहली कुल मिलाकर पिक का अधिकार रखने वाली मौजूदा चैंपियन एससी जाफना किंग्स ने श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो को नम्बर 1 पिक के तौर पर चुनकर प्रक्रिया की शुरुआत की। किंग्स ने अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वीस, अफगानिस्तान के ओपनर इब्राहिम जादरान और नेपाल के लेग-स्पिनर संदीप लामिछाने को शामिल करके अपनी टीम को और मजबूत किया। ए खिलाड़ी डुनिथ वेलालगे और भानुका राजपक्षे जैसे बड़े नामों के साथ जुड़ेंगे, क्योंकि फेंचाइजी अपने खिताब का बचाव करना चाहती है और प्रतियोगिता में अपनी सफल दौड़ को आगे बढ़ाना चाहती है। भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए चर्चा का सबसे बड़ा विाय विजय शंकर की भागीदारी होगी, जिन्होंने 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। यह अनुभवी ऑलराउंडर कैंडी रॉयल्स की एक मजबूत टीम में शामिल हो रहा है, जिसमें मोईन अली, वानिदु हसरंगा और एंजेलो मैथ्यूज जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। रॉयल्स ने ड्राफ्ट के जरिए रहमानुल्लाह गुरबाज, डैनियल सैम्स, कुसल परेरा और नुवान तुाारा को शामिल करके अपनी लाइन-अप को और मजबूत किया। दूसरी ओर, कोलंबो कैप्स ने इंटरनेशनल खिलाड़ी मुजीब उर रहमान को शामिल करके अपनी लाइन-अप को मजबूत किया, जो उनके आइकॉन खिलाड़ियों जिमी नीशम, कुसल मेंडिस और कामिदु मेंडिस के पूरक के तौर पर काम करेंगे। दंबुला सिक्सर्स ने अपने साथ महेश थीक्षाना और फजलहक फारूकी जैसे साबित हो चुके मैच-विनर्स को जोड़ा है, साथ ही दिनेश चांदीमल और दुमंथा चमीरा जैसे बड़े नामों को भी शामिल किया है। वहीं, गाले गैलेंट्स ने अपनी टीम को श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन के साथ और मजबूत किया है, ए दोनों नए सीजन से पहले दासुन शनाका और ईशान मलिगा जैसे बड़े नामों के साथ टीम में शामिल हुए हैं। खिलाड़ियों के इस ड्राफ्ट ने अंतर्राट्रीय स्तर पर काफी दिलचस्पी जगाई है, जिसमें 21 देशों के 650 से ज्यादा विदेशी क्रिकेटरों ने चयन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। यह इस बात को दिखाता है कि लंका प्रीमियर लीग की वैश्विक लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह इस क्षेत्र की सबसे बड़ी टी 20 प्रतियोगिताओं में से एक के तौर पर उभर रही है। लंका प्रीमियर लीग के छठे संस्करण में एससी जाफना किंग्स, कैंडी रॉयल्स, कोलंबो कैप्स, दंबुला सिक्सर्स और गाले गैलेंट्स की टीमें एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी। यह टूर्नामेंट 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाएगा, जिसके बाद प्लेऑफ मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 17 जुलाई, 2026 को होगी और इसका समापन 8 अगस्त, 2026 को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले के साथ होगा। ओसाका को हराकर सबालेंका क्वार्टरफाइनल में पेरिस। शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने सोमवार को फ्रेंच ओपन के महिला सिगल्स क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए जापान की नाओमी ओसाका को हराया, जबकि तीन इताल. वी खिलाड़ी पुरुा सिगल्स के अंतिम आठ में पहुंच गए।

# टिम डेविड पर मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया

**■ डेविड को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया**




**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज टिम डेविड पर उनकी मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं।

यह कार्रवाई नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के फाइनल मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए की गई है। डेविड को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो मैच के दौरान किसी खिलाड़ी, टीम अधिकारी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य तीसरे व्यक्ति पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट के किसी अन्य उपकरण, जैसे पानी की बोतल) फेंकने से संबंधित है। यह घटना पहली पारी के 10वें ओवर में हुई, जब एक विकेट गिरने के बाद, डेविड ने अंपायर नितिन मेनन की दिशा में आक्रामक तरीके से एक आइस बैग फेंका। डेविड ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी, जवागल श्रीनाथ द्वारा लगाए गए दंड को मान लिया। यह इस सीजन में डेविड का तीसरा लेवल 1 का अपराध था( उन्होंने अपना पहला अपराध मैच 20 (एक डिमेरिट पॉइंट) में और दूसरा अपराध मैच 54 (दो डिमेरिट पॉइंट) में किया था।

# रजत पाटीदार का सामना माधव तिवारी से

**इंदौर, वार्ता।** मध्य प्रदेश के सबसे बड़े क्रिकेट आयोजनों में से एक आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिधिया कप के नए सीजन का इंतजार अब लगभग खत्म हो चुका है। 3 जून से ऐतिहासिक होलकर स्टेडियम में शुरू होने जा रहे इस टूर्नामेंट को लेकर पूरे इंदौर में उत्साह का माहौल है। राज्य भर की शीर्ा क्रिकेट प्रतिभाएं आने वाले हफ्तों में रोमांचक मुकाबलों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में अनुभवी ग्वालियर चीताज का सामना नई टीम उज्जैन फाल्कन्स से होगा। दोनों टीमें अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेंगी, ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भरपूर मुकाबले की उम्मीद है। ग्वालियर चीताज को दो बार के आईपीएल विजेता कप्तान रजत पाटीदार की मौजूदगी से मजबूती मिलेगी, जबकि उज्जैन फाल्कन्स के पास युवा और प्रतिभाशाली ऑलराउंडर माधव तिवारी होंगे, जिन्होंने आईपीएल 2026 में लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ग्वालियर चीताज के पूर्व मुख्य कोच और वर्तमान में उज्जैन फाल्कन्स से जुड़े सुनील धोलपुरे ने मध्य प्रदेश लीग को युवा क्रिकेटरों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा, एमपीएल ने युवा क्रिकेटरों के लिए एक शानदार मंच तैयार किया है। पहले खिलाड़ियों को क्लब क्रिकेट, जिला टूर्नामेंट, संभागीय प्रतियोगिताओं और राज्य स्तरीय कैंपों से होकर गुजरना पड़ता था, तब जाकर उन्हें पहचान मिलती थी। एमपीएल ने इस प्रक्रिया को बदल दिया है और खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराया है, जहां वे दबाव की परिस्थितियों में चयनकर्ताओं, स्काउट्स और फेंच. इजी टीमों के सामने अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। यह लीग युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खुद को साबित करने और अपने क्रिकेट करियर को नई दिशा देने का अवसर देती है। उन्होंने आगे कहा कि, हम अपनी टीम में माधव तिवारी जैसे खिलाड़ी को पाकर बेहद खुश हैं। उन्होंने आईपीएल 2026 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है और कम उम्र में ही अपनी शानदार क्षमता का परिचय दिया है। हमें पूरा विश्वास है कि वह एमपीएल में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखेंगे और इस सीजन टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# साईराज बहुतुले भारतीय टीम में स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर शामिल हुए

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** भारत के पूर्व लेग-स्पिनर साईराज बहुतुले, न्यू चंडीगढ़ में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले, पुरुाों की टीम में स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर शामिल हो गए हैं। 53 साल के बहुतुले व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी भारत के स्पिनरों के साथ काम करेंगे।




बहुतुले का सबसे हालिया कार्यकाल आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के साथ था, जहां उन्होंने स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर काम किया था। इससे पहले, वह केरल और बंगाल की पुरुाों की टीमों के साथ भी रह चुके हैं। नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में शामिल होने से पहले, 2018 से 2021 तक वह राजस्थान रॉयल्स के सपोर्ट स्टाफ का भी हिस्सा थे। जब राहुल द्रविड़ हेड कोच थे, तब उन्होंने इंडिया 'ए' के असाइनमेंट और भारत की कुछ सीरीज के लिए सपोर्ट स्टाफ के तौर पर काम किया था, इसके बाद आईपीएल 2025 में वह एक और साल के लिए आरआर के साथ जुड़ गए थे। बहुतुले का इंटरनेशनल करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा, उन्होंने 1997 में भारत के लिए डेब्यू किया और 2003 में अपना आखिरी मैच खेला। इन सालों के दौरान, उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेले। हालांकि, घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा: लगभग 20 साल लंबे अपने करियर में, उन्होंने 188 फर्स्ट-क्लास मैचों में 630 विकेट और 143 लिस्ट 'ए' मैचों में अपनी लेग-स्पिन गेंदबाजी से 197 विकेट लिए। बहुतुले भारत के उस सपोर्ट स्टाफ में शामिल होंगे, जिसमें अभी कोई स्पिन-बॉलिंग कोच मौजूद नहीं है।

# सोबो मुंबई फाल्कन्स की टी-20 मुंबई महिला लीग में पहली ऐतिहासिक जीत

**■ भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने सोबो मुंबई फाल्कन्स की कमान संभालते हुए तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया**

**मुंबई, वार्ता।** मंगलवार को मुंबई क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा गया, जब वानखेड़े स्टेडियम में पहली नुवामा प्राइवेट टी-20 मुंबई महिला लीग शुरू हुई।

भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने सोबो मुंबई फाल्कन्स की कमान संभालते हुए तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया, उनकी टीम ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ठाणे स्काई राइजर्स को 16 रनों से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। 174 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, ओपनर मानसी पाटिल (46) ने लगातार अंतराल पर अपने साथियों के विकेट गिरने के बावजूद ठाणे स्काई राइजर्स के लिए जीत की उम्मीदें बनाए रखीं। महक पोकर (23, रिटायर्ड हर्ट) और साइमा ठाकोर (29) ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन वे इसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाईं, वहीं, सतघरे की शानदार अगुवाई में फाल्कन्स के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। मैच के आखिरी पलों में, विकेटकीपर खुशी भाटिया ने सिर्फ 16 गेंदों में 28 रनों की जुझारू पारी खेली और गेंद को जोरदार तरीके से हिट करते हुए ठाणे की उम्मीदों को जिदा रखा। हालांकि, 19वें ओवर में उनके आउट होते ही स्काई राइजर्स की जीत की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं और मैच पूरी तरह से फाल्कन्स के पक्ष में चला गया। इससे पहले, ठाणे स्काई राइजर्स कप्तान साइमा ठाकोर की शानदार शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। साइमा ने टूर्नामेंट की पहली ही गेंद पर विकेट लेकर इतिहास रचा था और उसी ओवर में एक और विकेट भी चटकाया था। नौ कैच छूटने की गलतियों का फायदा उठाते हुए, सोबो मुंबई फाल्कन्स ने हली गाला (45 नाबाद) की तूफानी पारी की बदौलत मैच में वापसी की( उन्हें रिया चौधरी (43), सिमरन शेख (30) और सारिका कोली (26) का भी अहम सहयोग मिला, जिसकी बदौलत टीम ने 20 ओव. रों में 173/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सोमवार को खेले गए पुरुाों के टूर्नामेंट के पहले दिन, आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब और मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स के बीच एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह मैच 'सुपर ओवर' में जाकर तय हुआ, जिसमें सिद्धेश लाड की कप्तानी वाली रॉयल्स टीम ने बाजी मारी। जब दोनों टीमों ने अपने-अपने 20 ओवरों के आखिर में एक जैसा 165 का स्कोर बनाया, तो मैच सुपर ओवर में चला गया।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# फिर बढ़ेगी महंगाई

केंद्र सरकार महंगाई रोकने में लगातार विफल होती आ रही है, जिसका असर आम आदमी पर हो रहा है, लेकिन अभी पेट्रोल डीजल की कीमतों में वृद्धि होने वाली है, जिसके कारण आने वाले महीनों में परिवहन एवं विनिर्माण लागत बढ़ सकती है और आम उपभोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है, जिससे अब लोगों की जेबें और खाली हो जाएंगी। सरकार का दावा है कि यह सब कुछ अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण है, लेकिन जनता का मानना है कि यह सब कुछ सरकारी दावे हैं, जिसके सापेक्ष देश में महंगाई नहीं बढ़नी चाहिए थी। सरकार ने पिछले महीने में तीन बार पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ाए, जिसके कारण देश के लोगों ने अपने वाहन न निकालकर अन्य साधनों का प्रयोग शुरू कर दिया है। परंतु एक रिपोर्ट में फिर से पेट्रोलिय पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है, जो लोगों को परेशान करने वाली होगी। रिपोर्ट कहती है कि 15 मई के बाद से पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है और अगर कच्चे तेल के दाम ऊंचे स्तर पर बने रहते हैं, तो यह बढ़ोतरी निकट भविष्य में 10 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती है। क्रिसिल का कहना है कि इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था में ढुलाई लागत में बढ़ोतरी के जरिये दिखेगा, जिससे खाने-पीने की चीजों और अन्य वस्तुओं की महंगाई दोनों बढ़ेंगी। ईंधन कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा। ईंधन कीमतों में 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति करीब 0.36 प्रतिशत बढ़ सकती है। अगर ईंधन कीमतें 10 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ जाती हैं, तो खुदरा महंगाई में करीब 0.48 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। कि ईंधन के दाम बढ़ने का सर्वाधिक प्रभाव सड़क परिवहन पर पड़ेगा, क्योंकि इसकी लागत का लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा ईंधन पर निर्भर है। इससे माल ढुलाई महंगी हो जाएगी और इसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। देश में करीब 71 प्रतिशत माल ढुलाई सड़क मार्ग के जरिये ही होती है। ढुलाई लागत बढ़ने से दूधा, फल, दालें, चाय-काफी, मसाले, अंडे, मांस और मछली जैसे खाद्य उत्पादों की कीमतों में तेजी आ सकती है, क्योंकि ये बड़े पैमाने पर परिवहन नेटवर्क पर निर्भर हैं। कपड़ा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, लकड़ी उत्पाद, सीमेंट और सिरेमिक जैसे क्षेत्रों में भी लागत बढ़ेगी।रसायन, कोयला और धातु क्षेत्र भी महंगाई की चपेट में आएंगे। ऐसी स्थिति में कंपनियां लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल सकती हैं या उत्पाद की मात्रा में कटौती कर सकती हैं। सितंबर 2025 में जीएसटी दरों में की गई कटौती से कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन ऊंची ऊर्जा लागत के असर को यह पूरी तरह संतुलित नहीं कर पाएगी। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में कच्चे तेल की औसत कीमत 112 डॉलर प्रति बैरल रही है, जो पूरे वर्ष के अनुमान 95 डॉलर प्रति बैरल से अधिक है।

## सरकार के लिए भी एक खुली चुनौती



बदमाशों द्वारा मेरठ जिले में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या समाज को झकझोर देने वाली है, अत्यंत दु:खद और चिंताजनक इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी, अनुष्का की आखिरी गति. विधियां आरोपी श्याम धानक के साथ दर्ज हुई थीं, इस तरह के घटनाक्रम न केवल पुलिस- प्रशासन के लिए चेतावनी होते हैं, अपितु सरकार के लिए भी एक खुली चुनौती के समान हैं।

**-सुश्री मायावती**
**अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**


**सम्पादकीय डेस्क**
( सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003 )

# टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था



योगेश कुमार गोयल

**जब छात्र यह मानने लगें कि सफलता मेहनत से नहीं बल्कि 'सेटिंग' से मिलती है तो यह केवल शिक्षा का नहीं बल्कि सामाजिक नैतिकता का भी पतन है। अब सवाल यह है कि समाधान क्या है? क्या हर बार जांच, गिरफ्तारी और बयानबाजी से काम चल जाएगा? स्पष्ट है कि नहीं। सबसे पहले परीक्षा प्रणाली में पूर्ण डिजिटल और एन्क्रिप्टेड मॉडल लागू करना होगा। प्रश्नपत्रों को परीक्षा से कुछ मिनट पहले तक सुरक्षित सर्वर में रखा जाए और सीधे केंद्रों पर डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया जाए। इससे छपाई और परिवहन से जुड़ी कमजोरियां समाप्त होंगी।**



भारत में परीक्षा अब केवल योग्यता का आकलन नहीं रह गई है, बल्कि यह करोड़ों सपनों की निर्णायक कसौटी बन चुकी है लेकिन जब यही कसौटी बार-बार संदिग्ध हो जाए, जब मेहनत और ईमानदारी की जगह 'जुगाड़' और 'माफिया नेटवर्क' हावी हो जाएं, तब यह केवल परीक्षा का संकट नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य का संकट बन जाता है।

पेपर लीक के चलते नीट-यूजी 2026 परीक्षा का रद्द होना, सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली पर उठे गंभीर सवाल और एसएससी जीडी परीक्षा में धांधली, यह घटनाएं मिलकर यह साबित करती हैं कि भारत की परीक्षा प्रणाली अब गहरे संस्थागत संकट में फंस चुकी है और भारत की परीक्षा प्रणाली अब वेंटिलेटर पर है। नीट-यूजी 2026 का घटनाक्रम तो इस विफलता की सबसे भयावह तस्वीर पेश करता है। लगभग 22.79 लाख छात्रों की मेहनत, उनके परिवारों के त्याग और वर्षों की तैयारी एक झटके में शून्य हो गई। यह केवल एक परीक्षा का रद्द होना नहीं था बल्कि उस विश्वास का टूटना था, जिस पर पूरी शिक्षा व्यवस्था टिकी हुई है। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि इस बार मामला केवल बाहरी गिरोहों तक सीमित नहीं रहा बल्कि जांच में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के भीतर तक मिलीभगत के आरोप सामने आए।

सीबीआई की जांच और संसदीय समिति की पूछताछ में यह संकेत मिले हैं कि प्रश्नपत्र तैयार करने और परीक्षा प्रबंधन से जुड़े कुछ अधिकारियों ने मोटी रकम लेकर चुनिंदा छात्रों तक प्रश्नपत्र पहुंचाने का काम किया। यदि यह आरोप सही हैं तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं बल्कि संस्थागत विश्वासघात है। जिस संस्था को निष्पक्षता की गारंटी देनी थी, वही यदि धांधली का हिस्सा बन जाए, तो पूरी व्यवस्था का नैतिक आधार ही खत्म हो जाता है। नीट पेपर लीक की प्रकृति भी सामान्य नहीं थी। 'गेस पेपर' के नाम पर लगभग 150 से अधिक प्रश्नों का हूबहू मिल जाना, परीक्षा से पहले 600 अंकों तक के सवालों का प्रसार, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर खुलेआम प्रश्नपत्र का घूमना, यह सब किसी संयोग का परिणाम नहीं हो सकते। यह एक संगठित, बहुस्तरीय और तकनीकी रूप से सक्षम नेटवर्क का संकेत है, जो परीक्षा प्रणाली की हर कमजोर कड़ी को भेद चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 2024 में पेपर लीक के बाद भी कोई ठोस सुधार क्यों नहीं हुआ? सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों, जांच समितियों और सिफारिशों के बावजूद 2026 में स्थिति और बदतर कैसे हो गई? इसका सीधा अर्थ है कि समस्या तकनीकी कम और इच्छाशक्ति की अधिक है। भारत की परीक्षा प्रणाली का ढांचा ही कई स्तरों पर कमजोर है। प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर वितरण तक की प्रक्रिया में निजी एजेंसियों और आउटसोर्स कर्मचारियों की बड़ी भूमिका रहती है। यही वह जगह है, जहां से माफिया नेटवर्क अपनी जड़ें जमाता है। जब प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र तक पहुंचने से पहले ही स्कैन होकर डिजिटल रूप में फैल सकता है तो यह स्पष्ट संकेत है कि सुरक्षा तंत्र केवल कागजों पर मजबूत है, जमीन पर नहीं। दूसरी ओर, कोचिंग उद्योग का अनियंत्रित विस्तार इस संकट को और गहरा कर रहा है। मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाएं अब हजारों करोड़ रूपए का बाजार बन चुकी हैं। इस बाजार में 'सफलता' एक उत्पाद है, जिसे खरीदने के लिए छात्र और अभिभावक किसी भी हद तक जाने को मजबूर हैं। इसी मानसिकता का फायदा उठाकर एजुकेशन माफिया 'सीक्रेट पेपर', '100 प्रतिशत सलेक्शन गारंटी' और 'इनसाइडर एक्सेस' जैसे झूठे वादों के जरिए पूरे सिस्टम को खोखला कर रहा है। यदि नीट प्रकरण परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है तो सीबीएसई का ओएसएम विवाद मूल्यांकन प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर चोट करता है। डिजिटल मूल्यांकन को पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किया गया था लेकिन इसके परिणाम उलटे दिखाई दिए। पास प्रतिशत में गिरावट, मेधावी छात्रों को अपेक्षा से कम अंक मिलना और स्कैन की गई कॉपियों में भारी गड़बड़ियां, यह सब इस बात के संकेत हैं कि तकनीक को बिना पर्याप्त तैयारी और परीक्षण के लागू किया गया। कई छात्रों ने शिकायत की कि उनकी कॉपियां धुंधली थी, कुछ को गलत उत्तर पुस्तिकाएं मिली और कुछ मामलों में तो पूरी कॉपी ही किसी और की थी। यह स्थिति केवल तकनीकी त्रुटि नहीं मानी जा सकती बल्कि यह सरासर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है। यदि एक छात्र की मेहनत को किसी दूसरे की कॉपी से बदल दिया जाए तो यह केवल गलती नहीं है बल्कि उस छात्र के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। शिक्षा मंत्रालय और बोर्ड भले ही इन खामियों को सीमित मामलों तक बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश करें लेकिन छात्रों में बढ़ता असंतोष इस बात का प्रमाण है कि समस्या व्यापक है। तीसरी बड़ी घटना, एसएससी कांस्टेबल जीडी परीक्षा में धांधली, इस बात को और स्पष्ट करती है कि यह संकट किसी एक परीक्षा या संस्था तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में पेपर लीक, तकनीकी खराबी और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी। ग्रेटर नोएडा में यूपी एसटीएफ द्वारा पकड़े गए रैकेट ने इस धांधली के आधुनिक रूप को उजागर किया। प्रॉक्सी सर्वर, स्क्रीन शेयरिंग ऐप्स और डमी कैंडिडेट्स के जरिए परीक्षा में हेरफेर किया जा रहा था। यह पारंपरिक नकल या पेपर लीक से कहीं अधिक खतरनाक है क्योंकि इसमें तकनीक का इस्तेमाल कर पूरी प्रणाली को भीतर से हैक किया जा रहा है। इन तीनों घटनाओं को एक साथ देखें तो एक भयावह तस्वीर उभरती है, एक ऐसी व्यवस्था, जहां प्रश्नपत्र सुरक्षित नहीं, मूल्यांकन विश्वसनीय नहीं और परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। सबसे अधिक पीड़ित वह छात्र है, जो ईमानदारी से मेहनत करता है। ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों छात्र, जिनके माता-पिता ने कर्ज लेकर या जमीन गिरवी रखकर उन्हें कोचिंग दिलाई, आज सबसे ज्यादा निराश हैं। एक परीक्षा रद्द होने का मतलब केवल दोबारा परीक्षा देना नहीं होता बल्कि यह मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और आत्मविश्वास के टूटने का कारण बनता है। इस पूरे संकट का एक और खतरनाक पहलू है व्यवस्था के प्रति बढ़ता अविश्वास।

# आर्थिक संकट की चुनौतियों का सामना करता प्रिंट मीडिया

**प्रिंट मीडिया से जुड़े सीनियर पत्रकारों से बात करने के बाद यही बात सामने आती है कि उनका कहना है कि जब तक सरकार प्रिंट मीडिया की आर्थिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देकर आर्थिक संकट का समाधान करने का प्रयास नहीं करेगी तब तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता है।**



शिबली रामपुरी

प्रिंट मीडिया आज आर्थिक संकट के दौर से बुरी तरह से गुजर रहा है और अब प्रिंट मीडिया में काम करने वाले बहुत सारे तजुर्बेकर पत्रकारों की नौकरी जा चुकी है और कुछ की नौकरी कभी भी जा सकती है क्योंकि अब प्रिंट मीडिया में चाहे कोई अखबार छोटा हो या बड़ा हो हर किसी के सामने आर्थिक तौर पर एक बहुत बड़ा संकट खड़ा हो चुका है। इस संकट से अगर कोई प्रिंट मीडिया को निकाल सकता है तो वह है हमारी सरकार।

जब तक सरकार प्रिंट मीडिया पर गंभीरता से ध्यान नहीं देगी तब तक प्रिंट मीडिया की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है। प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकारों के सामने रोजी रोटी का ऐसा संकट खड़ा है कि अधि. कतर पत्रकार भारी परेशानियों के दौर से गुजर रहे हैं। प्रिंट मीडिया में अंग्रेजी से लेकर हिंदी और उर्दू तीनों शामिल हैं और सबसे अधिक परेशानी हिंदी और उर्दू प्रिंट मीडिया के सामने खड़ी हो चुकी है। उर्दू अखबारों में तो अब चंद ही अखबार ऐसे हैं जो नियमित प्रकाशित हो रहे हैं अधिकतर समाचार पत्र आर्थिक संकट से खुद को बाहर निकालने में असफल रहे और आखिरकार वो अखबार बंद हो चुके हैं और उनसे जुड़े पत्रकारों की आर्थिक स्थिति का आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अखबार बंद होने के बाद उन पत्रकारों को अपना घर परिवार चलाने में कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। प्रिंट मीडिया के दौर में अंग्रेजी अखबारों की स्थिति अभी तक फिर भी कुछ सही मानी जा सकती है लेकिन यह भी एक कड़वी हकीकत है कि अंग्रेजी प्रिंट मीडिया की स्थिति पहले जैसी तो बिल्कुल नहीं रही है वरना अंग्रेजी मीडिया का एक सुनहरा दौर हुआ करता था, लेकिन अब उसमें काफी कमी आ चुकी है। प्रिंट मीडिया से जुड़े सीनियर पत्रकारों से बात करने के बाद यही बात सामने आती है कि उनका कहना है कि जब तक सरकार प्रिंट मीडिया की आर्थिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देकर आर्थिक संकट का समाधान करने का प्रयास नहीं करेगी तब तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता है क्योंकि प्रिंट मीडिया का अधि. कतर दारोमदार सरकार की नीतियों पर है और सरकार को नीतियों को आसान बनाने की जरूरत है। आपने देखा होगा कि किस तरह से प्रिंट मीडिया से नौकरी जाने के बाद कई पत्रकारों ने यूट्यूब चैनल पर काम करना शुरू कर दिया और वहां पर भी काफी संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि उनको डिजिटल मीडिया का इतना अनुभव नहीं है तो उनके सामने यहां भी काफी चुनौतियां हैं हालांकि




कुछ पत्रकार डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया पर काफी अच्छा काम भी कर रहे हैं लेकिन ऐसे पत्रकारों की गिनती काफी कम है। ऐसे हालात को देखते हुए अब केंद्र सरकार से ही प्रिंट मीडिया को उम्मीद रह जाती है कि केंद्र सरकार ऐसी नीतियां बनाए कि जिससे प्रिंट मीडिया का वजूद खतरे में ना पड़े और प्रिंट मीडिया का वह सुनहरा दौर फिर से लौट आए कि जब प्रिंट मीडिया भी आकर्षण का एक केंद्र ना सिर्फ हुआ करता था बल्कि इसमें रोजगार के बहुत सारे अवसर भी पर्याप्त होते थे। युवाओं की एक बड़ी आबादी पढ़ लिखकर प्रिंट मीडिया में जाना चाहती थी और अपना भविष्य उज्जवल बनाने का एक बेहतरीन माध्यम प्रिंट मीडिया माना जाता था मगर बदलते वक्त के साथ अब सब कुछ बदल चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पेपर लीक की आड़ में डिजिटल शिक्षा पर 'दो कौड़ी' का तंज



प्रो. आर.के. जैन




**यदि यह कुछ नहीं जानते, तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालांकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है।**

भारतीय शिक्षा जगत में यह शायद ही पहले कभी देखने को मिला हो कि एक टीवी स्टूडियो में कही गई टिप्पणी इतनी तेजी से राष्ट्रीय बहस का विषय बन जाए। लेकिन जब वरिष्ठ एंकर अंजना ओम कश्यप ने नीट पेपर लीक पर चर्चा के दौरान यूट्यूब शिक्षकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक्सप्लेनर बनाते हैं, जानते कुछ नहीं और उन्हें दो कौड़ी के यूट्यूब गुरु तक कह दिया, तो यह सिर्फ एक टीवी बहस नहीं रही। यह बयान देखते ही देखते ब्लैकबोर्ड पर ब्रेकिंग न्यूज बन गया। वास्तव में, यह डिजिटल शिक्षा की बढ़ती ताकत के सामने मुख्यधारा मीडिया की असहजता को उजागर करता है। अंजना का यह हमला तथ्यों से अधिक पूर्वाग्रह का प्रतीक प्रतीत होता है।

जब लाखों छात्रों का भरोसा किसी मंच से जुड़ जाए, तो उस पर उठी उंगली केवल व्यक्तियों पर नहीं, पूरी व्यवस्था पर सवाल बन जाती है। अंजना ओम कश्यप की इस टिप्पणी को खान सर, अभिनय शर्मा जैसे लोकप्रिय यूट्यूब शिक्षकों पर भी लागू माना गया। उन्होंने कुछ डिजिटल शिक्षकों को 'बड़ा फ्रॉड' तक कह दिया। यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब लाखों छात्र ऑनलाइन शिक्षा के सहारे अपने सपने संवार रहे हैं। इसलिए इसे केवल कुछ शिक्षकों पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल शिक्षा जगत की साख पर प्रहार माना गया। सवाल है, क्या यह आलोचना तथ्यों पर आधारित है या महज सुर्खियां बटोरने की कोशिश? क्या कुछ अपवादों के आधार पर पूरे समुदाय को कटघरे में खड़ा करना उचित है? शोर और आरोपों से परे, किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन उसके परिणामों से होता है। पिछले एक दशक में यूट्यूब आधारित शिक्षा ने लाखों छात्रों तक ज्ञान पहुंचाया, जिनकी पहुंच महंगी कोचिंग तक नहीं थी। खान सर और अभिनय शर्मा जैसे शिक्षकों ने दूर-दराज क्षेत्रों के युवाओं को अवसर, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास दिया। इनके पक्ष में सबसे बड़ा प्रमाण लाखों सफल छात्र हैं। यदि यह कुछ नहीं जानते, तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालांकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है। जब दुनिया थम-सी गई थी और शिक्षा के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए थे, तब डिजिटल मंचों ने सीखने की लौ बुझने नहीं दी। कोविड महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षक लाखों विद्यार्थियों के लिए सहारा बने। स्कूलों और कक्षाओं के बंद रहने पर मोबाइल और इंटरनेट के जरिए शिक्षा घर-घर पहुंची। जहां कई कोचिंग संस्थानों की फीस लाखों रूपए तक है, वहीं अनेक यूट्यूब शिक्षक मुफ्त या कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते रहे। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने शिक्षा को सीमित दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे योगदान को अनदेखा कर पूरे समुदाय को फ्रॉड बताना न केवल अनुचित, बल्कि एकतरफा दृष्टिकोण भी है। हालांकि कुछ चैनलों में क्लिकबेट, भ्रामक थंबनेल और पेड कोर्स की आक्रामक मार्केटिंग जैसी समस्याएं भी मौजूद हैं। विवाद के बीच शिक्षकों की प्रतिक्रिया ने अंजना के आरोपों पर नए सवाल खड़े कर दिए। अभिनय सर और खान सर जैसे शिक्षकों ने कहा कि उनका काम छात्रों का भविष्य संवारना है, न कि सनसनी फैलाना। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई उन्हें ज्ञानहीन सिद्ध कर दे, तो वे सीखने को तैयार हैं, लेकिन निराधार आरोप स्वीकार्य नहीं हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर छात्रों ने भी खुलकर उनका समर्थन किया। हजारों प्रतिक्रियाओं में छात्रों ने बताया कि इन शिक्षकों ने शिक्षा को महंगे दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे में दो कौड़ी जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन लाखों छात्रों और परिवारों के विश्वास पर भी चोट करती है, जो उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं।

इस प्रकरण ने मुख्यधारा मीडिया की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े किए हैं। जब यूट्यूब शिक्षक नीट लीक, सीबीएसई विवादों और शिक्षा व्यवस्था की खामियों पर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें फ्रॉड कहकर खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या टीवी एंकर हर विषय के अंतिम विशेषज्ञ हैं? यदि डिजिटल मंचों की विश्वसनीयता पर संदेह किया जाता है, तो टीआरपी-केंद्रित बहसों की निष्पक्षता भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। अंजना ओम कश्यप का बयान इसी विरोधाभास को उजागर करता है। एक ओर डिजिटल शिक्षक शिक्षा की पहुंच बढ़ा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके योगदान पर संदेह जताया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा जगत भी कमियों से पूरी तरह अछूता नहीं है। कुछ यूट्यूब चैनलों पर क्लिकबेट और भ्रामक जानकारी की समस्या मौजूद है, जिसकी आलोचना और जवाबदेही आवश्यक है। कुछ टीचर्स पर पेपर लीक या गलत मार्गदर्शन के आरोप भी लगते रहे हैं। लेकिन कुछ उदाहरणों के आधार पर पूरे समुदाय को फ्रॉड या दो कौड़ी का कहना उचित नहीं। शिक्षा में गुणवत्ता जरूरी है, पर उसके नाम पर पूरे आंदोलन को अपमानित नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन तथ्यों और परिणामों से होना चाहिए, न कि अपमानजनक टिप्पणियों से। अंजना का बयान इसी अतिसामान्‍ईकरण की मिसाल प्रतीत होता है। वस्तुत:, इस पूरे विवाद का केंद्र कोई एंकर या शिक्षक नहीं, बल्कि शिक्षा का बदलता परिदृश्य है। आज करोड़ों छात्र सीमित संसाधनों के बीच डिजिटल मंचों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे में मुख्यधारा मीडिया और डिजिटल शिक्षा जगत, दोनों से संतुलन, जवाबदेही और संवाद की अपेक्षा है। किसी शिक्षक का मूल्यांकन आरोपों या उपहास से नहीं, बल्कि उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होना चाहिए। दो कौड़ी के गुरु जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन करोड़ों छात्रों के विश्वास और आकांक्षाओं पर भी आघात हैय ऐसे में संबंधित टिप्पणी पर पुनर्विचार और खेद की अपेक्षा स्वाभाविक है। शिक्षा राष्ट्र की नींव हैय इसलिए इस पर विमर्श पूर्वाग्रह नहीं, तथ्यों और सम्मान के आधार पर होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूसी बैलेस्टिक मिसाइलों से दहल उठा कीव

## 13 की मौत, यह हाल के महीनों में मॉस्को की ओर से किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक



■ रातभर हुए इन हवाई हमलों में आवासीय इमारतें मलबे में तब्दील हो गई, जिसमें कई बच्चों सहित दर्जनों लोग घायल हुए हैं: बीबीसी

**कीव।** यूक्रेन पर रूस के मिसाइल और ड्रोन हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से नौ लोग निप्रो में और चार राजधानी कीव में मारे गए। यह हाल के महीनों में मॉस्को की ओर से किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक है। बीबीसी के अनुसार, रात भर हुए इन हवाई हमलों में आवासीय इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं, जिसमें कई बच्चों सहित दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

आपातकालीन दल कीव में मलबे के नीचे दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए तेजी से काम कर रहा है। मंगलवार तड़के यूक्रेन के अधिकतर हिस्सों में हवाई हमले के अलर्ट जारी कर दिए गए थे। मंगलवार को राजधानी कीव के केंद्र से धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए, जहां सैन्य प्रशासन प्रमुख ने बैलिस्टिक मिसाइलें दागे जाने की चेतावनी दी। वहीं, कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने निवासियों से शेल्टरों में ही रहने का आग्रह किया। सुबह-सुबह हुए इन हमलों के दौरान एक के बाद एक दर्जन से अधिक तेज विस्फोटों की आवाजों के बीच ड्रोनों की गूंज सुनी जा सकती थी। मेयर क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले के कारण एक पेट्रोल पंप, एक निर्माण स्थल, कई अपार्टमेंट ब्लॉकों और दो घरों के पास आग लग गई। पूरे शहर में बिजली गुल होने की भी रिपोर्टें हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस कार्रवाई को यूक्रेन के पिछले हमलों का जवाब बताते हुए एक बयान में कहा कि इस 'हमले के सभी उद्देश्य' पूरे कर लिए गए हैं। पिछले हफ्ते पूर्वी यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्से में एक छात्र छात्रावास पर हुए घातक हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराते हुए रूस ने 'व्यवस्थित हमला' शुरू करने की चेतावनी दी थी। वहीं, यूक्रेन का कहना था कि उसने रूस की एक सैन्य इकाई को निशाना बनाया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने सोमवार रात अपने वीडियो संबोधन में ही एक 'बड़े हमले' की आशंका जताते हुए निवासियों से हवाई हमले के अलर्ट पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया था। मंगलवार सुबह जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने रात भर चले इस हमले में 656 स्ट्राइक ड्रोन और बैलिस्टिक, क्रूज व एंटी-शिप सहित विभिन्न प्रकार की 73 मिसाइलें दागी हैं। रूसी मिसाइलों को रोकने के लिए इस्तेमाल होने वाले इंटरसेप्शन हार्डवेयर का जिक्र करते हुए यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि हमें पैट्रियट सिस्टम के लिए मिसाइलों की आपूर्ति के लिए अमेरिका से तत्काल मदद की आवश्यकता है।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाएंगे

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति शिपोकोसा पॉलुस माशातिले ने मंगलवार को यहां उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने भारत-दक्षिण अफ्रीका द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ बनाने पर सार्थक चर्चा की, जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, कौशल विकास तथा जन-से-जन संबंधों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने विकासशील देशों की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने तथा ब्रिक्स, जी-20, इब्सा और हिंद महासागर तटीय संघ जैसे बहुपक्षीय मंचों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के उपायों पर चर्चा की।



**श्रीनगर। हवाई अड्डे पर मक्का से आने वाले हज यात्रियों के पहले जत्थे का स्वागत करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।**

## जल्द शुरू हो सकता है 'अल नीनो' का खतरनाक दौर

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 'अल नीनो' का एक नया और खतरनाक दौर अगले कुछ हफ्तों में शुरू हो सकता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की मार झेल रही धरती के तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की ओर से जारी इस चेतावनी में कहा गया है कि अल नीनो के साल 2026 के बाकी महीनों में और मजबूत होने का अनुमान है, जिससे दुनिया के कई हिस्सों में भीषण और चरम मौसम देखने को मिल सकता है।कई देशों की मौसम एजेंसियों के अनुमान बताते हैं कि यह अब तक का सबसे मजबूत अल नीनो हो सकता है, जिसे विशेषज्ञ 'सुपर अल नीनो' भी कह रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध तरीके से ट्रक चलाने वाले 30 भारतीय गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे और व्यावसायिक ट्रक चलाने वाले लगभग 30 भारतीयों को एक संघीय अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि इन सभी को जल्द ही देश से निर्वासित किया जाएगा। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि 11 से 15 मई के बीच एरिजोना के युमा सेक्टर में चलाए गए 'आपरेशन चेकमेट' के दौरान सीमा गश्ती एजेंटों ने 52 लोगों को गिरफ्तार किया, जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे थे।

### अमेरिका के आयोवा में अंधाधुंध गोलीबारी सात लोगों की मौत

**आयोवा (अमेरिका)।** अमेरिका के आयोवा राज्य के मस्कटाइन में एक घरेलू विवाद के कारण गोलीबारी हुई। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस विभाग के अनुसार, बंदूकधारी ने भी खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बंद. ूकधारी की पहचान 52 वर्षीय रयान विलिस मैकफार्लैंड के रूप में की है। उसने तीन अलग-अलग स्थानों पर छह व्यक्तियों की हत्या की। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। मस्कटाइन पुलिस विभाग को दोपहर करीब 12:12 बजे गोल. ीबारी की सूचना मिली थी।

### यूएनईपी ने भीषण गर्मी से निपटने के लिए शुरू की पहल

**नैरोबी।** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते और जानलेवा मौसमी खतरों में से एक 'भीषण गर्मी' से निपटने के लिए एक नया वैश्विक अभियान शुरू किया है। विश्व पर्यावरण दिवस से ठीक पहले 'हीट एक्शन डे' पर शुरू की गई इस पहल में दुनिया भर के 50 से अधिक शहर एक साथ आए हैं। 'फिफ्टी एट फिफ्टी' नामक इस पहल का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी से निपटने की तैयारियों को मजबूत करना है।

# लेबनान पर इजरायली हमले से ट्रम्प नाराज

## इजरायल के पीएम नेतन्याहू को फोन कर फटकार लगाई, कहाः पागल हो गए हो क्या, तुरंत ये सब रोको



■ नेतन्याहू ने सेना को लेबनान में अपने जमीनी अभियान का विस्तार करने का निर्देश दिया है
■ इजरायल ने नबातिएह शहर के निकट एक रणनीतिक पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक ब्यूफोर्ट किले पर भी कब्जा कर लिया है

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंज. मिन नेतन्याहू को लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए संयम बरतने की सलाह दी है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प ने टेलीफोन पर बातचीत में नेतन्याहू को 'पागल' बताया और उन पर कृतघ्न होने का आरोप लगाया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बातचीत के दौरान एक समय ट्रम्प ने ऊंची आवाज में पूछा कि आप आखिर कर क्या रहे हैं? यह कथित बातचीत उस समय हुई जब नेतन्याहू ने इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) को बेरूत के दाहिएह क्षेत्र में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला करने का आदेश दिया था। इजरायली सेना द्वारा जमीनी अभियान तेज किए जाने और वर्षों में पहली बार लेबनान के भीतर अधिक गहराई तक प्रवेश करने के कारण दक्षिणी लेबनान में हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। नेतन्याहू ने रविवार को जारी एक बयान में कहा था कि उन्होंने सेना को लेबनान में अपने जमीनी अभियान का विस्तार करने का निर्देश दिया है। इजरायल ने नबातिएह शहर के निकट एक रणनीतिक पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक ब्यूफोर्ट किले पर भी कब्जा कर लिया है। इजरायली सेना ने इससे पहले 1982 में इस 12वीं शताब्दी के किले पर कब्जा किया था और लेबनान से वापसी करने तक 18 वर्षों तक उस पर नियंत्रण बनाए रखा था। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि लेबनान में इजरायली हमले सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच हुए व्यापक युद्धविराम समझौते का उल्लंघन हैं। अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि ईरान और अमेरिका के बीच हुआ युद्धविराम स्पष्ट रूप से सभी मोर्चों पर लागू है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। किसी एक मोर्चे पर इसका उल्लंघन, सभी मोर्चों पर युद्धविराम का उल्लंघन माना जाएगा। इसके परिणामों के लिए अमेरिका और इजरायल जिम्मेदार होंगे। फोन वार्ता के बाद ट्रम्प ने अपनी बात. चीत को 'सकारात्मक और उपयोगी' बताया और कहा कि इजरायल बेरूत में कोई बड़ा सैन्य अभियान नहीं चलाएगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि आज मेरी बिबी नेतन्याहू से बातचीत हुई। मैंने उनसे कहा कि वे लेबनान की राजधानी बेरूत में कोई बड़ा हमला न करें। उन्होंने अपने सैनिकों को वापस मोड़ दिया।

### युद्धविराम पर सहमति होने के बावजूद के लेबनान में झड़पें जारी

**बेरूत/तेल अवीव।** अमेरिका की तैयार की गई आंशिक युद्धविराम योजना को इजरायल और हिजबुल्ला दोनों पक्षों की ओर से स्वीकार किए जाने के बाद भी लेबनान में जमीनी स्तर पर संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। समझौते की घोषणा के बावजूद आज भी अलग-अलग इलाकों में दोनों पक्षों के बीच भीषण झड़पें जारी रहीं। बीबीसी ने सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट की है कि दक्षिणी लेबनान और सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं। इजरायली सेना और हिजबुल्ला के लड़ाके कई मोर्चों पर आमने-सामने हैं। इस कारण इस शांति समझौते के टिके रहने पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। इस आंशिक युद्धविराम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में जारी मानवीय संकट को कम करना और पूर्ण शांति के लिए रास्ता तैयार करना था। हालांकि जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है, जहां दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। राजनयिक हलकों में चिंता जताई जा रही है कि यदि इन झड़पों को तुरंत नहीं रोका गया तो स्थिति एक बार फिर पूरी तरह नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

## इजरायली हमलों से गाजा में मृतक संख्या बढ़कर 72938 हुई



■ पिछले 48 घंटों के दौरान सात शवों और 25 घायलों को गाजा के अस्पतालों में लाया गया

**गाजा।** फलस्तीन के गाजा पट्टी क्षेत्र पर इजरायल के हमले निरंतर जारी है और इन हमलों से गाजा में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 72938 पहुंच गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान सात शवों और 25 घायलों को गाजा के अस्पतालों में लाया गया है।

मंत्रालय के अनुसार पिछले साल 11 अक्टूबर को युद्धविराम लागू होने के बाद से अब तक गाजा में 929 लोगों की मौत हो चुकी है और 2811 अन्य घायल हुए हैं। इसके अलावा मलबे के नीचे से 781 शवों को भी निकाला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सात अक्टूबर 2023 से अब तक गाजा में मृतकों की कुल संख्या 72938 और घायलों की संख्या 172919 तक पहुंच गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल ने अमेरिका के समर्थन से सात अक्टूबर 2023 को गाजा पट्टी के निवासियों के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। हालांकि, वह हमास आंदोलन को समाप्त करने और इजरायल के बंदियों की वापसी सुनिश्चित करने के अपने घोषित उद्देश्यों को हासिल करने में विफल रहा और अंततः हमास के साथ युद्धविराम पर सहमत होना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, युद्धविराम लागू होने के बाद भी इजरायल ने इसके कुछ प्रावधानों को लागू करने से इनकार किया है और गाजा पट्टी पर अपने सैन्य अभियान जारी रखे हैं।

# एक भी मोर्चे पर युद्धविराम का उल्लंघन पूरे समझौते का उल्लंघनः अराघची



■ युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के परिणामों की जिम्मेदारी अमेरिका और इजरायल पर होगी

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच हुए युद्धविराम का किसी भी एक मोर्चे पर उल्लंघन पूरे युद्धविराम समझौते का उल्लंघन माना जाएगा, जिसमें लेबनान भी शामिल है। अराघची ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह युद्धविराम बिना किसी अस्पष्टता के सभी मोर्चों पर लागू एक व्यापक युद्धविराम है, जिसमें लेबनान भी शामिल है।

उन्होंने लिखा कि इस युद्धविराम का किसी एक मोर्चे पर किया गया कोई भी उल्लंघन सभी मोर्चों पर युद्धविराम के उल्लंघन के रूप में माना जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के परिणामों की जिम्मेदारी अमेरिका और इजरायल पर होगी। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब लेबनान में युद्धविराम लागू होने के बावजूद इजरायल की ओर से हमले जारी हैं। ईरानी समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों ने दक्षिणी लेबनान के कस्बों और गांवों पर हमले जारी रखे हैं, जिनमें घरों और नागरिकों को निशाना बनाया गया। इसे युद्धविराम का बार-बार उल्लंघन बताया गया है।

### ईरान ने उत्तरी इजरायली निवासियों को इलाका खाली करने की दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरान ने इजरायल के कब्जे वाले उत्तरी इलाकों के लोगों को चेतावनी दी है कि अगर इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला किया तो वे तुरंत यहां से निकल जाएं ईरानी समाचार एजेंसी के अनुसार, 'खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर' की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियाह के साथ-साथ खुद लेबनानी राजधानी पर भी बमबारी करने की धमकी दी है।

# सैनिकों की कमी से जूझ रहे इजरायल में बवाल

## सैन्य भर्ती के खिलाफ कट्टरपंथी यहूदी सड़कों पर उतरे, हिंसा प्रदर्शन के साथ-साथ आगजनी



■ भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और घुड़सवार बल का सहारा लेना पड़ा

**तेल अवीव।** इजरायल में अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में हजारों अति-रूढ़िवादी (अल्ट्रा- आर्थोडाक्स) यहूदियों ने देशभर में प्रदर्शन किया। जिससे हिंसा और बवाल की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सड़कों और रेल मार्गों को अवरुद्ध कर दिया तथा कई स्थानों पर वाहनों में आग लगा दी, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। इजरायली पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख चौराहों को जाम कर दिया और एक स्थान पर बस से उतरे एक सैनिक पर भी हमला किया।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और घुड़सवार बल का सहारा लेना पड़ा। विरोध प्रदर्शन के कारण यरुशलम और तेल अवीव महानगरीय क्षेत्र समेत देश के मध्य हिस्से में यातायात व्यवस्था लगभग ठप हो गई। कई राजमार्ग बंद कर दिए गए और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित रहीं। इजरायल में अधिकांश यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। हालांकि, राजनीतिक रूप से प्रभावशाली अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय को लंबे समय से धार्मिक शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के आधार पर सैन्य सेवा से छूट मिलती रही है। अब इस छूट पर खतरा मंडरा रहा है। कई आम इजरायली नागरिक इस व्यवस्था से नाराज हैं, क्योंकि लगातार सैन्य अभियानों के चलते इजरायली सेना सैनिकों की कमी से जूझ रही है, जिससे सेना पर दबाव बढ़ रहा है। इस बीच भी अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय के अधिकांश युवा भर्ती से बाहर रहते हैं। यही मुद्दा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के लिए भी संकट बन गया है। अल्ट्रा-आर्थोडाक्स दलों द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद समय से पहले चुनाव की आशंका भी बढ़ गई है। संसदीय समिति के आंकड़ों के अनुसार, हर साल करीब 13000 अल्ट्रा-आर्थोडाक्स युवा 18 वर्ष की भर्ती आयु तक पहुंचते हैं, लेकिन इनमें से 10 प्रतिशत से भी कम सेना में शामिल होते हैं।

सैनिकों की भारी कमी से जूझ रही इजरायली सेना अनिवार्य सैन्य सेवा की अवधि बढ़ाने पर विचार कर रही है। वर्तमान में अधिक. ांश यहूदी पुरुषों को लगभग तीन वर्ष और महिलाओं को दो वर्ष की अनिवार्य सैन्य सेवा देनी होती है, जिसके बाद रिजर्व ड्यूटी भी करनी पड़ती है। यरुशलम में प्रदर्शनकारी इजरायल ट्रापर ने कहा, श्यह समुदाय इसे अपने अस्तित्व की लड़ाई मानता है। सेना में शामिल होने का मतलब धर्म से समझौता करना है। हम अपना धर्म नहीं छोड़ना चाहते, इसलिए यह हमारे लिए जीवन-मरण का सवाल है। कई प्रदर्शनकारियों ने ऐसे पोस्टर भी उठाए जिन पर लिखा था कि हम जियोनिस्ट बनकर जीने से बेहतर यहूदी बनकर मरना पसंद करेंगे।

# डोनाल्ड ट्रम्प सरकार को बड़ा झटका

## संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों ने ट्रांसजेंडर सैनिकों को प्रतिबंधित करने को अवैध करार दिया



■ संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों के एक विभाजित पैनल ने यह फैसला सुनाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन की वह नीति, जिसके तहत ट्रांसजेंडर सैनिकों को सैन्य सेवा से बाहर रखा गया था, अवैध है। संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों के एक विभाजित पैनल ने यह फैसला सुनाया। अमेरिकी अपील अदालत के डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया सर्किट के तीन न्यायाधीशों के पैनल के बहुमत वाले फैसले में मार्च 2025 में वाशिंगटन डीसी की अमेरिकी जिला न्यायाधीश एना रेयेस के फैसले को बड़े पैमाने पर बरकरार रखा गया।

रेयेस ने अपने फैसले में कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का ट्रांसजेंडर सैनिकों को सैन्य सेवा से बाहर करने संबंधी कार्यकारी आदेश संभवतः उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। रेयेस द्वारा छह सक्रिय ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों और सेना में शामिल होने की इच्छा रखने वाले दो अन्य लोगों की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक निषेधाज्ञा जारी किए जाने के बाद प्रशासन ने इसके खिलाफ अपील की थी। अपील अदालत के बहुमत ने फैसला दिया कि निषेधाज्ञा का दायरा सीमित किया जाए और यह केवल उन वादियों पर लागू हो जो वर्तमान में सेना में सेवा दे रहे हैं। सेना में शामिल होने की कोशिश कर रहे लोगों को इसमें शामिल नहीं किया गया। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा, जिससे ट्रम्प प्रशासन को पूरे अपील न्यायालय से मामले की सुनवाई कराने का अनुरोध करने के लिए समय मिल जाएगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट पिछले वर्ष ट्रांसजेंडर सैन्य प्रतिबंध को लागू रहने की अनुमति दे चुका है, जबकि इस मामले से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया अभी जारी है। इस प्रतिबंध को चुनौती देने वाला एक अन्य मुकदमा वाशिंगटन राज्य में भी दायर किया गया था, जिसमें अदालत ने नीति को चुनौती देने वाले वादियों के पक्ष में फैसला सुनाया था। जनवरी 2025 में ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कहा गया था कि ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों की यौन पहचान श्एक सैनिक की सम्मानजनक, सत्यनिष्ठ और अनुशासित जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता से टकराती है, यहां तक कि उसके निजी जीवन में भी और यह सैन्य तैयारियों के लिए हानिकारक है।

# हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा का प्रस्ताव

■ भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने किया समर्थन अमेरिका ने 40 लाख से ज्यादा हिंदुओं का किया स्वागत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक प्रमुख सांसद ने प्रतिनिधि सभा के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें हिंदू-अमेरिकी समुदाय के देश की अर्थव्यवस्था में योगदान का सम्मान किया गया है। इसके साथ ही हिंदूफोबिया, हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह और मंदिरों पर हमलों की निंदा की गई है।

इस प्रस्ताव का समर्थन सोमवार को डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने किया। इसे मिशिगन से भारतीय मूल के डेमोक्रेट सांसद थानेदार ने पेश किया था। 24 जनवरी 2025 को पेश किए गए इस प्रस्ताव को अब तक 32 सांसदों का समर्थन मिल चुका है। इनमें राजा कृष्णमूर्ति और सुहास सुब्रमण्यम भी शामिल हैं। कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस प्रस्ताव के समर्थन की घोषणा की। रो खन्ना ने अपनी पोस्ट में कहा कि मुझे सांसद थानेदार के विधेयक **H-Res-69** का सह-प्रायोजक बनने पर गर्व है। यह प्रस्ताव अमेरिका में हिंदू-अमेरिकी समुदाय के निरंतर योगदान और उसकी जीवंत विविधता का सम्मान करता है, जबकि हम अपने देश के बहुजातीय लोकतंत्र को और मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है, जिसके 100 से अधिक देशों में 1.2 अरब से ज्यादा अनुयायी हैं। इसमें जिक्र किया गया है कि हिंदू धर्म विभिन्न परंपराओं और आस्था प्रणालियों का समूह है, जो स्वीकार्यता, पारस्परिक सम्मान और शांति जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108